CMYK

सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-237 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 18 फरवरी 2025
19 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित, बजट सत्र को लेकर चर्चा

# सदन में जनहित के मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा से होगा प्रदेश का विकास : योगी

- यूपी विधानसभा का बजट सत्र आज से
- उत्तर प्रदेश विधानसभा के मुख्य द्वार का सीएम ने किया उद्घाटन



**लखनऊ।** विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ होगा। इसके पूर्व सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि बजट सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसमें राज्य सरकार आगामी वित्तीय वर्ष की योजनाओं एवं नीतियों का खाका प्रस्तुत करती है। उन्होंने सभी दलीय नेताओं से अनुरोध किया कि वे सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा बनाए रखते हुए सकारात्मक चर्चा करें। इस पर सभी दलीय नेताओं ने सदन के संचालन में सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में विधान भवन के नये लगाए गए मुख्य द्वार एवं भित्तिचित्र का अनावरण भी किया। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहाकि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारू रूप से चर्चा होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से विनोद सरोज आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में नए मुख्य चुनाव आयुक्त पर मंथन

- प्रधानमंत्री और राहुल गांधी रहे मौजूद
- कांग्रेस ने सीईसी की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए



**नई दिल्ली।** देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर आज पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई है। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए हैं। बता दें कि, मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कल (18 फरवरी) को खत्म हो रहा है। वहीं उम्मीद की जा रही है कि सीईसी राजीव कुमार के बाद सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जा सकता है। अब तक सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया जाता था। हालांकि, पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू हुआ। इसके तहत एक खोज समिति ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्ट लिस्ट किया था, ताकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति उन पर विचार कर सके। पीएम, लोकसभा में नेता विपक्ष और पीएम की तरफ से नामित एक कैबिनेट मंत्री एक नाम को मंजूरी देते हैं। इसके बाद राष्ट्रपति नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगी। वहीं इसे लेकर कांग्रेस की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसे कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और अजय माकन ने संबोधित किया।

## न्यूज डायरी

### महाकुंभ के सेक्टर-08 में लगी आग

**महाकुम्भनगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में सोमवार को एक बार फिर से आग लगने की घटना सामने आयी। कुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 08 स्थित बजरंग दास मार्ग पर स्थित श्री कपि मानस मंडल शिविर में आग लग गई। आग लगने से टेंट व अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। महाकुम्भ में आग लगने की यह पांचवी घटना है। फायर ब्रिगेड के अनुसार उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में टेंट में आग जल रही थी, जिसे तत्काल फायर यूनिटों द्वारा गाड़ियों से पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझाकर शांत किया। यहीं से आग कपि मानस मंडल के शिविर में लगी है। आग की चपेट में आने से कवि मानस मंडल के तीन टेंट और उपभोक्ता संरक्षण समिति के दो से तीन टेंट जलकर राख हो गए।

### बातचीत के लिए तैयार हुआ रूस

**मॉस्को।** लंबे समय से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के खत्म होने के आसार नजर आने लगे है। रूस बातचीत के लिए तैयार हो गया है। क्रेमलिन का कहना है कि शीर्ष रूसी अधिकारी मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन में युद्ध के मुद्दे पर बातचीत करेंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए रवाना होंगे। दोनों पक्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की तैयारियों पर भी बातचीत करेंगे।

### बुलडोजर कार्रवाई से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवंबर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है। 13 नवंबर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए?

# पीएम मोदी ने कतर के अमीर अल-थानी का एयरपोर्ट पर किया जोरदार स्वागत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परंपरा से हटकर, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे। अल-थानी सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं।

कतर के अमीर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने पूर्व में कहा था कि अल-थानी प्रधानमंत्री मोदी के आमंत्रण पर भारत दौरे पर आ रहे हैं। कतर के अमीर की भारत की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह मार्च 2015 में भारत आए थे।

भारत और कतर के बीच मैत्री, विश्वास और पारस्परिक सम्मान पर आधारित गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं। दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में संबंध लगातार मजबूत हुए हैं।

# चीन हमारा दुश्मन नहीं: पित्रोदा

- बयान से देश की सियासत में गर्माहट तेज
- चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है : सैम पित्रोदा

**नई दिल्ली।** अपने बयान को लेकर चर्चा में रहने वाले कांग्रेस के विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक फिर अपने बयान से देश की सियासत गर्माहट तेज कर दी है।

उन्होंने कहा कि चीन हमारा दुश्मन नहीं है। साथ ही उन्होंने चीन से खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाने का दावा करते हुए कहा कि भारत को चीन को दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। अपने बयान को लेकर चर्चा में रहने वाले कांग्रेस के विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक फिर अपने बयान से देश की सियासत गर्माहट तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन हमारा दुश्मन नहीं है। साथ ही उन्होंने चीन से खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाने का दावा करते हुए कहा कि भारत को चीन को दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए।

**विवादों के सैम पित्रोदा**

पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और भारत का दृष्टिकोण हमेशा टकरावपूर्ण रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि देशों को एक-दूसरे से सहयोग करना चाहिए, न कि टकराव। हमें इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है और यह मानना बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही दुश्मन है।

### भाजपा ने कांग्रेस के मानसिकता पर उठाए सवाल


भाजपा ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन पर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत के लिए चीन से खतरे को कम करके आंका है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पित्रोदा की यह टिप्पणी कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाती है, और यह चीन के समर्थन में उनके नेताओं द्वारा किए गए बयानों से मेल खाती है। त्रिवेदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि अमेरिका से भारत में फंडिंग की जाती है, जिसका इस्तेमाल चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर पाकिस्तान से रिश्ते रखने का भी आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कांग्रेस से इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण देने की मांग की।



# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

- रिक्टर स्केल पर 4.3 थी तीव्रता
- भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था।



दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के कारण लोगों के घरों के छत के पंखे तेज से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निगल आये। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह के जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। इस बीच प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के निवासियों से शांत रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ÷दिल्ली और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से किया सुरक्षा उपायों का पालन करने का आग्रह



राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप से फिलहाल किसी प्रकार की क्षति होने या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। उन्होंने सभी से शांत रहने और सुरक्षा उपायों का पालन करने का आग्रह किया और साथ ही संभावित झटकों के लिए सतर्क रहने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। भूकंप का केंद्र धौला कुआं के झील पार्क क्षेत्र में था और वहां कुछ लोगों को भूकंप के बाद तेज आवाज सुनाई देने की खबरें हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप के झटके सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए। दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमें उम्मीद है कि आप सभी सुरक्षित हैं, दिल्ली!'' दिल्ली पुलिस ने लोगों से आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करने का भी आग्रह किया।

# नई दिल्ली स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री बंद

- 26 फरवरी तक लागू रहेगा आदेश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद बड़ा फैसला लिया गया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री को बंद कर दिया गया है। ये आदेश 26 फरवरी तक लागू रहेगा। बताया जा रहा है कि भगदड़ के बाद से एनडीएलएस पर कोई प्लेटफॉर्म टिकट जारी नहीं किया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने यह फैसला हादसे के बाद भीड़ को देखते हुए लिया है। यात्रियों को असुविधा न हो उसके लिए आरपीएफ और टीटी को हर एंट्री पॉइंट पर तैनात किया गया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ में 18 लोगों की मौत होने के बाद स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रयागराज की ओर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए, भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए आज पांच अतिरिक्त विशेष ट्रेनें निर्धारित की हैं। बता दें कि स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। इस घटना में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हताहत लोगों के लिए रेलवे ने मुआवजा देने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि भगदड़ की घटना के प्रभावित लोगों को मुआवजे की घोषणा की गई है।

# 20 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे दिल्ली के नए सीएम की होगी ताजपोशी


- रामलीला मैदान में तैयारियां शुरू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के रामलीला मैदान में 20 फरवरी को शपथ लेने की संभावना है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे होने की संभावना है।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों की एक बैठक भी होगी। सूत्रों ने बताया कि बैठक के बाद सभी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि अब भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार को होगी। विधायक दल की बैठक में नेता का चयन किया जाएगा जो दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह के ब्योरे पर भी चर्चा की जाएगी। भाजपा पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में आई है। भाजपा ने शानदार जीत के साथ दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन को खत्म कर दिया। भाजपा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 48 पर जीत हासिल की। मुख्यमंत्री पद के लिए कई नवनिर्वाचित विधायकों के नाम चर्चा में हैं। शीर्ष पद के लिए सबसे आगे माने जाने वालों में प्रवेश वर्मा, भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय शामिल हैं। वर्मा ने विधानसभा चुनाव में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पराजित किया था। वह जाट बिरादरी से आते हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है। पवन शर्मा, आशीष सूद, रेखा गुप्ता और शिखा राय सहित अन्य को भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी में कई नेताओं का मानना है कि राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ की तरह भाजपा नेतृत्व नवनिर्वाचित विधायकों में से किसी एक पर दांव लगा सकता है।

# रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे राहुल गांधी



**रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी का संभावित दौरा 20 फरवरी से है। इसे लेकर तैयारी तेज हो गई है। खासकर नगर पालिका चेयरमैन ने शहर के विकास को लेकर एजेंडा तैयार किया है जिस पर वह राहुल गांधी से बात करेंगे। सिटी रिसोर्स सेंटर को चालू कराने के लिए पूरा जोर लगाया जाएगा। साथ ही सांसद से इस मुद्दे को लोकसभा में उठाना को कहा जा सकता है। साथ ही नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज को खोले जाने की बात रखी जा जाएगी। वहीं कांग्रेस की कमजोर कड़ियों को लेकर भी सांसद पार्टी के पदाधिकारियों से बात करने के साथ जिले के विकास कार्यों पर भी चर्चा करेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों से भी वह विकास कार्यों और पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों पर रिपोर्ट ले सकते हैं। सांसद के रायबरेली में आने की चर्चा के साथ प्रशासन स्तर से सुरक्षा की तैयारी की जाने लगी है। सांसद निर्वाचित होने के बाद राहुल गांधी के एजेंडे में जिले का विकास रहा है। यही कारण है कि पिछले साल नवंबर माह में दिशा की बैठक में उन्होंने 83 विकास कार्यों की जांच कराने के निर्देश दिए थे।

# आयकर राहत का मतलब पूंजीगत व्यय से सरकार का ध्यान हटना नहीं : वित्तमंत्री

**चालू वित्तीय वर्ष में प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान**

**नई दिल्ली।** बजट 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही।

वित्त मंत्री की यह प्रतिक्रिया बजट 2025-26 में सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को आयकर के दायरे से बाहर रखने के बाद यह बहस शुरू होने के बाद आई है कि सरकार ने लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी के आंकड़ों में धीमी वृद्धि को देखते हुए खपत को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। मुंबई में हितधारकों के साथ बजट के बाद की बातचीत में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर दिया गया है, सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय प्रावधानों में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि व्यापक तस्वीर यह है कि कोविड के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए सार्वजनिक व्यय पर बना हुआ है। इस बार, बजट 2025 में पूंजीगत व्यय पर खर्च का प्रस्ताव 10.2 प्रतिशत अधिक और लगभग 16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें पीएसयू पूंजीगत व्यय भी शामिल है। सरकार ने खुद 2025-26 के लिए 11.21 लाख रुपये का पूंजीगत व्यय बजट में रखा है। 2024-25 के संशोधित अनुमानों में 13.18 लाख करोड़ के मुकाबले प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ होने का अनुमान है। प्रभावी पूंजीगत व्यय में मुख्य पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को दिया जाने वाला सहायता अनुदान शामिल हैं। हालांकि पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान को बजट में राजस्व व्यय के रूप में शामिल किया जाता है, लेकिन वे राज्यों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर खर्च होते हैं।

# जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई

## 2024-25, मूल आय व्ययक 2025-26 सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे विस्तृत चर्चा के उपरान्त स्वीकृत किया गया

■ जिला पंचायत की निर्माण कार्य समिति व नियोजन एवं विकास समिति की बैठक का ■ मुख्य विकास अधिकारी ने सदन को आश्वस्त किया कि ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर आवागमन हेतु ठीक कराया जायेगा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को दोपहर 12:30 बजे जिला पंचायत के साभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक आहूत हुई। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह ने किया बैठक में मुख्य रूप से गोला विधायक अमन गिरि, पलिया विधायक रोमी साहनी के प्रतिनिधि बृजेश सिंह ब्लाक प्रमुख गण सहित मिथलेश सिंह, सूरज सिंह, रजीउल्ला, पूनम सिंह,बिलकिस बेगम, संदीप वर्मा आदि जिला पंचायत के रदरयगण व जनपद रतरीय अधिकारीगण मौजूद रहे बैठक में जिला पंचायत का पुनरीक्षित आय व्ययक वर्ष 2024-25, मूल आय व्ययक 2025-26सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे विस्तृत चर्चा के उपरान्त स्वीकृत किया गया। जिला पंचायत की निर्माण कार्य समिति व नियोजन एवं विकास समिति की बैठक का अनुमोदन किया गया आगामी वितीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला निधि, पन्द्रहवां वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष तैयार कार्ययोजनाओं को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बैठक में जिला पंचायत भूमियों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने हेत चिन्हित कर दुकान या बाउण्ड्रीवाल निर्माण किये जाने पर विचार किया गया। सूरज सिंह, बिलकिस बेगम, पूनम सिंह आदि ने कहा कि जिला पंचायत के अनुदान से सदस्यों प्रस्तावों पर भी कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो पाते हैं ऐसी स्थिति में जनसुनवाई पोर्टल व याचिका समिति तथा जिला पंचायत बोर्ड के अतिरिक्त अन्यमाध्यमों से प्राप्त प्रस्तावों को ध्वनि मत से खारिज किया गया बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप डालने के उपरान्त गड्ढा न पाटने का मामला भी सदन में जोर शोर से उठा मुख्य विकास अधिकारी ने सदन को आश्वस्त किया कि ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर आवागमन हेतु ठीक कराया जायेगा गजमोचन नाथ मंदिर के पास ट्यूबेल लगाये जाने की मांग बिलकिस बेगम द्वारा किया गया पूनम सिंह द्वारा समस्त राजस्व ग्रामों को सम्पर्क मार्ग से जोड़ने हेत प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मार्ग निर्माणकार्यों हेतु ऐसे समस्त राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराये जाने तथा जनपद में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत सर्वे में पात्र परिवारों की सूची दिये जाने हेतु जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया।

गोला विधायक अमन गिरि ने सदन को अवगत कराया कि दिनांक 22 फरवरी को मुख्यमंत्री गोला कॉरीडोर व चीनी मिल के शिलान्यास हेतु आने वाले है इसके निर्माण से जनपद में रोजगार का सजन होगा।अन्त में जिला पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त कर बैठक के समापन की घोषणा की।



## 08 नफर वारन्टी अभि.गण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न अभियोगो में 08 नफर वारन्टी अभि0गण रामप्रसाद अनीस मिश्री महेश लोनिया मनोहर लाल गुड्डू शाह अच्छे मियां 8.नरेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## लखीमपुर से लखनऊ जाने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी से भले ही प्रयागराज के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है, लेकिन फिर भी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। लखीमपुर से लखनऊ जाने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ रही। सोमवार को ट्रेनों में सीट पाना तो दूर लोगों को घुसने के लिए धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा बुजुर्ग व महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही। हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधिकारी लगे रहे, लेकिन भीड़ अधिक होने की वजह व्यवस्था लड़खड़ाती रही सोमवार को मैलानी-डालीगंज जाने वाली ट्रेन संख्या 55083 का लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का समय दोपहर एक बजे था। यह ट्रेन पहले से ही भरी थी। लखीमपुर स्टेशन पर हजारों की संख्या यात्री ट्रेन में चढ़ने के इंतजार में थे। जैसे ही वह ट्रेन लखीमपुर पहुंची तो चढ़ने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ अधिक होने की वजह से कोई अंदर घुस पाया तो कोई अंदर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। भीड़ देख कई लोगों ने न जाने का फैसला लिया। हालांकि मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे, जो यात्रियों को अंदर बिठाने का प्रयास करते रहे जिले से निजी बसें महाकुंभ जा रही हैं। लखीमपुर से रोजाना पांच से सात बसें भेजी जा रही हैं। निजी बसों से खूब यात्री जा रहे हैं, लेकिन रोडवेज बसों को सवारियां नहीं मिल पा रही हैं। निजी बस का लखीमपुर से प्रयागराज का किराया दोनों तरफ का 650 से 700 रुपये है, जबकि रोडवेज का किराया दोनों तरफ का एक हजार से अधिक है।

## ट्रक से टकराई भाजपा जिलाध्यक्ष की कार

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र में पुलिस चौकी सिकंदराबाद के निकट रात सीतापुर के भाजपा जिलाध्यक्ष की कार ट्रक से टकरा गई। कार में उनके साथ सीतापुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विभाग प्रचार, ड्राइवर और दो गनर भी थे। गनीमत रही कि कार सवार लोगों को हल्की चोट ही आई सीतापुर के भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और सीतापुर आरएसएस के विभाग प्रचारक अभिषेक कुमार फॉर्च्यूनर कार से किसी वैवाहिक समारोह में रविवार रात सिकंदराबाद आए थे। कार में चालक और दो गनर भी थे। देर रात वापसी में सिकंदराबाद पुलिस चौकी के पास उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार सवारों को हल्की चोट आई। हादसे के बाद कार मौके पर ही खड़ी कर भाजपा जिलाध्यक्ष और संघ प्रचारक समेत सभी लोग किसी अन्य वाहन से सीतापुर रवाना हो गए।

## एक ही घर में हुई दो मौतों से परिवार में मचा कोहराम

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हाईवे 730 पर बाइक से टकरा कर बहू की मौत हो गई। इस खबर के बाद सास की तबीयत भी बिगड़ गई और उसकी भी सांसे थम गई। एक ही घर में हुई दो मौतों से परिवार में कोहराम मचा है। रजागंज कस्बा निवासी अनिल कुमार वर्मा अपनी पत्नी 32 वर्षीय चांदनी देवी और कई परिजनों के साथ कस्बे में ही चल रहा मेला धनुष यज्ञ देखने गए थे। जहां से वह सभी रात लगभग 10 बजे वापस लौट रहे थे कि कस्बे में ही नेशनल हाईवे 730 पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा के सामने गोला की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने अनिल कुमार वर्मा की पत्नी चांदनी को जोरदार टक्कर मार दी। चांदनी की साड़ी बाइक के अगले पहिए में फंस गई जिससे वह गिरी और काफी दूर तक घिसट गई। चांदनी को तत्काल गोला सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहू की मौत की सूचना पाकर 49 वर्षीय सास पूनम वर्मा सदमे में आ गई। परिजनों का कहना है कि सदमे के कारण पूनम की हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया है। पुलिस ने चांदनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## ट्रक से टकराई अल्टो कार, कार में सवार पिता पुत्र घायल

**लखीमपुर-खीरी।** गोला सिकन्दबाद रोड पर ग्राम निजामपुर के पास रविवार देर रात ट्रक की टक्कर से अल्टो कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार पिता पुत्र घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नंगापुर निवासी 35 वर्षीय शिवम मिश्रा अपने 6 वर्षीय बेटे हर्ष को लेकर कार से गोला जा रहे थे। देर रात हैदराबाद थाना क्षेत्र में ही वह जैसे ही गोला सिकंद्राबाद रोड पर निजामपुर गांव के निकट पहुंचे कि तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक मय वाहन भगा निकला। राहगीरों और ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे शिवम मिश्रा और उनके बेटे हर्ष को किसी तरह बाहर निकालकर इलाज के लिए अपनी गाड़ी से सीएचसी लाए।

## सपा नेता की गिरफ्तारी के विरोध में सपा व्यापार सभा ने राज्यपाल के लिए सोपा ज्ञापन

**आगरा।** लखनऊ में सपा की व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल को शुक्रवार देर रात पुलिस घर से उठा ले गई। इसे लेकर सपा विरोध में उतर आई है। इसी कड़ी में समाजवादी व्यापार सभा द्वारा आगरा में जिला एवं महानगर के नेतृत्व में संयुक्त रूप से राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल पर मुकदमा लगाकर जेल भेजने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रदेश सचिव नितिन कोहली ने कहा ये व्यापारियों की कहे जाने वाली सरकार व्यापारियों को परेशान कर रही है और फर्जी मुकदमे लगाने का कार्य कर रही है,जबकि अभी लोहामंडी आगरा में व्यापारियों को नगर निगम के गुंडों द्वारा लाठी डंडों से पीटा गया तो मुकदमा नहीं लिख गया है ।व्यापार सभा के प्रदेश सचिव राकेश अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापारियों पर उत्पीड़न नहीं सहेंगे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल जी सरकार की व्यापार विरोधी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से लड़ने का कार्य कर रहे थे न कि कोई अपराध , विनय अग्रवाल जी ने कहा हम सभी समाजवादी व्यापार सभा के लोग व्यापारियों पर उत्पीड़न नहीं होने देंगे। वही जिलाध्यक्ष राजीव पोद्दार व महानगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता ने कहा कि अगर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऊपर लगे फर्जी मुकदमा नहीं हटाया तो हम व्यापार सभा जेल भरने का कार्य करेंगे। इस दौरान सपा व्यापार सभा के नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

## आगरा में 18 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक पर्व के चलते धारा 163 बीएनएसएस लागू

**आगरा।** आगरा में आगामी त्योहारों व होने वाले कार्यक्रमों को देखते हुए धारा 163 बीएनएसएस लागू किया गया। आगरा पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देश दिए हैं। इसके तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बिना पूर्वानुमति प्राप्त किये किसी सार्वजनिक स्थल पर एकत्रित नहीं होंगे, किसी प्रकार का प्रदर्शन, बिना कोई अनुमति झांकी, जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

19 फरवरी को शिवाजी जयंती, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, एक मार्च को रमजाान माह की शुरुआत, 13 मार्च को होली का त्योहार, 30 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ, 31 मर्च को ईद उल फितर, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती, 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती और 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे को सकुशन संपन्न कराने व उक्त अवसरों व त्योहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व आगरा की शान्ति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर सकते है व जनभावना को उद्वेलित करके भड़का सकते है, जिससे शान्ति व्यवस्था भंग हो सकती है।

# एसडीएम न्यायिक अध्यक्षता में किया गया आकांक्षा समिति की बैठक का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** उपजिलाधिकारी न्यायिक कल्पना जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को आकांक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। बैठक में सम्बंधित नोडल अधिकारिओं द्वारा आकांक्षा समिति के नवीन सदस्यों को समिति के नवीन उद्देश्यों से परिचित कराते हुए समिति के कार्यों को बढाने के साथ ही महिला स्वावलंबन, उद्यमिता व नवीन कार्य योजनाओं पर कार्य करने हेतु जोर दिया गया।

समिति के निर्देशन में संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बैठक के दौरान उनके समूह द्वारा गाय के गोबर से बनाए गए उत्पादों, जरी जरदोजी के उत्पादों, खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें नवीन आगंतुक सदस्यों द्वारा विशेष रूचि ली गयी। बैठक के दौरान समिति सदस्यों द्वारा महिला विद्यालयों में कैम्प के माध्यम से सेल्फ डिफेंस सिखाये व महिलाओं में टेक्नीकल अवेयरनेस को बढाए जाने पर भी जोर दिया।

इससे पूर्व समिति के माध्यम से उच्च गुणवता के पोषण हेतु समिति के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में ही एक अन्नदा रसोई खोले जाने का निर्णय लिया गया था, जिसका उद्देश्य समाज में असहाय व अल्प आय धारी लोगों को उच्च गुणवत्ता का भोजन कम मूल्य में उपलब्ध कराना है, जो कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले लोगों को 10 रुपए में भर पेट भोजन उपलब्ध करा रहा है।

## डीएम एसएसपी ने किया देर रात्रि किया रेलवे स्टेशन तथा बस अड्डे का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने रविवार की देर रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने महाकुंभ यात्रियों के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को क्राउड मैनेजमेंट पर कार्य करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ जैसे महापर्व में जा रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशन व बस अड्डे में समुचित सफाई व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को नियमित रूप से रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण कर दी जारी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के रखने के लिए कहा। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## महाकुंभ में मां गंगा का स्नान कर उठाये धर्मलाभः महापौर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि महाकुंभ आस्था, विश्वास, सौहार्द और संस्कृतियों के मिलन का महापर्व है। शास्त्रों में ऐसा वर्णन है कि जो भी भक्त माघ प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करें तो पाप नष्ट हो जाते हैं और अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है।

महापौर अजय कुमार सिंह ने आज सपत्नि संग प्रयागराज में मां गंगा के संगम स्थल पर आस्था की डुबकी के पश्चात अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य के जीवन में पितृ कृपा, देव कृपा ओर उसके स्वयं के पुण्य बढ़ते है तभी ऐसे अवसर प्राप्त होते है। महापौर डा.अजय सिंह ने कहा कि 144 साल बाद ऐसा संयोग मिला है, इसलिए महाकुंभ में मां गंगा का स्नान कर धर्मलाभ उठायें, क्योंकि यह हमारी आस्था से जुड़ा है। हमारी अनगिनत आध्यात्मिक और सामाजिक चेतनाएं, जिनके बलबूते हम अपनी परंपराओं को बखूबी निभाते हुए अपनी बनावट और मंजावट करते आए हैं। अथक प्रवाहमान इस यात्रा में नदियों की आवाजें भी शामिल हैं, जिन्हें सुनने स्वयं कुंभ आता है तो कुंभ में शामिल होने का स्वप्न संजोए लाखों-करोड़ों लोग भी आते हैं। इस अद्भुत, अप्रतिम, अलौकिक यात्रा में शामिल होना गौरव की बात है। महापौर के साथ गये प्रमुख समाजसेवी कर्नल संजय मिड्ढा एवं उनकी पत्नी प्रमुख समाजसेविका एकता मिड्ढा ने कहा कि यह मेरे पुण्य कर्मो का फल और पूर्वजों का आशीर्वाद है कि मुझे अपने इष्ट मित्रों व परिजनों के साथ महाकुंभ में संगम स्नान का यह अवसर मिला है। सभी से निवेदन है कि वे महाकुंभ में आए और पुण्य अर्जित करें। विश्वभर से आए श्रद्धालुओं के अलावा संत समागम के रूप अनेक दिव्य महात्माओं और संतों के दर्शन करने का सौभाग्य मिला।

उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने अति सुंदर व्यवस्था से मन आनंदित हो उठा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीएलआरसी एवं डीसीसी की बैठक सम्पन्न

■ बैंक शासकीय योजनाओं में ऋण देने में दिखाएं दिलचस्पीः जिलाधिकारी ■ लोन संबंधी पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से न रखा जाए लम्बित

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद के कम सीडी रेशियो वाले बैंकों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होने भारतीय स्टेट बैंक को चेतावनी देने के बाद भी कार्यशैली में सुधार न लाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पुनः उच्चाधिकारियों एवं शासन को डीओ लेटर भेजा जायेगा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देशित किया कि बैंक शासकीय योजनाओं में ऋण देने में दिलचस्पी दिखाएं। उन्होने कहा कि सभी बैंक के प्रतिनिधि पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में आएं। उन्होने सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी लम्बित प्रकरणों को निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी बैंक सकारात्मकता से कार्य कर परिणाम देने वाले बनें। सीडी रेशियो को बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्ययोजना तैयार कर कार्य करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों द्वारा दिये गये छोटे-छोटे ऋण से ही आमजन की आर्थिक समृद्धि आएगी जिससे हम अपने आर्थिक उन्नति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थियों को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से आमजन को जागरूक कर योजनाओं का लाभ बताते हुए आच्छादित किया जाए। उन्होने बैंक प्रतिनिधियों से योजनाओं के लिए दिये गये आवेदनों में स्वीकृति के उपरांत कम ऋण वितरण पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि लोन संबंधी पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाए। एलडीएम प्रवीण जमुआर ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सभी बैंकों द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा। आरबीआई प्रतिनिधि जगजीत सिंह कालरा ने बताया कि जनपद में 24 से 28 फ़रवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत सभी बैंकों द्वारा कैम्प आयोजित किए जाएंगे जिसकी मुख्य थीम महिला उत्थान रहेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, उपायुक्त उद्योग वी0के0कौशल सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि एवं सबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वाद की मंडलीय समीक्षा हुई संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर के कार्यों एवं राजस्व वाद की मंडलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई। राजस्व वादों की समीक्षा में मथुरा जिले की सबसे खराब रैंक 43 पर मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि गंभीरता से सुधार के प्रयास करने होंगे। विशेषकर 5 साल से उपर के लंबित वादों का प्रमुखता से निस्तारण किया जाए। वहीं धारा 24, धारा 67, धारा 80, धारा 101, धारा 34 और धारा 33 में मथुरा, आगरा और मैनपुरी में 3 व 5 साल से ऊपर लंबित वादों का यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही वादों के निस्तारण में समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।



कर करेत्तर की समीक्षा में वाणिज्य कर वसूली में आगरा की रैंकिंग सबसे खराब पाई गयी। निर्देश दिए गये कि मासिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयास किए जाएं तथा जिलाधिकारी आगरा स्वयं संज्ञान लेकर रैंकिंग में सुधार लाएं। स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन में भी आगरा की स्थिति में सुधार लाया जाए। परिवहन में फिरोजाबाद और आगरा तथा बाट माप में मथुरा जिले की स्थिति में सुधार लाने के साथ फिरोजाबाद और आगरा में खनिज में पूर्ण लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। विविध देय की समीक्षा में प्रति अमीन वसूली लक्ष्य बढ़ाए जाने को कहा। बड़े बकाएदारों को आरसी जारी कर वसूली की जाए। ई डिस्ट्रिक पोर्टल में समय सीमा पष्चात लंबित आवेदनों के निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में आइजीआरएस संदर्भों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस में ऋणात्मक फीडबैक के लिए आवेदक से वार्ता कर उसे संतुष्ट किया जाए। माननीय मुख्यमंत्री के संदर्भों का भी विशेष ध्यान रखा जाए। प्रदेश में सबसे खराब तहसीलों में आगरा मण्डल की वे तहसील जिनकी रैंकिंग 300 से उपर है, की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। अंत में कहा कि कर वसूली में शासन स्तर से जो लक्ष्य मिला है, इसी वित्तीय वर्ष के बचे हुए दिनों में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु गंभीरता से प्रयास किए जाएं।

## आगरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, डिजिटल अरेस्ट करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 2 शातिर गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

आगरा। आगरा की साइबर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करके लोगों के साथ ठगी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने पुलिस अधिकारी बनकर एक महिला को नशे के पदार्थ की तस्करी में फंसाने के नाम पर डिजिटल अरेस्ट किया था और बाद में उससे 2.80 लाख रुपये ठग लिए थे। साइबर थाना पुलिस ने आरिफ खान और दिव्यांश गहलोत को गिरफ्तार किया है यह दोनों कोटा, राजस्थान से है। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि एक महिला ने ठगी की शिकायत साइबर थाने पर की थी। जिसकी जांच जारी थी। आज दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये वे लोग हैं जिनके खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई गई थी। दिव्यांश गहलोत एक निजी बैंक में मैनेजर है। इसी की सहायता से आरिफ़ खान का खाता बैंक में खुला था। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि धनराशि को विदेशों में भी ट्रांसफर कराया गया है। तीन अन्य बैंक खातों की जानकारी भी मिली है। जिनके पीछे भी टीम लगा दी गई हैं। जल्द उनकी भी गिरफ़्तारी की जाएगी। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों आरिफ खान व दिव्यांश गहलोत से पूछताछ करने पर उन्होनें बताया कि वह विदेश / कंबोडिया/वियतमान आदि देशों में बैठे लोगों से सम्पर्क कर अपने साथियों के साथ संगठित होकर विभिन्न विभागों जैसे ट्राई, सी.बी.आई., ई.डी. पुलिस आदि का अधिकारी बनकर लोगों को व्हाट्सअप व टैलीग्राम आदि पर वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर पीड़ितों से भिन्न-भिन्न बैंक खातों में धनराशि को यू0पी0ई0, आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से हस्तांतरित कराकर ए0टी0एम0 या चैक बुक के माध्यम से कैश निकाल कर कमीशन का पैसा अवैध आर्थिक लाभ कमाने के लिये प्राप्त करते हैं।

## पात्र लाभार्थी अधिक से अधिक फैमिली आई.डी. बनाए जाने हेतु करें आवेदनः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी के कुशल निर्देशन में जनपद में फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान योजना के अंतर्गत फैमिली आईडी बनाए जाने का अभियान संचालित है।÷वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अध्यासित लगभग 3.6 करोड़ परिवार एवं 15.00 करोड़ व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही परिवार आईडी होगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशनकार्ड के पात्र नहीं हैं, उन्हें परिवार ऑनलाइन पोर्टल% के माध्यम से परिवार आईडी उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की जायेगी। उक्त प्रावधान से यह भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है कि फैमिली आई0डी0 बन जाने के बाद राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल पायेगा। इस सम्बन्ध में निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की जाती है कि राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जो राशन कार्ड के पात्र हैं परन्तु उनका राशन कार्ड नहीं बना है, वह फैमिली आई0डी0 पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनवा सकते हैं। फैमिली आई0डी0 बन जाने के उपरान्त पात्रतानुसार कभी भी राशनकार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। मात्र पूर्व से फैमिली आई0डी0 बने होने के कारण उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनकी पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाया जा सकता है।राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जिनकी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनायी गयी है, उन परिवारों का राशन कार्ड बन जाने के उपरांत राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आई0डी0 होगी। राशन कार्ड निर्गत होने के उपरांत राशन कार्ड की सुविधायें परिवारों द्वारा प्राप्त की जा सकेंगी।कतिपय प्रकरणों में राशनकार्ड धारक परिवार के पात्र न रह जाने की दशा में भी राशन कार्ड संख्या के पांचवी डिजिट के स्थान पर अंक 8 तथा शेष समस्त अंक राशन कार्ड संख्या की ही भांति समान रखते हुए फैमिली आई0डी0 निर्गत की जाएगी। अपनी Family ID Registration के लिए इन बातों का रखें ध्यान...




-परिवार के सभी सदस्यों का डुस्रद्धडुह होना अनिवार्य

-सभी सदस्यों का रूश्डूद्बद्यद्द हृश्र डुस्रद्धडुह से लिंक होना चाहिए

-सभी सदस्यों का मोबाइल ह्रूक्क के माध्यम से द्र-च्ड्डष्ट अनिवार्य

-ऐसे व्यक्ति जो पहले से ही किसी परिवार में जुड़े होंगे उन्हें किसी अन्य परिवार में नहीं जोड़ा जा सकता।

### डीएम ने यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए की बैठक

# नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए परीक्षा: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परिक्षाएं शासन के साथ-साथ इसमें बैठने वाले लाखों छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, हमें दोनों स्तर पर कार्य करना है। सभी अधिकारी, प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक हर वर्ष शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन कराते रहे हैं।

प्रशिक्षण में दिए गए दिशा-निर्देशों को अच्छे से आत्मसात करेंगे तो सकुशल परीक्षा संपन्न कराने में कोई समस्या नहीं होगी। शासन द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार परीक्षा की शुचिता, पवित्रता एवं गरिमा को बनाए रखते हुए नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराना है। उक्त उद्गार जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज में यू0पी0 बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए आहुत बैठक में व्यक्त किये गये। बैठक में सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट्स, केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षो से सकुशल परीक्षाएं संपन्न कराए जाने के बावजूद जिला संवेदनशील श्रेणी में है, ऐसे में अतिरिक्त सावधानी बरतें। शासन द्वारा परीक्षाओ को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं जिसके तहत 1 करोड़ तक का जुर्माना एवं आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। परीक्षा केंद्र से सम्बंधित कोई भी सूचना, उल्लेखनीय बात तत्काल स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कन्ट्रोल रूम या उच्चाधिकारियों को दें। एसपी क्राइम ममता कुरील ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वसत करते हुए बताया कि सभी केंद्रों पर 01 सब इंस्पेक्टर, 02 आरक्षी एवं 01 महिला आरक्षी की तैनाती की गई है। सभी नामित मजिस्ट्रेट्स के साथ भी पुलिस अधिकारी साथ रहेंगे। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने के लिए गोपनीय अभिसूचना ईकाई व सोशल मीडिया सेल को लगाया गया है। संवेदनशील केंद्रों पर क्यूआरटी टीम रहेगी। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में कैंपस बर्ड काउंट के तहत बर्ड वॉक का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में कैंपस बर्ड काउंट कार्यक्रम के तहत दो विशेष बर्ड वॉक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बर्ड




काउंट इंडिया की पहल के तहत उत्तर प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस बर्ड वॉक में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ बाहरी प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल मिलाकर 100 से अधिक प्रकृति प्रेमियों और पक्षी पर्यवेक्षकों ने इस आयोजन में भाग लिया। यह कार्यक्रम डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. एम. ए. खालिद और प्राचार्य, पॉलिटेक्निक, डॉ. इंतिज़ार महदी के संरक्षण में आयोजित किया गया। बर्ड वॉक का समन्वय श्री अनस मिर्ज़ा बैग, सुश्री मोहसिना खान और श्री आबिद शकील द्वारा किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने 50 से अधिक पक्षी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया, जिनमें प्रवासी और स्थानीय दोनों प्रकार के पक्षी शामिल थे। यह कार्यक्रम न केवल जैव विविधता को समझने का एक अनूठा अवसर था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी रहा।

## अफहाम-ए-ज़मां सोसाइटी के प्रतिनिधि मण्डल की डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव से मुलाकात



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अफहाम-ए-ज़मां सोसाइटी के प्रतिनिधि मण्डल ने नवाब मसूद अब्दुल्लाह के नेतृत्व में डी0सी0पी0 पश्चिम से मुलाकात करते हुए मुबारकबाद दी और फूलों का गुलदस्ता पेश किया प्रतिनिधि मण्डल में मुख्यरूप से सोसाइटी अध्यक्ष सै0 अली मीसम नक़्वी एडवोकेट, रियाज़ बेग एडवोकेट, मो0 अली मदहो। एडवोकेट, यूषा आबिद एडवोकेट, मीसम रिज़वी एडवोकेट, मुबीन शेख एडवोकेट, अब्बास रिज़वी एडवोकेट, सै0 एजाज रिज़वी एडवोकेट, के अलावा सोसाइटी की महिला प्रभारी श्रीमती मिथले सिंह मौजूद थीं। प्रतिनिधि मण्डल ने डी0सी0पी0 पश्चिम से पुराने लखनऊ में ट्रैफिक के सिलसिले में भी बात की खासतौर से हुसैनाबाद क्षेत्र के छोटे इमामबाड़े के पास लगने वाले ट्राफिक के सिलसिले में भी बात की गयी और इस समस्या के समाधान के लिए आग्रह किया गया डी0सी0पी0 पश्चिम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जायेगा।

## काशीराम कॉलोनी में पी डी ए पंचायत संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 17 फरवरी को 194 सदर विधानसभा के काशीराम कॉलोनी सेक्टर 60 में पी डी ए जन चौपाल कार्यक्रम महिला सभा की नगर उपाध्यक्ष सुधा सिंह और संध्या संखवार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने महिलाओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाली सरकार समाजवादी पार्टी की होगी जिसमें महिलाओं का एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। आज जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी अपने निजी हितों के कारण समाज की महिलाओं के हित को दरकिनार करते हुए काम कर रही है उससे हर महिला को भाजपा की नीतियों से पीड़ा और कष्ट पहुंचा है। रसोई गैस से लेकर के राशन और घर का बिजली का बिल सब कुछ दोगुना हो चुका है जिससे मध्यवर्गीय महिलाओं को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। सपा महिला सभा की सभी महिलाओं ने एक सुर में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

## शांतिपूर्ण ढंग से शुरू मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी की परीक्षाएं संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सुचारू रूप से सोमवार से शुरू हो गई। यह परीक्षाएं 22 फरवरी तक चलेंगी। इस बार डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुलियातुत तैयाबात निस्वा कॉलेज डुमरियागंज, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी कोल्ड स्टोरेज, जिया निस्वा स्कूल कुशहटा शामिल है। सोमवार को शुरू हुए मुंशी मौलवी की परीक्षा का निरीक्षण डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी कोल्ड स्टोरेज में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने किया। परीक्षा व्यवस्था देखकर वह काफी संतुष्ट हुए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी, कक्ष निरीक्षक की तैनाती व कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। जहां वह काफी संतुष्ट दिखे। इस मौके पर प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक उपस्थित रहे। परीक्षा व्यवस्था के संबंध में सैफुद्दीन मलिक ने बताया कि सेकेंडरी (अरबी/फारसी) प्रथम पाली में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 173 में 113 उपस्थित रहे व 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने आगे बताया कि सीनियर सेकेंडरी (अरबी/फारसी) द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 95 में 88 उपस्थित रहे। इस पाली में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

## जीवन सौभाग्य से प्राप्त होता है ईश्वर के कार्य को हृदय से करना चाहिए

**उरई (जालौन)।** गल्ला मंडी उरई में श्री विष्णु महायज्ञ के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ओर भक्तजनों को निःशुल्क चाय एवं टोस्ट वितरित किय गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज राजपूत जी समाजसेवी रविन्द्र दाऊ छोटे उद्योगपति विशाल विसबारी जी छोटे भाई आकाश गहोई जी जिला महामंत्री संजीव सिपोलिया जिला महामंत्री संगठन बबलू दुबे जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बलवीर सोनी जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल जी जिला मंत्री उदय करण प्रजापति जी अंकित त्रिपाठी जी युवा नेता गौरव राठौर जी जिलाध्यक्ष महिला बिंग निशा राजपूत जी जिला उपाध्यक्ष महिला बिंग संगीता पाठक जी चाय व्यवस्थापक सीताराम राजपूत जी मित्र विनय गुप्ता जनसंदेश जितेन्द्र राजपूत जी विजय कृष्ण जी गल्ला व्यापार संघ से छोटे ईटोंदिया जी राकेश गुप्ता बढ़ेड़ा व्यापार मंडल के पदाधिकारी गण सम्मानित व्यापारी गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

# एसबीएन ग्लोबल स्कूल में प्रतिभागी बच्चों को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** फर्रूखाबाद के बिकास खंड राजेपुर क्षेत्र में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन कार्यालय ब्लॉक संसाधन के राजेपुर संयोजन से एसबीएन ग्लोबल स्कूल खानपुर में आयोजित की गई। इस उत्सव में बाल वाटिका आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे मुन्ने बच्चों व परिषदीय विद्यालय की कक्षा 1 से 3 के तथा 6 से 8 आयु वर्ग के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इन बच्चों को न्याय पंचायत के नोडल संयुक्त व आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा एनएटी परीक्षा में सर्वोच्च अंक व उपस्थिति के क्रम में चयनित किया गया। इन चयनित बच्चों को उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया माननीय ब्लॉक प्रमुख इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्था खंड शिक्षा अधिकारी राजेपुर श्री अनूप कुमार



सिंह के मार्गदर्शन में हुई उन्होंने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की साथ ही सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वह अपने शिक्षा कौशल से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान कर अपने भविष्य को सबारें और राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें। एस वी एन ग्लोबल स्कूल के संचालक श्री अवनीश सिंह द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक शिक्षा की धुरी हैं उन पर संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था का दायित्व है उक्त कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य सहित शुभकामनाएं देते हुए कहानी की पुस्तकें व स्टेशनरी वितरित की इस कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार द्वारा किया गया व कार्यक्रम की व्यवस्था पराग दीक्षित द्वारा संभाली गई

## युवक को फायर सर्विस के जवान ने बचाया

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** फायर सर्विस के जवानों की बहादुरी से एक युवक की जान बच गई है। सोमवार की शाम एक युवक राप्ती पुल पर से नदी में छलांग लगा दिया। जिसे देख वहां मौजूद फायर सर्विस के जवान अरविंद कुमार, नंद कुमार ने नदी से डूबते हुए युवक को बचा लिया। इसके बाद टेंपो पर लादकर पीएचसी बांसी ले आए। वहां पहुंचने के बाद युवक ने बताया उसका नाम सुमित कुमार पुत्र नंदकिशोर है जो नौगढ सिद्धार्थनगर का निवासी है। फायर सर्विस के जवान माघ मेला बांसी की सुरक्षा में तैनात है और इनका कैंप राप्ती नदी तट पर है। फायर सर्विस के जवानों की इस बहादुरी की लोग प्रशंसा कर रहे है।

## थाना गांधीपार्क पुलिस ने दो लुटेरे किये गिरफ्तार

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ की थाना गांधीपार्क पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 71/2025 धारा 309(4) में वांछित 2 शातिर लुटेरे 1.शैलेन्द्र पुत्र पुरन सिंह निवासी ग्राम मईनाथ थाना मडराक जिला अलीगढ़ 2.शरद यादव पुत्र मनवीर सिंह निवासी मईनाथ थाना मडराक जिला अलीगढ़ को मय लूट के सोने के तीन कुण्डल, 02 अवैध देशी तमंचा 315 बोर,02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित बोनेर तिराहा हाईवे थाना क्षेत्र गाँधीपार्क से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिनके द्वारा थाना हरदुआगंज व थाना अकराबाद में भी लूट व छिनैती की घटना कारित की गई थी। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किये गये थे एवं वांछित चल रहे थे।

## विचाराधीन बन्दी लड्डू उर्फ लड्डन की मृत्यु के प्रकरण में 22 तक दें साक्ष्य

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा विचाराधीन बन्दी लड्डू उर्फ लड्डन पुत्र महेन्द्र सिंह आयु लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम नगला उदिया थाना दादों की जिला अलीगढ़ की जे0एन0 मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान 22 नवंबर 2024 को प्रातः 09:15 बजे हुई मृत्यु की मजिस्ट्रीयल जांच के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा को नामित किया गया है। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा ने मजिस्ट्रीयल जाँच के सम्बन्ध में समस्त संबंधित व सर्व साधारण को सूचित किया है कि वह 22 फरवरी तक किसी भी कार्यदिवस व कार्यालय समय में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक कलैक्ट्रेट स्थित नई बिल्डिंग कमरा नंबर 40 में उपस्थित होकर अपना बयान अथवा अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त अवधि के उपरांत किसी को भी अपना काई पर रखने के लिए समय प्रदान नहीं किया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलने बाली माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा बर्ष 2025 को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने के लिये समीक्षा वैठक का आयोजन किया गया, परीक्षा के लिये जिले में 77 परीक्षा केंद्र बनाये गये जिन पर कुल 47671परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी जायेगी, प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई।



बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रश्नपत्रों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र,वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही खोला जाए सभी कक्षो में वॉइस रिकॉर्डर युक्त सी 0 सी0 टी0 वी0 कैमरे लगे हो ये सुनिश्चित कर लिया जाये परीक्षा केंद्र में कोई भी मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट केंद्र के अंदर नही जाएगा परीक्षा केंद्र में निर्धारित सीटिंग प्लान ही लगाये कापियों को ससमय सील करे कोई भो बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर नही जाएगा सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की ड्यूटी लगा ली जाये,सभी विद्यालयों में फर्स्ट एड बॉक्स हो, बालिकाओं की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा ही हो, नकल निवारण अधिनियम 2024 का अनुपालन हो,परीक्षा केंद्र के आसपास फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेगी, सभी विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था अच्छी हो, पहली बार केंद्र व्यवस्थापक बने लोगों का अलग से प्रशिक्षण हो, सभी केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक समय से केंद्र पर पहुँचे,जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया जाये कोई भी परीक्षा में गड़बड़ी करेगा तो वह जेल जाएगा व विभागीय कार्यवाही भी होगी सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्देश पुस्तिका का अध्ययन अवश्य कर ले और उसका अनुपालन सुनिश्चित करे बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

## आल इंडिया ट्वेन्टी ट्वेन्टी लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता 2 मार्च से

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** लक्ष्य स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित , मंडल क्रिकेट संघ से सम्बद्ध और उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ से मान्यता प्राप्त दसवें आल इण्डिया प्राइज मनी लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 2 मार्च से 9 मार्च तक गोरखपुर में किया जा रहा है। लक्ष्य स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष डाक्टर राजेश यादव व लक्ष्य स्पोर्ट्स एकेडमी के सचिव डाक्टर त्रिलोक रंजन प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े पुरस्कार राशि वाले लीग आधारित इस क्रिकेट प्रतियोगिता को रेलवे क्रिकेट ग्राउंड के मैदान पर आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर से लगभग आठ प्रमुख टीमें लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए एक दूसरे से मुकाबला करेंगी। सफेद गेंद से रंगीन किट में 20- 20 ओवरों के लीग आधारित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में आठ टीमों को दो पुल में बांटा जाएगा जिसमें से प्रत्येक पुल की टीमें एक दुसरे से खेलेंगी और प्रत्येक पुल से दो-दो सर्वश्रेष्ठ टीमें सेमीफाइनल के लिए प्रवेश करेंगी। लक्ष्य स्पोर्ट्स एकेडमी के सचिव डाक्टर त्रिलोक रंजन ने बताया कि आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए तकनीकी समिति सहित अन्य कई कमेटियों का गठन किया गया है। तकनीकी समिति और अम्पायरों के पैनल द्वारा ही आठ टीमों को दो पुल में बांटा जाएगा।

## दुकान के सामने रखा रोटावेटर चोरी, केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के जितेंद्र कुमार तिवारी पुत्र विजय नारायण तिवारी जिनका जैविक भवन के पास शिवम एग्रो गुरौली के नाम से दुकान संचालित होता है। यह अपने दुकान के सामने रोटावेटर रखे हुए थे। 26 जनवरी को एक अंजान नंबर से रोटावेटर के बारे में फोन आया था। 7 फरवरी को मकान मालिक ने फोन कर बताया कि रोटावेटर चोरी हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 08/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है ।, **क्र.सं.:–1., कार्य का विवरण:–** बरेली सिटी–कासगंज अनुभाग के मध्य एच–बीम स्लीपरों के द्वारा ब्रिज सं. 409 का टी.बी.एस. आर. का कार्य। (स्वीकृत कार्य के अर्न्तगत भोजीपुरा–लालकुऑ अनुभाग के मध्य बी.सी. एम मशीन से छनाई एवं बैलास्ट की आपूर्ति पूर्ण करना (64.3) किमी.)।, **अनुमानित लागत रूपयों में:–** रु. 3,62,08,420.71, **बयाना राशि रूपयो में:–** रु. 3,31,100/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य,** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **03 माह**।, **क्र. सं.:– 2., कार्य का विवरण:–** लालकुऑ स्टेशन पर एन.एम.जी (साइज–35x18मी) के लिए सिक लाइन शेड के विस्तार का प्रावधान।, **अनुमानित लागत रूपयों में:–** रु. 1,26,58,450.83 **बयाना राशि रूपयो में:–** रु. 2,13,300/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य**, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **06 माह**। **1.** क्रम सं 1 की ई–निविदा दिनांक **11.03.2025** को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।, **2.** क्रम सं 2 की ई–निविदा दिनांक 10.03.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **3.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेव साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे ।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**

**मुजाधि/डब्लू–406** **इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## ट्रेन से गिरकर युवक घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** खड्डा स्टेशन के पास एक दर्दनाक हादसे में एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गुलशन पुत्र गिरधारी, निवासी सिसवा मनीराज, थाना खड्डा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ट्रेन से गिरने के बाद बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए तुर्कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल, युवक को गंभीर चोटे आई है, उसके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## बाइक और ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक घायल

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में सोमवार की शाम एन एच 28 पर बाजारडीह गांव के पास मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे पी एच सी बांसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आकाश कुमार 22 पुत्र प्रेम कुमार निवासी तिलौली बाजार थाना शिव नगर डिडई बांसी से अपना काम करके घर वापस जा रहा था जैसे ही वह बाजारडीह गांव के पास पहुंचा बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर बैक कर रहे ट्रैक्टर ट्राली से उसकी भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लोगो ने तत्काल पी एच सी बांसी पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## नगर निगम बोर्ड की बैठक में सपा पार्षदों का हंगामा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सांसद रहते हुए जनता की छोटी छोटी समस्याओं के लिए सड़कों पर उतर जाने वाले सीएम योगी के अपने शहर में जनता को नगर निगम द्वारा मनमाने टैक्स की नोटिस भेजी जा रही है। इस बढ़े हुए टैक्स के बोझ से शहरवासियों की सांसें फूल रही है लेकिन जनता सरकार का विरोध करने का साहस नहीं जुटा पा रही है। अब इसी मनाने टैक्स की मार झेल रही गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र की जनता के हक में समाजवादी पार्टी के पार्षदों ने निगम सदन में बोर्ड की 10वीं बैठक में जमकर हंगामा काटा। जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स लगाने का विरोध कर रहे सपा पार्षदों ने सदन से वाक आउट किया।

## होम्योपैथिक चिकित्सक की स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगने से मरीज परेशान

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** होम्योपैथिक चिकित्सक डा.मनोज कुमार मौर्य की यूपी बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट सर्किल तमकुही की तरफ प्रशासन द्वारा ड्यूटी लगाए जाने से मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनके न रहने पर मरीज परेशान होकर वापस लौट रहे है। मिली जानकारी के अनुसार होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ मनोज कुमार मौर्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली में आवंटित कमरे में दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार तथा ग्राम पंचायत नरायपुर पंचायत भवन में बृहस्पतिवार व मंगलवार एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पैकौली में रविवार को मरीज देखते है लेकिन वर्तमान समय में चल रहे यूपी बोर्ड परीक्षा में 24 फरवरी से 12 मार्च तक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी जिला स्तर से लगा दी गई है। जिससे मरीज परेशान है। स्थानीय मरीजों ने ड्यूटी निरस्त करने की मांग किया है। जिससे मरीजों को इलाज कराने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 82 वें दिन पूरे प्रदेश में समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर बिजलीकर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने मांग की है कि निजीकरण करने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा में किए गए निजीकरण के करार भारी अनियमितता के चलते रद्द किए जाएं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों जितेन्द्र कुमार गुप्त, जीवेश नन्दन, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, अखिलेश गुप्ता, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, विकास राज श्रीवास्तव, पीयूष राज श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, उपेंद्र पाल, सरोजनी सिंह, ओम गुप्ता, सत्यव्रत पाण्डेय, विनय पाण्डेय एवं करुणेश त्रिपाठी ने कहा कि 01 अप्रैल 2010 को आगरा शहर की विद्युत व्यवस्था टोरेंट पावर कंपनी को सौंपी गई थी। उस समय उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का आगरा शहर का 2200 करोड़ रुपए का राजस्व का बकाया था। निजीकरण की शर्त यह थी की यह धनराशि टोरेंट पावर कंपनी वसूल कर पावर कारपोरेशन को देगी। पावर कॉरपोरेशन इसके ऐवज में टोरेंट पावर कंपनी को 10त्न प्रोत्साहन धन राशि देगा। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 वर्ष होने जा रहे हैं और टोरेंट पावर कंपनी ने यह धनराशि, जो उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का राजस्व बकाया था, आज तक पावर कारपोरेशन को वापस नहीं किया है।

# टीबी मुक्त भारत हेतु जनजागरण अभियान की हुई शुरुआत

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं बेसिक शिक्षा गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज टीबी मुक्त भारत हेतु जनजागरण अभियान की शुरुवात कैम्पीयरगंज विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय बगहीभारी क्षेत्र भरोहिया के प्रांगण में संगोष्ठी कर एवं रैली निकाल कर हुआ।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि कैम्पीयर गंज के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व मंत्री फतेह बहादुर सिंह ने उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर हम सभी को टीबी मुक्त भारत बनाने में सहयोग देना होगा, उन्होंने कहा कि लोगों में टीबी लाइलाज बीमारी के व्याप्त भ्रान्ति को दूर करना होगा,टीबी ग्रसित को पोषण युक्त सामग्री सेवन करने के लिए जागरूक करना होगा। विधायक श्री सिंह ने टीबी मुक्त भारत अभियान के जनजागरण



कार्यक्रम शुरु करने के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी की प्रसंशा करते हुवे जन जन तक संदेश पहुँचाने का आवाहन किया ।इस अवसर विधायक फ़तेह बहादुर सिंह ने स्मार्ट क्लास एवं विभिन्न विद्यालयों के अतिरिक्त कक्षा कक्ष का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि समाज में टीबी के बारे में व्याप्त भ्रान्तियो एवं कुरीतियों को दूर करने में शिक्षक अहम भूमिका निभा सकता है इसी क्रम में टीबी मुक्त अभियान प्रत्येक ब्लॉक में शिक्षकों और रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से चलाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के रक्तदान प्रभारी एवं बेसिक शिक्षा के टीबी मुक्त अभियान के नोडल ज्ञानेन्द्र ओझा ने बताया कि रेडक्रॉस के यूपी के महासचिव डा हिमा बिन्दु नायक एवं उपसभापति अखिलेन्द्र शाही के निर्देश पर जिला के सभापति शिवेंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रत्येक ब्लॉक एवं गाँव में जनजागरण अभियान चलाया जायेगा।

**Notice**

Previously my name was Roli Agarwal, W/o Rakesh Kumar Agrawal but now my name has been changed to Roli Agrawal, W/o Rakesh Kumar Agrawal and my address is 84, Raidopur, Azamgarh. 276001 (U P)

**सूचना**

मुझ सेवा राम पुत्र अतरू नि. ग्राम दूमझेडी, पोश्र व थाना चिलकाना, ज़ि. सहारनपुर का पुत्र अजीत कुमार उसकी पत्नि श्रीमति सुमन मेरे व मेरे परिवार के कहने व सुनने में नही है उक्त दोनो के कृत्यों से काफी तंग व परेशान हो चुके हैं जिस कारण हमने उक्त दोनों अजीत कुमार व पुत्र वधु सुमन को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध उनसे विच्छेद कर लिये हैं।

**सूचना**

मैं नितिन कुमार पुत्र श्री बी आर कुमार नि. ऑफिसर्स कॉलोनी, जज कंपाउंड फर्स्ट फ्लोर, मुरादाबाद सभी को सूचित करता हूं कि मेरी पत्नी श्रीमति प्रतिभा मिश्रा (प्रतिवा) गत 5 वर्षो से मुझ से अलग रह रही है उसका चरित्र भी अच्छा नहीं है। अतः मैंने प्रतिभा से सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य मैं उसके किसी भी कार्य और लेन देन हेतु में ज़िम्मेदार नहीं हूंगा।

# एडी ने जिला चिकित्सालय का किया गहन निरीक्षण

## फिजिशियन कक्ष में पहुंचे एडी ने चिकित्सक को लगाई फटकार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या में चल रही खबरों को लेकर सोमवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. एपी भार्गव ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अपराह्न 12-50 बजे डॉ. भार्गव ओपीडी कक्ष संख्या 15 में पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी बिना एप्रेन के मरीजों की जांच कर रहे थे। इस पर उन्होंने डॉ. द्विवेदी को कड़ी फटकार लगाते हुए उनसे पूछा कि क्या यहां एक्सरे बाहरी संस्थान से करने की सलाह दी जाती है और क्या मरीजों को दवाइयां बाजार से लाने का दबाव डाला जाता है?

एडी ने डॉक्टर से यह भी कहा कि ऐसी खबरें समाचार पत्रों में आ रही हैं, जो आपके और अस्पताल दोनों के लिए सही नहीं हैं। उन्होंने डॉ. द्विवेदी को भविष्य में इन मुद्दों पर विशेष ध्यान रखने की ताकीद दी। इसके बाद, डॉ. भार्गव ने अन्य ओपीडी कक्षों का भी निरीक्षण किया और अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया।मेडिकल वार्ड में तीमारदारों से बातचीत के दौरान उन्होंने सुना कि फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी समय पर राउंड पर नहीं आते, जिसके कारण मरीजों की जांच में देरी होती है और कई बार मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ता है। इस पर एडी ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमरेंद्र सिन्हा से ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।आखिरकार, एडी ने आयुष्मान वार्ड का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की सराहना करते हुए सीएमएस को आभार भी व्यक्त किया।

### समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन को लेकर कुलपति ने समीक्षा बैठक की

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में पूर्वांह्न समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन को लेकर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वप्रथम कुलपति ने अधिकारियों एवं प्रभारियों से समर्थ पोर्टल पर अबतक किए गए कार्यों की समीक्षा की। कहा कि सभी कार्यालयीय प्रणाली को शत प्रतिशत समर्थ पोर्टल के माध्यम से करे। समग्र कियान्वयन के लिए टीम बनाकर कार्य को संपादित करें। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पूरे मनोयोग से समर्थ पोर्टल पर कार्य करने होंगे। सभी सावधानी के साथ डेटा भरने का कार्य करें। समर्थ पार्टल ने कार्यालयीय प्रणाली को आसान कर दिया है। इसमें डेटा हमेशा सुरक्षित रहेगा और आसानी से फाइलों को टैऊक्र किया जा सकता है।

## अयोध्या में 300 पुलिस कर्मियों के लिए बनकर तैयार हुआ आवास

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार रामनगरी में 300 पुलिस कर्मियों का आवास बनकर तैयार हो गया है। अयोध्या धाम में तुलसी कन्या इंटर कालेज के पीछे पुलिस विभाग की भूमि पर चार मंजिला इमारत के अब हैंडओवर की तैयारी की जा रही है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो मार्च तक पुलिस विभाग को हैंडओवर हो जाएगा। पत्राचार किया जा रहा है।

अयोध्या धाम में विभिन्न स्थलों पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को अब तक अयोध्या ड्यूटी करने के लिए अयोध्या नगर से लगभग सात किमी जाना पड़ता था। कभी-कभी जाम या विभिन्न दिवस में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के समय जब वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाते थे तो ऐसे समय मे मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिसकर्मियों की इस बड़ी समस्या का निदान कर दिया है। 300 पुलिसकर्मियों के रहने के लिए आवास बनाए जा चुके हैं।

भवन में पीसी हॉल, कमांडेंट कक्ष



भी 14 करोड की लागत से बने चार मंजिला भवन में न सिर्फ 300 पुलिसकर्मियों के रहने के इंतजाम हैं बल्कि पीसी हॉल, कमांडेंट कक्ष समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

### आठ दिवसीय मदार बाबा मेला आज से शुरू

**निचलौल (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय सीमा से करीब चौदह किमी दूर नवलपरासी जिले के पहाड़ पर हर साल मदार स्थान पर मेला लगता है। जहां आठ दिवसीय मदार बाबा मेला के लिए श्रद्धालु का रेला शुरू हो गया है। मेला का समापन महा शिवरात्रि के एक दिन पूर्व 25 फरवरी को होगा। मेले में पहुंचने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर चार पहिया वाहन, बाइक की भारी भीड़ लग रही है। जिससे निपटने के लिए एसएसबी द्वारा विशेष चौकसी बरतने के साथ सभी वाहनों को डॉग स्क्वाड टीम द्वारा चेक कर नेपाल भेजा जा रहा है। वहीं चोर नाकों पर भी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दिया गया है। भारत-नेपाल के लाखों लोगों के आस्था का केंद्र मदार मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालु रविवार शाम से ही ठूठीबारी, झूलनीपुर व बिहार के वाल्मीकिनगर व नेपाल क्षेत्र में प्रवेश करने लगे हैं। मेले में जाने वाले श्रद्धालु इश्क मोहम्मद, जहांगीर अंसारी, फिरोज अहमद, आलम गीर, फातिमा, विद्यासागर चौधरी, औरंगजेब, फरीन बानो, बीरबहादुर चौधरी, हरि ओम, हीरामन यादव, तबरेज अंसारी, संजय साहनी, माही आलम,गीता देवी ने बताया कि मान्यता है कि सच्चे मन से मनौती करने वाले श्रद्धालु मदार स्थान में मौजूद पत्थर को बड़े ही आसानी से उठा लेते है। वहीं जिनके मन में द्वेष, अहंकार, ईर्ष्या की भावना होती है भले ही वह शारीरिक रूप से मजबूत हो, पत्थर हिला नहीं पाते। इसी मान्यता को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर अपनी मन्नत पूरी करते है। भारत नेपाल के हिंदू मुसलमानों के आपसी प्रेम एवं सांस्कृतिक संबंधों की एक मिशाल के रूप में मदार मेले की पहचान बनी हुई है।इस बाबत 22वी वाहीनी एसएसबी बिओपी इंचार्ज आलोक देवनाथ ने बताया कि डॉग स्क्वायड टीम के साथ संघन चेकिंग किया जा रहा है श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है।

### मारपीट व जान माल की धमकी में केस दर्ज

**निचलौल (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र ग्राम पिपरिया निवासी लक्ष्मीना यादव पत्नी सुनिल यादव ने आरोप लगाया है कि अपनी जमीन में पशुओ को बाँधती थी। 15 जनवरी को करीब नौ बजे दिन में मेरे ही गांव के मुस्तफा पुत्र शोबेराती घर के बगल में बँधी गाय को खुटे- डण्डे से खोलकर भगा दिये। जिसका विरोध किया तो मुस्तफा, ताहिद पुत्र महे दिम, अरमान पुत्र शफुल्लह व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा दरवाजे पर आकर भ?द्दी-भ?द्दी गाली गुप्ता देने लगे। विरोध किया गया तो नाराज होकर राधिका पत्नी मोहन यादव, रेनू पुत्री मोहन यादव को गाली गुप्ता देते हुये मारने पिटने व जानमाल की धमकी देने लगे। घटना से पूरा परिवार मानसिक रुप से काफी डरा व सहमा है। मामले में कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना में संबंधित धारा में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जमीनी विवाद मे चले लाठी डंडे, मुकदमा दर्ज

**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कोठीभार के ग्राम हेवती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दे कर बताया कि गाँव के ही लोगो द्वारा जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गई जिसमे सात लोग घायल हुए हैं। हेवती निवासी शिवबदन ने पुलिस को तहरीर दे कर कहा है बताया कि उसके जमीन की पैमाइश हल्का लेखपाल द्वारा कराई गई थी जिसपे उसके द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था तभी गाँव के ही बुन्देल , महेश ,शशि, शिरजावती जमीनी विबाद को लेकर गोलबन्द होकर लाठी-डण्डो से मारपीट कर मुझे घायल कर दिये स्थानीय लोगो ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने कहा कि उक्त आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

### खोया मोबाइल मात्र पांच दिन में ढूढ़कर सुपुर्द किया

**बाराबंकी।** फतेहपुर पुलिस ने मात्र पाँच दिनों के अंदर खोया मोबाइल को ढूढ़कर वापस कराया गया। आवेदक सुधीर कुमार पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम डडियामऊ थाना फतेहपुर द्वारा अपना मोबाइल फोन के गुम हो जाने के सम्बन्ध में सीईआईआर पोर्टल पर 11 फरवरी 2025 शिकायत दर्ज करायी गयी थी, उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा आज 17 फरवरी 2025 को आवेदक सुधीर कुमार का गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह के आदेशानुसार आवेदक सुधीर कुमार उपरोक्त का मोबाइल को ढूढ़कर उनका मोबाइल फोन सुपुर्द किया गया। मोबाइल बरामदगी में कम्प्यूटर आपरेटर आनन्द शुक्ला, मु0आरक्षी श्याम सिंह का विशेष योगदान रहा।

## श्री अयोध्या न्यास द्वारा संचालित भण्डारा तीसरे चरण के सातवें दिन भी अनवरत जारी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में संचालित भण्डारे के तीसरे चरण में सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भण्डारा प्रात 10 बजे से प्रारम्भ होकर देर रात्रि 2 बजे तक अनवरत चल रहा है। भण्डारे का पहला चरण मौनी अमावस्या स्नान के समय 29, 30 तथा 31 जनवरी को चलाया गया था। बसंत पंचमी पर 3 व 4 फरवरी तथा माघ पूर्णिमा स्नान से अनवरत भण्डारे का संचालन किया जा रहा है।भण्डारे में देश की विभिन्न राज्यों समेत अन्य देशों के नागरिक भी पहुंच रहे है। भण्डारा स्थल पर आने वालों लोगों का अभिवादन किया जा रहा है। भक्तिमय संगीत की धुनों पर भक्ति मे लीन कुछ श्रद्धालुओं के पांव थिरकने लगते है। सब के मन में आराध्य के दर्शन की आस लिए श्रद्धालु भक्ति में लीन है। प्रभु श्री राम की मातृ भूमि पहुंचने पर उनका उल्लास अपने शीर्ष पर है। भण्डारे स्थल पर ही विश्रामालय की व्यवस्था की गई है। जहां श्रद्धालु रात्रि प्रवास भी कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता व भण्डारे की व्यवस्था में लगे स्वंयसेवक श्रद्धालुओं का स्नान व दर्शन को लेकर गाइडेंस कर रहे हैं। भण्डारे की व्यवस्था में लगे स्वंयसेवक रात से ही अगले दिन की व्यवस्था में जुट जाते हैं। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि जब तक श्रद्धालुओं का आवागमन सामान्य नही हो जाता है तब तक भण्डारे का अनवरत संचालन चलता रहेगा। अतिथि देवो भव के भाव के साथ सभी श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है।भण्डारे की व्यवस्था ओम प्रकाश सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, वीरेंद्र बहादुर सिंह, दीपक पाठक, पंकज कनौजिया, सूरज सोनकर, राम धीरज पांडे, जिला जीत सिंह, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, सौभाग्य श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, राज वर्मा, नन्हे गुप्ता, जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद संतोष सिंह, श्री कृष्ण, बृजेन्द्र सिंह, गणेश गुप्ता, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी देख रहे हैं।

### मांगलिक समारोह के वाहनों को अयोध्या में मिलेगी छूट

# महापौर ने एसएसपी के साथ की बैठक, कट खोलने पर बनी सहमति

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मांगलिक समारोह के मद्देनजर अयोध्या में वाहनों को प्रवेश की छूट दी जाएगी। यह निर्णय महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नै द्यय्यर के साथ हुई बैठक में लिया गया। इस मौके पर तय किया गया कि यात्रियों के सुविधा के लिए पोस्ट ऑफिस, देवकली, तुलसी उद्यान की गलियों को जाने वाले रास्ते पर लगाई गई वैरिकेडिंग को भी अधिक से अधिक खोलने का प्रयास किया जाएगा। महापौर ने बताया कि गोंडा, बस्ती व आसपास के जिलों से शादी-विवाह के लिए अयोध्या आने वाले लोगों से अनुरोध है कि जिनका विवाह स्थल सड़क के पश्चिमी तरफ है, वे गुप्तार



घाट, बंधा होते समारोह स्थल तक जाये तथा संबंधित गाड़ियों की सूचना पहले से प्रशासन को सुनिश्चित करा दें, जिससे समारोह स्थल तक जाने में असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि अयोध्या वासियों के लिए राम पथ पर स्थित (तुलसी उद्यान, पोस्ट ऑफिस तिरहा, छोटी देव काली मंदिर) बैरियरो को भीड़ की प्रवाह को देखते हुए अधिक से अधिक समय खोलने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि कुम्भ मेले के दृष्टिगत अयोध्या में परीक्षार्थी, चिकित्सा सहायता या अन्य किसी प्रकार की आकस्मिक सहायता के लिए इन मोबाईल नंबरों 9415140105, 6386038499, 9125969281 पर संपर्क कर सकते हैं।

## आम जनता महगाई भ्र्ष्टाचार व बेरोजगारी से त्रस्तः यासिर अराफात



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। जीडीपी लगातार गिर रही है। आम जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से त्रस्त है। भाजपा को आम जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। उक्त विचार आज विधानसभा रामनगर के अंतर्गत ग्राम रामनगर,बदोसरय,किन्तुर व रामपुर में चौपाल लगाकर पूर्व ब्लाक प्रमुख यासिर अराफ़ात किदवाई ने व्यक्त किये। श्री किदवाई ने आगे कहा सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। मध्यम वर्ग, गरीब परेशान है। दाल, तेल, मसाले, सब्जियों से लेकर खाने पीने तक की हर चीज महंगी होने से लोगों की जेब पर गहरा असर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। लोगों के पास काम नहीं है। उनकी आय भी कम हो गई है जबकि खर्च बढ़ गया है। भाजपा सरकार देश में नफरत फैला रही है। सौहार्द को खत्म कर रही है। देश को साम्प्रदायिक आग में झोंक रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर सरकार जनता को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रही है। नोटबंदी, जीएसटी से व्यापार चौपट हो गया है, जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विकास कार्य ठप है। इस सरकार की योजनाएं पूरी तरह से गरीब विरोधी हैं। महंगाई रोकने के लिए भाजपा सरकार के पास न तो कोई नीति है और न उसकी नीयत है। इसने आम जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। उक्त चौपाल में विनोद यादव, सलमान, दरगही, धरमू, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश गौतम, मुख्तार, मासूम अली, बी डी खान, निजाम भाई, इसरार अहमद, पाचू यादव आदि लोग मौजूद थे।

### भाजपा सरकार देश की संपत्ति बेचने की फिराक में लगी हुई हैः सदर विधायक

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आज की वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार को गरीबों, शोषितों, वंचितों से कोई लेना देना नहीं उसे केवल फिक्र चंद पूंजीपतियों की है जिनके हाथों देश की सारी संपत्ति बेचने का काम भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार कर रही है उक्त कथन विकास खंड बंकी की ग्राम महुआमऊ में विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़को का लोकार्पण करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा। सदर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक और आर्थिक विषमता को मिटाने के लिए संविधान में जो आरक्षण की व्यवस्था की गई है उसे समाप्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अंधेर नगरी और चौपट राजा वाली सरकार झूठ की बुनियाद पर टिकी हुई है जिसका मकसद राजनैतिक स्वार्थ के चलते हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ाकर देश और प्रदेश को सांप्रदायिक तनाव में झोंकना है। इससे पहले विधायक धर्मराज ने गांव के वरिष्ठ नागरिकों के हाथो फीता कटवा कर सड़को का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बंकी श्रीमती आशा यादव, फारुख अय्यूब, गौरव यादव बीडीसी, विनोद यादव प्रधान, हरिकरन यादव प्रधान, धर्मेंद्र राज बीडीसी, शैलेन्द्र कुमार बढ़ी, मो सलमान, अमृत लाल यादव, दीपक गुप्ता, दुर्गेश रावत, विनोद यादव प्रधान महुआमऊ, बाबुल मिश्रा, विनय यादव, राकेश यादव,देवी प्रसाद बीडीसी समेत दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### नए छात्र भी अपनी प्रतिभा के माध्यम से आगे बढ़ेंगेः पंकज



**मसौली बाराबंकी।** मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बाराबंकी में वरिष्ठ छात्र छात्राओं द्वारा नवआगंतुक छात्र छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे महाविद्यालय के छात्रों के साथ साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी पंकज कुमार पटवा ने कहा कि यह स्वागत समारोह सभी नए छात्रों के लिए एक जिम्मेदारी है कि वह अपने वरिष्ठ छात्र छात्राओं एवम प्राध्यापकगण की उम्मीदों पर खरा उतरे एव जिस प्रकार सभी वरिष्ठ छात्रों ने महाविद्यालय में अनुशासित रहकर महाविद्यालय में हो रही गतिविधियों में अपना स्थान बनाया है उसी प्रकार सभी नए छात्र भी अपनी प्रतिभा के माध्यम से आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम के संचालक एवम महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र जय गुप्ता ने सभी छात्र छात्राओं का स्वागत अवधी लोकगीत के माध्यम से किया तथा नवांगतुक छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र विनीत यादव, प्रांशी बाजपाई, गुलशन आरा, विभोर मिश्रा व इंद्रजीत सिंह ने भी अपनी अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्रों द्वारा सभी नवागंतुक छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया एव सभी का परिचय और उनकी आकांक्षाओं के विषय में जाना। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक झलकिया भी देखने को मिली जिसमे महाविद्यालय के कला वर्ग तृतीय वर्ष के छात्र अखिल शर्मा का नृत्य, द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिंसी मिश्रा का गायन एवम द्वितीय वर्ष की छात्रा अमीषा की कविता मुख्य आकर्षण का विषय रही। कार्यक्रम के सभी आयोजको ने सभी नए छात्रों को स्मृति हेतु स्मृतिचिन्ह भी प्रदान किया।

## बाढ़ से बचाव हेतु जिलाधिकारी ने चिन्हित स्थानों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गत वर्ष आई गर्रा नदी में भीषण बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों के भविष्य में निपटने के लिए बचाव कार्यों के संबंध में ककरा स्थित नगर निगम गेस्ट हाउस में नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह सहित संबंधित अधिकारियों एवं अधीक्षण एवं अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान बचाव कार्य हेतु तैयार किए गए प्रस्तावों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों एवं अधीक्षक, अधिशासी अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ककरा से बन रहे पलिया मार्ग बाईपास तक मार्ग को ऊंचा किया जाए तथा बाईपास में बड़े-बड़े कल्वट बनाए जाए।

### बैंक में लंबित आवेदनों का जल्दी निस्तारण करेंः जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम उद्यमी विकास अभियान की संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

जिसमें सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विभिन्न बैंकों द्वारा सीएम युवा उद्यमी विकप्स अभियान के तहत ऋण स्वीकृति और वितरण में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि बैंक लंबित आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाएं। ऋण स्वीकृति और वितरण में अंतर को अधिकतम 30 प्रतिशत तक लाने का प्रयास करें।

जिलाधिकारी ने बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया में ऋण स्वीकृति की तुलना में ऋण निरस्तीकरण की संख्या अधिक होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों बैंकों के जिला समन्वयकों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने यूनियन बैंक द्वारा भी योजना के अंतर्गत ऋण वितरण में शिथिल रवैया रखने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यदि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों में ऋण वितरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होती है तो जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना है और योजना के उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। अतः बैंक योजना लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रति सकारात्मक रवैया रखते हुए कार्य करें।

## जनपद शाहजहांपुर के 126 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी बोर्ड परीक्षा

### हाई स्कूल के 41110 एवं इंटरमीडिएट के 37821 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में होंगे शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा- 2025 को नकल विहीन, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गांधी भवन प्रेक्षागृह में जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया गया। जनपद में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 दिनांक 24 फरवरी, 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च, 2025 को समाप्त होगी जिस हेतु जनपद में कुल 126 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में पूर्वाहन 8:30 से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में हाईस्कूल में कुल 41110 एवं इण्टरमीडिएट में कुल 37811 परीक्षार्थी परीक्षा हेतु पंजीकृत है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक व केन्द्र व्यवस्थापक की नियुक्ति हो गयी है।



जनपद को 05 जोन में बांटकर जोनल मजिस्ट्रेट तथा 20 सेक्टर में बांटकर सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। जनपद में सभी परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग हेतु राजकीय इण्टर कालेज, में स्थापित कम्प्यूटर कक्ष में जनपदीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा सभी परीक्षा केन्द्रों के सी0सी0टी0वी0 कैमरों को जनपदीय कन्ट्रोल रूम से कनेक्ट कर किया गया है। जनपद में नकलविहीन परीक्षा कराये जाने हेतु 06 सचल दलों को गठन किया गया है। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर स्ट्रांग रूम तैयार हो गए हैं। कुल 3736 वाह्य कक्ष निरीक्षक तैनात किये जाने हेतु कार्यवाही चल रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल, नकल विहीन पारदर्शी ढंग से संपन्न करना है। उन्होंने कहा कि गलती होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की बोर्ड परीक्षा 2025 को सकुशल संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर लें तथा परीक्षा केन्द्रों पर बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान की व्यवस्था, पीने हेतु पानी, शौचालय, छात्र-छात्राओं के प्रवेश के समय जांच तलाशी की व्यवस्था, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन तथा अन्य किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स परीक्षा केंद्र के अंदर लेकर जाना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। सीसीटीवी कैमरे से पल-पल की निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा सभी को मिलकर यूपी बोर्ड परीक्षा को बेदाग संपन्न करना सब की जिम्मेदारी है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकल विहीन, सुचिता पूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। सभी परीक्षा केंद्रों पुलिस फोर्स सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे।

## बागापार के श्याम करन ने खलीलाबाद के मंजीत को दिखाया आसमान



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बागापार चौराहा स्थित बुधवार वाली बाजार में एक दिवसीय विशाल कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन किया गया। कुश्ती में कुल बाइस जोड़ी पुरुष व 4 जोड़ी महिला पहलवानो ने भाग लिया ।जिसमे पुरुष वर्ग में बागापार के श्याम करन व खलीलाबाद के मंजीत के बीच जबरजस्त मुकाबला चला जिसमे श्याम करन ने मंजीत को पटकनी देते हुए आसमान दिखाया ,दूसरा मुकाबला सत्येंद्र धनेवा धनेई और खलीलाबाद के जुगुल के बीच हुआ जिसमें सत्येंद्र ने बाजी मार कर बहबाही लूटी। महिला महिला वर्ग में आचल और कविता के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कबिता यादव ने बाजी मारी है। साक्षी गुप्ता व प्रिया के बीच बराबरी का मुकाबला देखने को मिला आरुषि ने अंजलि को,खुशी ने अर्चना को आसमान दिखाया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान बागापार विवेक प्रताप सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता नागेन्द्र शुक्ल ने कुश्ती का शुभारंभ कराया, जिसमे वरिष्ट अतिथि में आकाश गुप्ता,व सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक कुमार गुप्ता,भाजपा नेता आकाश श्रीवास्तव, सपा नेता जितेंद्र यादव, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय पहलवान शैलेश यादव व रेफरी का फर्ज अदा करते नेवास अली ने किया। इस दौरान कार्यक्रम का संयोजक श्याम करन यादव द्वारा किया गया।

# कॉलेज में आयोजित हुआ विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के बरसाती यादव इण्टर कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के विद्यालय के प्रबंधक राममूरत यादव ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से संकल्प लेकर पढ़ने वाले बच्चे सफल होते है। कहा कि इंटरमीडिएट की परीक्षा आपके जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है। कहा कि ध्यान पूर्वक प्रश्नों को पढ़ते हुए उत्तर दे जिससे आपको परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त हो। विद्यालय के संचालक राम सूरत यादव ने कहा कि संस्कारो और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। आज आधुनिकता की दौर में हमे अधिक से अधिक जानकारी रखने की आवश्यकता है तभी हमारी अलग पहचान होगी। कहा कि सरकार पढ़ने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान करती है जिससे बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित जन मानस का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक द्वारा विद्यार्थियों को पैड और पेन देकर परीक्षा देने हेतु बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक जय प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को विद्यालय की प्रधानाचार्य रेनू यादव आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान सावित्री बाई फूले विचार मंच के अध्यक्ष बब्बन प्रसाद, जय प्रकाश यादव, मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राधेश्याम यादव, विशाल पाण्डेय, सोनाली सिंह, गीता कसौधन, खुश्बू गुप्ता, याशमीन कल्पना पाण्डेय, विपिन मौर्य, विनोद मौर्य, शकील अहमद, जगन्नाथ, मनीष यादव, माधव प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## विज्ञान प्रदर्शनी का स्टाल काबिले तारीफ : प्रधानाचार्य



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को न्यू डिजिटल पब्लिक स्कूल सेहरी खुर्द में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र/ छात्राओं के द्वारा गीत, नाटक, भाषण, और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी का स्टाल भी लगाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक बबलू पाठक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि माता प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि जो आप लोगों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया है वो काबिले तारीफ है आगे आप लोग इससे अच्छा करने की कोशिश करें और यहां से जो भी छात्र छात्राएं आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए जहां भी जाए वहां पर खूब मन लगाकर पढ़ाई करे जिससे अपने भविष्य को उज्वल बना सके। विशिष्ट अतिथि सागर पाठक ने कहा की आज के इस दौर में छात्र छात्राओं के कंधे पर ही भारत के भविष्य की जिम्मेदारी है आप ही आने वाले कल के भविष्य है इसलिए खूब अच्छे से पढ़ाई करे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पाठक ने आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किए। कमरुज्जमा खान, बबलू खान, सुशील तिवारी, कमाल अहमद, वीरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, राम बिलाग यादव, भारत तिवारी, लौटूराम पाण्डेय, संदीप गुप्ता, बुद्धिसागर, ज्ञानदेव मौर्या, शिवा पाठक, रीना शुक्ला, नेहा पाठक, सोनी पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# जीवन में शिक्षा का विशेष महत्वपूर्ण स्थान : डॉ. अमित

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया। शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ के डा0अमित सिंह ने सरस्वती मां के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चल रहे शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में डा0अमित सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र- छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करेंगे। शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है और पढ़-लिखकर उच्च पद पर आसीन होंगे। प्रधानाध्यापक डा0आशुतोष सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। छात्र छात्राओं ने अपने हुनर व कला का प्रदर्शन करने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिलता है और उन्होंने कहा कि शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव में देश के ऐतिहास के बारे में बताने से ज्ञान अर्जित होती है।इस शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कविता, मुस्कान, निंदा, इफरान मलिक, शालिनी चौधरी आदि छात्र छात्राओं ने अपने कला के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम,अमर शहीदों की झांकी प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।इस दौरान डा0अमित सिंह, ग्राम प्रधान अश्वनी चौबे, प्रधानाध्यापक डा0 आशुतोष सिंह, शिक्षक बाबूलाल, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, अभिनव मिश्रा, सुप्रिया राय, एसएमसी अध्यक्ष राममिलन, उपाध्यक्ष रेनू व ग्रामीण मौजूद रहें।

# जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के मध्य विधिक व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सोमवार को मनोज कुमार तिवारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के मध्य विधिक जागरूकता शिविर तथा मुख्य चिकित्साधिकारी के समन्वय से क्षयरोग (टीबी) की पहचान एवं उपचार के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों के बीच टीबी संक्रमण की पहचान करना और उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करना है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो समय पर जांच और उपचार न मिलने पर गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा कर सकती है।

इस शिविर के माध्यम से जेल में निरूद्ध 205 बंदियों की जांच की गयी, जिससे बीमारी की समय पर पहचान और रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। साथ ही मंगलवार को शेष बंदियों की जांच की जायेगी। इस दौरान हैंड-होल्ड एक्स-रे मशीन से स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य जागरूकता अंतर्गत शिविर के दौरान बंदियों को क्षयरोग के लक्षण, बचाव के उपाय और उपचार प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर में संभावित टीबी रोगियों की न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट मशीन के माध्यम से जांच कराई जाये। यह मशीन टीबी संक्रमण की त्वरित और सटीक पहचान करने में सहायक होती है, जिससे मरीजों को शीघ्र उपचार मिल सके। साथ ही साथ उक्त बंदियों की एचआईवी जांच भी की गयी तथा बचाव के उपाय और उपचार प्रक्रिया के बारे में चिकित्सकों द्वारा जागरूक किया गया। उक्त विशेष जागरूकता शिविर में अधीक्षक जिला कारागार सचिन वर्मा, कारापाल रामसिंह यादव, उपकारापाल मुकेश प्रकाश, उपकारापार अजीत कुमार, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक-डीटीसी फिरोज अहमद, टीबीएचवी शम्स परवेज, परामर्शदाता- आईसीटीसी आशीष कुमार, एलटी- आईसीटीसी आशुतोष कुमार पाण्डेय एवं एक्स-रे तकनीशियन राहुल पाण्डेय तथा जिला कारागार के कर्मचारीगण तथा बंदीगण उपस्थित रहे।

# केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस परेशान

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी पीडीए जन पंचयत चौपाल का आयोजन कस्बे के नेहरू नगर व शास्त्रीनगर वार्ड में रविवार की रात में किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस काफी परेशान है।

यह सरकार गरीब विरोधी है इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है तथा अमीर और अमीर होता जा रहा है। पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि भाजपा समाज को बांटकर कर सत्ता सुख भोग रही है। इस सरकार में किसान, गरीब, मजदूर सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, मंहगाई के बोझ तले आम आदमी दबता चला जा रहा है। पूर्व विधायक व सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव ने कहा कि इस सरकार में दलित, पिछड़ा और अपलसंख्यक काफी उपेक्षित है। पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश में सपा की सरकार बनाने के लिए अभी से लग जाए। पूर्व नपा अध्यक्ष व सपा जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथ स्तर पर काम करे। नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि इस सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम आदमी काफी परेशान है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं,महंगाई अपने चरम पर है, पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कपिल देव, गणेश दत्ता, रिजवान अहमद सब्बू, शाकिर अली , अशफाक, अरुण गुप्ता, रूस्तम राईनी, राम केवल, रामकिशोर, भोला प्रसाद, मनोज, प्रहलाद के सी त्रिपाठी, अजहर खान, पवन कुमार यादव, राधेश्याम जयसवाल, सत्य प्रकाश, इरफान खान, भीम, महताब आलम आदि मौजूद रहे।

## मुशीर आलम दूरसंचार सल्हकार समिति के सदस्य नामित

दानिश मेहदी

**अम्बेडकरनगर।** टांडा नगर के बुनकर नेता मुशीर आलम को दूर संचार सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया। बुनकर नेता ने सदस्य नामित किए जाने की सूचना पर बुनकर नेता को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है साथ ही लोग सपा सांसद लालजी वर्मा का भी आभार प्रकट कर रहे है कि उनके ही प्रयास से बुनकर नेता पूर्व सभासद मुशीर आलम को समिति का सदस्य नामित किया गया है इस मौके पर मौलाना इम्तियाज , हाजी अशफाक अहमद , ब्लाक प्रमुख सुरजीत वर्मा , राम अचल गौतम, आलोक यादव , मोहम्मद आमिर सिद्दीकी , सैय्यद अली , सहित बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है बुनकर नेता मुशीर आलम ने सांसद लालजी वर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसका पूरी निष्ठा के साथ पालन करने का काम करूंगा।

## नपं अध्यक्ष ने 101.75 लाख रुपयें की लागत से होने वाले नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**बढ़नी चाफ़ा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर में गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था के साथ नगर के रास्तों को साफ-सुथरा रखना हर नगरवासी का कर्तव्य है। उक्त बातें नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए उपस्थित नगरवासियों को संबोधित करते हुए कही। वह सोमवार को नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं 7 नाथ नगर मदाराडीह में सभासद सुनील यादव के साथ 101.75 लाख रुपयें की लागत से होने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान प्रमोद गौतम, जनक राम, अनिल, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## जेईई मेंस में घनश्याम ने 97.26 प्रतिशत अंक पाये

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जेईई मेंस के पहले चरण की परीक्षा में



अच्युतानन्द देवीप्रसाद पाण्डेय इंटर कॉलेज, पेंडारी बुजुर्ग थाना खेसरहा के छात्र घनश्याम पांडे पुत्र श्रीराम रूप पांडे व श्रीमती अंजनी पांडे ने 97.26 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। घनश्याम पांडेय अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। घनश्याम पांडे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि यह सफलता नियमित पढ़ाई से और बिना किसी कोचिंग के सहायता के हासिल की है। उनकी इस सफलता से विद्यालय और क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया है।

## आवेदन पत्र आमंत्रित

**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में कम्प्यूटर, टाइपिंग, आशुलिपि, सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, प्रारम्भिक गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एवं एकाउन्टेन्सी का एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध का निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु इण्टरमीडिएट उर्तीण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 24 मार्च 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित है। उक्त जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने दी है। उन्होने बताया कि आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। (आरक्षित वर्ग हेतु नियमानुसार छूट)। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 26 मार्च 2025 एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27 मार्च 2025 को इस कार्यालय में प्रातः 10 बजे सम्पन्न होगा।

## जन्मदिन मनाया गया

**बस्ती।** कीर्ति प्रकाश भारती, मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा अपनी पत्नी खुशबू आर्या तथा बेटी अनुकृति कीर्ति के साथ प्राथमिक विद्यालय भुअर निरंजनपुर विकास खण्ड बस्ती सदर में अपना जन्मदिन मनाया गया। विद्यालय पहुचकर बच्चों के साथ सहज वातावरण बनाते हुए प्रश्न पूछे गये जिसका सभी बच्चों ने पूरे जोश से जवाब दिया। विद्यालय में उपस्थित बच्चो ने कविताये सुनाई तथा उनसे सामान्य ज्ञान की बाते भी पूछी गयी। विद्यालय में उपस्थित बच्चों के साथ मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा अपने जन्मदिन का केट काटते हुए पूरे हर्षोल्लास मनाया गया। बच्चों को टॉफी-चॉकलेट आदि वितरित किया गया।

# पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर कंबल वितरण केक काटकर मनाई खुशी

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** सोमवार को पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायक इटवा डॉ सतीश द्विवेदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम इटवा बक्सी राजस्व ग्राम मुड़िला शिवदत्त के श्री इच्छा पूर्ण बाला जी सार्वजनिक हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक संजय मिश्रा ने कहा कि डॉ सतीश द्विवेदी जी सदैव स्वस्थ रहें एवं उनकी मनोकामना पूर्ण हो इसी लिए इस प्रकार के कार्यक्रम को करते हुए केक काट कर जन्म दिवस मनाया गया एवं उनके लिए प्रार्थना किया गया। सहयोग में अवधेश कुमार पाठक, श्याम लाल यादव, गणेश विश्वकर्मा, अशोक पाण्डेय, मया राम भारती, सतीश यादव, सोमई यादव, जोखन प्रसाद अर्कवंशी शेष राम गौतम,पंचम यादव, लाल जी त्रिपाठी, सहित समस्त हिन्दू जनमानस उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री हम लोग के अभिभावक डॉ0 सतीश द्विवेदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अपने सभी भाग्य विधाता जनता जनार्दन के आशीर्वाद स्वरूप उपहार देने हेतु महादेव घुरहू में कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़े भैया जिला मंत्री कृष्णा, चेयर मैन इटवा विकास जायसवाल मंडल अध्यक्ष दीप नारायण त्रिपाठी, अमित दुबे, वरिष्ठ नेता अजय पांडे सभासद प्रतिनिधि प्रमोद पांडे, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, सभासद प्रतिनिधि पप्पू, वरिष्ठ नेता अमित मिश्रा, गुड्डू यादव, शिव मंगल, अकरम अली आदि मौजूद रहे।

# इटवा में बाइक से आए दो चोर गाड़ी लेकर फरार



**एसओजी व पुलिस टीम जांच में जुटी**

**सीसीटीवी में कैद हुई पिकअप चोरी की वारदात**

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के कमदा लालपुर में एक चोरी की वारदात सामने आई है। इटवा-डुमरियागंज मार्ग पर जेकेजे हॉल के पास खड़ी एक पिकअप गाड़ी यूपी 11 टी 9724 को चोर रविवार की रात चुरा ले गए। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि दो युवक बाइक से आए और पिकअप में बैठकर उसे स्टार्ट किया। इसके बाद वे गाड़ी को इटवा चौराहे की तरफ ले भागे। पिकअप के मालिक मजीबुर्रहमान पुत्र सहाबुद्दीन ने बताया कि उन्होंने रात में अपनी गाड़ी घर के सामने खड़ी की थी। सुबह जब उन्हें चोरी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इटवा थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है और चोरों की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले से सर्विलांस और एसओजी टीम भी आई थी इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा और चोरी की गई पिकअप को बरामद कर लिया जाएगा।

## डीएम ने किया जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित पीएम श्री योजनान्तर्गत जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का सोमवार को जिला स्पोटर्स स्टेडियम में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गुब्बारा छोड़ा गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लोगो को शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि बच्चों को पढ़ने के साथ-साथ खेल में भी रूचि रखना चाहिए। बच्चों की जिस क्षेत्र में रूचि हो उस क्षेत्र में उनके अभिभावक एवं अध्यापक की जिम्मेदारी होती है उस क्षेत्र में आगे ले जाये। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी को मार्चपास्ट की सलामी दी गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीप्रकाश सिंह द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रविवार को टेराकोटा कार्यक्रम आयोजित



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोटन मे कौशल विकास योजना के तहत भगत सिंह सेवा संस्थान के माध्यम से रविवार को टेराकोटा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ उपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे हुआ जो 16 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगा। डिजाइनर कुलदीप कुमार ट्रनर दिनेश कुमार के माध्यम से 30 महिलाओ को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। इस दौरान ट्रनर ने कहा की इस योजना में महिलाएं जुड़े और इससे अच्छा लाभ मिलेगा। इस दौरान अजय पाण्डेय, राज सिंह, सुभांशु सिंह, नन्हे सिंह, राजकुमार प्रजापति सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## तहसील प्रशासन का अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ0 संजीव दीक्षित के निर्देश के क्रम में तहसीलदार डुमरियागंज के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा वार्ड नंबर- 11 श्रुतिकीर्तिनगर नगर पंचायत भारतभारी ग्राम करौता तप्पा सगरा तहसील डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर स्थित गाटा संख्या 110/00.041हे पर ग्रामवासी राम सुंदर राम रेख व रामतेज द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल विपिन तिवारी, संजय वरुण, सत्येंद्र मिश्रा, इरशाद सहित नगर पंचायत भारतभारी की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

# अल महदी पब्लिक स्कूल हल्लौर में विज्ञान एवं शिल्प कला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- स्कूल में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ विज्ञान और शिल्प कला की प्रदर्शनी से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जागती है : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी
- इस तरह के आयोजनो से बच्चों में विज्ञान एवं शिल्प कला के प्रति रुचि बढ़ती है : इं0 इरशाद अहमद खान

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित अल महदी पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं शिल्प कला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्कूली छात्र छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक और रचनात्मक सोच का परिचय देते हुए मॉडल का निर्माण कर प्रदर्शित किया।

विज्ञान एवं शिल्प कला स्थल रंग-बिरंगी सजावट से सराबोर रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विज्ञान के मॉडल्स, कला के उत्कृष्ट नमूने और हस्तशिल्प के अनोखे उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। प्रत्येक स्टाल पर अलग-अलग विषयों की जानकारी दी जा रही थी। जो न केवल छात्रों के लिए बल्कि सभी उम्र के लोगों के लिए प्रेरणादायक थी। विज्ञान के स्टालों में आधुनिक तकनीकों और आविष्कारों को प्रदर्शित किया गया था। विज्ञान एवं शिल्प कला का बतौर मुख्य अतिथि मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी, डॉ. फखरुल हसन और इं0इरशाद खान ने बच्चो द्वारा बनाये गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि स्कूल में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ विज्ञान और शिल्प कला की प्रर्दशनी से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जागती है। खैर टेक्निकल इंटर कालेज के प्रबंधनक इं0 इरशाद अहमद खान भी कार्यक्रम में पहुचे और बच्चों के मॉडल को देखते हुए उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनो से बच्चों में विज्ञान एवं शिल्प कला के प्रति रुचि बढ़ती है और वे अपनी क्षमता को नए आयाम तक पहुचाने के लिए प्रेरित होते है। प्रबंधक डॉ0 फखरुल हसन रिज़्वी ने स्कूल स्टाफ की सराहना करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य आफरीन रिज़्वी ने बताया कि स्कूल के सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने साइंस वर्क बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया। कक्षा 8 की छात्रा अमर कृति सिंह आना जेहरा अहमद फातिमा अमीना जेहरा इशरत जहां आलिया तंजीम जेहरा मोहम्मद अब्बास जीशान अनस शादाब ने बेहतरीन साइंस के नमूना प्रस्तुत किए कक्षा 5 की छात्रा अरबाज जेहरा तथा वितुल जरा प्रदूषण के बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया कक्षा 5 के आयान अली ने तथा अजर अल्तमश नबी मॉडल बनाया कक्षा 7 की छात्रा शिरीन मशीयत तथा कक्षा 6 की छात्रा आंजलना अनुष्क कक्षा 4 की छात्रा इन्नामा सहित बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत किया। इस दौरान आफरीन रिज़्वी प्रधानाचार्य, तनवीर हसन, सैय्यद अली सबरोज़,रवि मिश्रा, फरहीन शेख,चांदनी अंजुम, नेहा पाण्डेय, हसन मेहदी, अभिषेक श्रीवास्तव, मोहम्मद कैफ, सलोनी खादिम, शाइस्ता फातिमा,असगर शिकोह, यासमीन अशरफ, रोशनी तैयाबती, कैसर अब्बास सहित तमाम अभिभावकों के साथ छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## वक्फ पर सियासी बवाल

भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है। कानून का राज है, तटस्थ और विवेकी न्यायपालिका है। इस देश में वक्फ बोर्ड भी है। वह जिस इमारत, जमीन, गांव और सैकड़ों साल पुराने मंदिर और मठ की तरफ अपनी उंगली उठाता है, तो वह उसकी संपत्ति मान ली जाती है। बेशक विवादों के लिए एक ट्रिब्यूनल भी है, लेकिन उसमें 40,950 से अधिक मामले अब भी लंबित पड़े हैं। 9942 मामले ऐसे भी हैं, जो मुसलमान वादियों ने ही वक्फ के खिलाफ कर रखे हैं। देश में सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक वक्फ बोर्ड के अधीन 9.40 लाख एकड़ जमीन है। आर्थिक विश्लेषण किया जाए, तो उस जमीन से 1.25 लाख करोड़ रुपए की आमदनी होनी चाहिए। वक्फ जमीन के कब्जेबाज सिर्फ 200 करोड़ रुपए की आमदनी ही मानते रहे हैं। क्या यह किसी घोटाले की ओर संकेत करता है? क्या ऐसी निरंकुशता और कानूनहीनता किसी संवैधानिक देश में स्वीकार्य हो सकती है? यह बुनियादी आधार है, जिस पर वक्फ बोर्ड के नए कानून, नए नियमों और पूरी तरह कानूनी प्रारूप के लिए मौजूदा कानून में संशोधन अनिवार्य है। भारत में सेंट्रल और राज्य के कुल 30 बोर्ड कार्यरत हैं। लाखों संपत्तियां वक्फ बोर्ड के अधीन हैं, लेकिन आम मुसलमान के लिए कोई फायदा नहीं। आम मुसलमान के लिए कोई अधिकृत अस्पताल नहीं। आधुनिक स्कूल, कॉलेज नहीं हैं। जरूरतमंद के लिए आर्थिक मदद की कोई विशेष योजना नहीं है। मुसलमानों की स्थिति पर सच्चर कमेटी की रपट में भी वक्फ पर कई गंभीर और तल्ख टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल एक ताकतवर तबके के वक्फ बोर्ड के जरिए लाखों संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 के तहत न तो किसी के मौलिक अधिकार छीने जा रहे हैं, न मजहबी आजादी को 'गुलाम' बनाया जा रहा है और न ही सरकार किसी मस्जिद, इबादतगाह, दरगाह, मदरसों, कब्रिस्तानों आदि पर कब्जे के मंसूबे पाले बैठी है।

संविधान और प्रभावशाली न्यायपालिका के देश में यह करना संभव भी नहीं है। मुस्लिम सांसद ओवैसी साक्ष्यों और अतीत की घटनाओं के आधार पर यह साबित करें कि सरकार वक्फ संशोधन कानून इसलिए बनाना चाहती है, ताकि मुसलमानों की वक्फ परिसंपत्तियों को हड़पा जा सके। मुस्लिम और उनके वोट बैंक पर जिंदा राजनीतिक दलों के नेता औसत मुसलमान को भड़काने और आंदोलित करने की सियासत कर रहे हैं, लिहाजा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 655 पन्नों की रपट को 'फर्जी' करार दिया है। उसे अलोकतांत्रिक, संविधान-विरोधी और प्रक्रिया-विरोधी भी माना है। लोकतांत्रिक भारत में 'असंवैधानिक' तो यह है कि वक्फ संपत्तियों का कोई 'सेंट्रल डाटा' ही उपलब्ध नहीं है। वक्फ वाले तो संसद भवन की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानते हैं। शुक्र है कि अभी राष्ट्रपति भवन उनकी निगाहों से बचा हुआ है। वक्फ को लालकिला और कुतुब मीनार की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानने में कितना वक्त लग सकता है? हैरान व्यवस्था है कि वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती! अब संशोधित बिल के अनुसार ट्रिब्यूनल के फैसले को राजस्व अदालत, सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ में ऐसे कई बिंदु और व्यवस्थाएं हैं, जिन्हें कानून के दायरे में लाना संसद का दायित्व है।

**देश की कानून व्यवस्था एवं न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से 'हताश' हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे।**

# मन्दिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त हो

मन्दिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है।



ललित गर्ग



महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया का करण बनता है? योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए भले ही वीआईपी सिस्टम पर रोक लगायी हो, लेकिन इस रोक के बावजूद महाकुंभ में वीआईवी संस्कृति बाद में भी पूरी तरह हावी रही है। महाकुंभ हो या प्रसिद्ध मन्दिर वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 7 जनवरी को ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्हें ऐसे हासदे की उम्मीद भी नहीं रही होगी। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है। यह एक अतिक्रमण है। यह मानवाधिकारों का हनन है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों में तो बिल्कुल भी नहीं।

देश की कानून व्यवस्था एवं न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से 'हताश' हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे। इस तरह की सरकारी घोषणाएं भी समस्या का कारगर उपाय न होकर कोरा दिखावा होती रही है। अक्सर नेताओं एवं धनाढ्यों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को आम लोगों के लिये बंद कर दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है, लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। वीआईपी लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती है, मन्दिर के मूल परिसर-गर्भ परिसर में दर्शन कराये जाते हैं, उनके वाहन मन्दिर के दरवाजे तक जाते हैं, उनके साथ पुलिस-व्यवस्था रहती है, जबकि आम श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल चलना होता है, भगवान के दर्शन दूर से कराये जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की की जाती है।

तीर्थस्थलों और गंगा स्नान में वीआईपी संस्कृति की बात कि जाये तो महाकुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार या वाराणसी जैसे तीर्थस्थलों पर आम श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन वीआईपी के लिए अलग घाट बना दिये जाते हैं। जहां आम लोग भीड़ में संघर्ष करते हैं, वहीं खास लोगों के लिए विशेष स्नान व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। कई बार वीआईपी के स्नान के लिए आम श्रद्धालुओं को घंटों रोका जाता है, जिससे भीड़ में अफरातफरी तक मच जाती है। सवाल ये हैं कि जहां करोड़ों लोग जुट रहे हों, वहां आम श्रद्धालुओं की असुविधा को बढ़ाकर वीआईपी स्नान जैसी व्यवस्था क्यों? वीआईपी स्नान के बेहूदे एवं शर्मनाक प्रदर्शन की टीस महाराज प्रेमानंद गिरि के शब्दों में दिखी जब उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा ध्यान वीआईपी पर था। आम श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उनका आरोप है कि पूरा प्रशासन वीवीआईपी की जी-हुजूरी में लगा रहा, तुष्टीकरण में लगा रहा।

मोदी के शासन-काल में हिन्दू मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों के लिये जनता का आकर्षण बढ़ा है, बात चाहे श्रीराम मन्दिर अयोध्या की हो या महाकुंभ की या ऐसे ही अन्य धर्मस्थलों की, करोड़ों की संख्या में आम लोग इन स्थानों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन ईश्वर के दर्शन भी उनके लिये दोयम दर्जा एवं असमानता लिये हुए है। देश की आजादी के बाद सरकार ने कुछ मंदिरों में ट्रस्ट के माध्यम से व्यवस्था अपने हाथों में ली। शुरुआत में तो सभी मंदिर आम आदमी के लिये सुगम थे लेकिन धीरे धीरे अब इसमें प्रशासन के लोग अपनी घुसपैठ जमाने लगे। भीड़ भाड़ की स्थिति में अपने लोगों, अधिकारियों एवं नेताओं के लिए अलग से व्यवस्था का इंतजाम करने लगे। धीरे-धीरे ये राजनेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों के वीआईपी दर्शन का आधार बनने लगे। इसका स्वरूप फिर से एक बार और बदला और एक नई संस्कृति का उदय हुआ और वह था वीआईपी दर्शन जो उनलोगों के लिए था जो एक विशेष शुल्क देकर उसका लाभ उठा सकते हैं, यानि भगवान के दरबार में भी दो तरह की व्यवस्था हो गई। एक आम जनता के लिए और एक उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से सक्षम हों।

# लोकतंत्र के आईने में मिल्कीपुर चुनाव

जयशंकर पाण्डेय

**2014 के लोक सभा चुनाव में जब मोदी जी भाजपा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनाव की शुरूआत की तो उन्होंने पूरे देश को सम्बोधित करते हुये कहा था कि दिल्ली में हमारी सरकार बनाइये हम हर वर्ष दो करोड़ नवयुवकों को सरकारी नौकरी देंगे। हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देंगे। 100 दिन के अंदर महंगाई कम कर देंगे, विदेश से काला धन वापस लायेंगे और हर आदमी के खाते में 15 लाख रूपया डाल देंगे। किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। रूपये के गिरते हुये मूल्य कोडालर के मुकाबले बराबर करने का प्रयास करेंगे।**

भारतीय जनता पार्टी ने बहुप्रतीक्षित मिल्कीपुर विधान सभा चुनाव 8 फ़रवरी, 2025 को जीतकर अयोध्या की हार (लोक सभा फैजाबाद) का बदला दलित सांसद अवधेश प्रसाद और मिल्कीपुर विधान सभा के इंडियन गठबंधन के अजीत प्रसाद से ले ही लिया और अयोध्या के माथे का कलंक छुड़ा दिया, लेकिन यह बदला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अजीत प्रसाद और उनके दलित पिता सांसद अवधेश प्रसाद से लिया गया है या इस क्षेत्र की महान जनता से यह विचारणीय विषय है और आने वाला भविष्य इसका सही निर्णय करेगा कि लोकतंत्र की कहानी भी अलोकतांत्रित ढंग से विधि के साचें में कैसे लिखी जा सकती है?

अयोध्या मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी के साथ ही भारतीय संस्कृति का केन्द्र बिन्दु भी है। सनातन धर्म के परिवेश में यहीं पर जैन धर्म के महान प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव सहित कई तीर्थ शंकर यहां पैदा हुये हैं। भगवान गौतम बुद्ध ने यहीं दन्तधावन कुण्ड पर तपस्या की थी। गुरूनानक देव जी ने ब्रहमकुण्ड पर रहकर यहां की धरती को पवित्र किया था। मुस्लिम समाज अयोध्या को अपना खुर्द मक्का कहते हैं। इस तरह सनातन धर्म की विविधता और कई पंथों को अपने ऑचल में समेटे हुये भारतीय संस्कृति के स्वर्णिम इतिहास को विश्व के पटल पर अयोध्या प्रस्तुत कर रही है। जब श्री राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के प्रकरण में समाधान के लिये प्रक्रिया शुरू हुयी तो उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जिन्हें मोदी की भाजपा सरकार ने मरणोंपरान्त पद्मविभूषण सम्मान से सम्मानित किया है कहा था कि राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद प्रकरण का समाधान या तो दोनों पक्षों की आम सहमति के द्वारा अथवा न्यायालय के निर्णय के द्वारा किया जाना चाहिये और जब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से श्री राम जन्म भूमि के प्रकरण का निर्णय हुआ तो इसका पूरे देश ने स्वागत किया और श्री राम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। सन् 2014 के लोक सभा चुनाव में जब मोदी जी भाजपा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनाव की शुरूआत की तो उन्होंने पूरे देश को सम्बोधित करते हुये कहा था कि दिल्ली में हमारी सरकार बनाइये हम हर वर्ष दो करोड़ नवयुवकों को सरकारी नौकरी देंगे। हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देंगे। 100 दिन के अंदर महंगाई कम कर देंगे, विदेश से काला धन वापस लायेंगे और हर आदमी के खाते में 15 लाख रूपया डाल देंगे। किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। रूपये के गिरते हुये मूल्य कोडालर के मुकाबले बराबर करने का प्रयास करेंगे और हवाई चप्पल पहनने वाले साधारण आदमी को हवाई यात्रा कराने की स्थिति पैदा कर देंगे। और इस देश को फिर से विश्व गुरू बनाकर भारत की गरिमा और महिमा को बढायेंगे और देश की महान जनता ने मोदी जी के नारों पर मुग्ध होकर उन्हें देश के प्रधानमंत्री पद की बागडोर सौंप दी। 2014 में




सत्ता प्राप्ति के बाद दिल्ली की भाजपा सरकार मोदी जी के नेतृत्व में नोट बंदी की जिससे करोड़ो लोग बेरोजगार हो गये। और कोरोनाकाल की भीषण त्रासदी से लाखों लोग काल के गाल में समा गये। और जितने भी वादे किये थे उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया और 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन ने उन्हें चुनौती देना शुरू किया। देश के प्रमुख शंकराचार्यो के विरोध के बावजूद भी मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर में मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया और विश्व के राजनायकों, उद्योगपतियों को आमंत्रित करके वृहद स्वरूप दिया और जिसका श्रेय भारतीय जनता पार्टी और स्वयं को प्रस्तुत किया।

मोदी जी ने इस महान आयोजन को भारतीय जनता पार्टी के मतदाताओं के रूप में बदलना चाहते थे। लेकिन लोक सभा 2024 के चुनाव में जब संविधान बदलने का मोदी जी ने आवहन किया और अयो ध्या के सहारे अबकी बार 400 पार का नारा दिया तो लोक सभा चुनाव में अयोध्या (फैजाबाद लोक सभा) सहित अयोध्या मण्डल में ही भाजपा हार गयी और जहां पर महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है। भाजपा वहां भी हार कर उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की जीत के बाद दूसरी पार्टी बन गयी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी एक बड़े नेता के रूप में उभर कर देश के सामने आये।

अयोध्या (फैजाबाद लोक सभा) चुनाव में भाजपा क्यों हारी? इसके पीछे उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार आने के बाद आज तक कोई नई नजूल भूमि की नीति लागू नहीं हुयी और नजूल भूमि के नाम पर अयोध्या के रामपथ पर हजारों की संख्या में दुकानदारों और निवासियों को प्रताड़ित किया गया और भूमि का वास्तविक मुआवजा भी नहीं दिया गया और आज भी नजूल के नाम पर जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही की तलवार किसानों पर लटक रही है। देश में अयोध्या एक ऐसा शहर है जहां विश्वविद्यालय के भवन को गिराकर हवाई अड्डा बनाया गया है जबकि यही हवाई अड्डा अगर शहर से 15-20 किलोमीटर दूर बनाया गया होता तो जनपद मे एक नया शहर बन सकता था। और जमथरा बिल्हर घाट मार्ग को फोरलेन बनाकर एक नये शहर को विकसित किया जा सकता था। लेकिन भाजपा की अदूरदर्शी नीति के कारण प्रभावित हुये समाज से भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा लेकिन भाजपा ने आत्मावलोचन करने के बजाये कलंक का ठीकरा अया ध्या की महान जनता के माथे पर लगा दिया।

इसके बाद उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में प्रदेश की योगी सरकार ने यह तय कर लिया कि हमें हर हाल में उत्तर प्रदेश को उपचुनाव की सारी सीटें जीतनी हैं और यह संयोग ही था कि 29 जुलाई, 2024 का भदरसा में एक निषाद पुत्री के साथ दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। जिसकी एफआई.आर. पूराकलंदर थाने में दर्ज हुयी और 31 जुलाई, 2024 अवधेश प्रसाद दलित सांसद का जन्म दिन था और वह लोक सभा में अधिष्ठाता के रूप में लोक सभा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे, यह भारतीय जनता पार्टी के लिये असहय हो गया और यहीं से उप चुनाव को जीतने के लिये समाज को बांटने की प्रक्रिया शुरू हो गयी और उपचुनाव को जीतने की पटकथा लिखी जानी लगी। उत्तर प्रदेश के नौ उपचुनाव में मिल्कीपुर विधान सभा का उपचुनाव तकनीकी कारण पर स्थगित कर दिया गया और तमाम विसंगतियों के बावजूद समाजवादी पार्टी दो सीटों पर चुनाव जीती और शेष पर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीती। जबकि कटेहरी और मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेदारी स्वयं मुख्यमंत्री ने लिया था। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 फ़रवरी, 2025 को मतदान हुआ और इसके पहले मिल्कीपुर विधान सभा में योगी सरकार के बीसों मंत्री और दर्जनों विधायक लग करके चुनाव को प्रभावित करने के लिये हर ढंग से प्रयास किये। और यहां तक की पी.डी.ए. से जुड़े हुये सारे बी.एल.ओ. हटा दिये गये।

## हिरणों की सुरक्षा व संवर्धन के लिये स्थापित हुआ था है जो 'दुधवा राष्ट्रीय उद्यान'

ओम प्रकाश 'सुमन'

दुधवा नेशनल पार्क की स्थापना हिरणों की संरक्षण के लिए ही हुई थी क्योंकि यहां पर हिरणों की अधिकता थी और उनके संरक्षण की बहुत ही आवश्यकता महसूस की गई। भारत में कुल आठ प्रकार के हिरण पाए जाते हैं हिमालय क्षेत्र में कस्तूरी मृग होते हैं कश्मीर में हंगुल तथा मणिपुर में डासिक हिरण पाए जाते हैं। हिरण प्रजाति की सबसे अधिक संख्या यहां दुधवा में है। जहां 5 प्रजातियों के हिरण पाए जाते हैं इनमें बारासिंघा, सांभर, चीतल, पाढ़ा तथा काकड़ है। हिरण या मृग एन्टी लोप प्रजाति में नीलगाय, काला मृग आदि आते हैं। उनके सींग स्थाई एवं बिना शाखाओं के होते हैं जबकि हिरण प्रजाति के सींग शाखा वाले होते हैं हिरणों के सींग प्रतिवर्ष गिर जाते हैं गिरने के बाद नए सींग उगआते हैं। हिरणों की खाल का रंग ऋतु के अनुसार हल्का या गाढ़ा होता रहता है। हिरणों के सींग के बारे में यह जानना भी जरूरी है कि हिरण के सींग एक मोटी रोयेंदार खाल से लिपटे होते हैं जिसे बेट कहते हैं। हिरण प्रजनन के कुछ समय बाद अपने सींग गिरा देते हैं।सीग गिरने का समय हिरण की प्रजाति एवं उम्र के अनुसार अलग-अलग होता है। प्रजनन के समय नर. मादा पर आधिपत्य के लिए भी लड़ते हैं। उनके सींग ही इनकी मांस भक्षी वन्य जीवों से रक्षा करने में भी सहायक होते हैं। हिरणों का निवास एवं भोजन सभी जुगाली करने वाले चौपायों की तरह ही होता है। यह वन में उगी घास व अन्य पौधों को चरकर अपना भोजन प्राप्त करते हैं।प्रत्येक प्रजाति प्रकृति के जीवन चक्र में अपना एक विशेष भूमिका प्रस्तुत करती है। निवास में सांभर हिरण वन में, चीतल जंगल के किनारों पर रहता है। बारहसिंघा दलदली भूमि मे रहता है, पाढ़ा प्रजाति ऊंची घास के मैदानों में तथा काकड़ प्रजाति के हिरण वन के निचले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

हिरणों को सूंघने, सुनने तथा दौड़ने की शक्ति एवं तीव्र दृष्टि ही खतरों से बचाती है जंगल में मांस भक्षी वन्यजीव हिरण प्रजाति से ही पर्याप्त भोजन प्राप्त करते हैं। खतरे से बचाव के लिए हिरण प्रजाति के सदस्य अनेकों प्रकार से एक दूसरे से संवाद करते हैं सभी हिरण खतरे के समय विभिन्न प्रकार की ध्वनि निकाल कर एक दूसरे को सतर्क करते रहते हैं कुछ हिरण अलार्म काल के पहले अपने खुर को भूमि पर पटक कर अपने साथियों को चेतावनी देते हैं। दुधवा में हिरणों की संख्या सबसे अधिक पाई जाती है। दुधवा में पाए जाने वाले हिरण पांच प्रकार के हैं। इनमें, बारहसिंघा हिरण प्रजाति का सुंदर प्राणी है इसे उत्तर प्रदेश का राजकीय पशु घोषित किया गया है। इस का रंग भूरा तथा पीला होता है इसे लुप्तप्राय प्राय वन्य पशु श्रेणी में रखा गया है।दुधवा में सठियाना के घास मैदानो, बांके ताल ककरहा ताल ,झादी ताल, नगरा ताल, एवं कुसुम्मा फांटे (घास के मैदान) में पाए जाते हैं इसकी ऊंचाई 135 सेंटीमीटर तथा वजन लगभग 150 से 170 किलोग्राम होता है। सांभर हिरण प्रजाति का सबसे बड़ा वन्य जीव है इनके सींग में तीन या चार शाखाएं होती हैं मादा सांभर सींग रहित होती है इसकी लंबाई 200 से 250 सेंटीमीटर होती है वजन 150 से 200 किलोग्राम तक होता है यह हिरण घने वन क्षेत्रों में ऊंचाई वाले स्थानों में पाया जाता है। चीतल मृग प्रजाति का हिरण सर्वाधिक सुंदर है चीतल का रंग बादामी भूरा एवं सुनहरा होता है जिस पर सफेद चित्तियां होती हैं इसकी कंधों तक ऊंचाई 80 से 90 सेंटीमीटर होती है नर के लंबे दो सींग होते हैं जिनकी तीन शाखाएं होती हैं। दुधवा में हर जगह पाए जाते हैं चीतल तालाब के आसपास की झाड़ी, बांस के क्षेत्र तथा घास के मैदानों में रहना पसंद करते हैं। पाढ़ा खुले घास के मैदानों में रहता है इसे हॉग डियर कहते हैं हॉग का अर्थ होता है सुअर यह भागते समय सुअर की तरह मुँह नीचे कर लेता है अतः अंग्रेजी में इसे हाग डियर कहा जाता है इसकी कंधों तक ऊंचाई 60 से 65 सेंटीमीटर होती है।मादा नर से कुछ छोटी होती है इनका रंग कत्थई होता है दुधवा नेशनल पार्क एवं किशनपुर के फांटों (घास के मैदान) में यह चरते देखे जाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# बड़ी चुनौती होगीं मणिपुर के नए मुख्यमंत्री के सामने

**मैतेई को एसटी का दर्जा दिए जाने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्र संघ के तीन और चार मई 2023 एकजुटता मार्च के दौरान इंफाल और कुकी बहुल जिलों में हिंसा भड़क उठी। मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया और आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया। इंफाल में 4 मई 2023 को भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे पर भीड़ ने हमला किया।**

मणिपुर में भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को त्यागपत्र देकर पार्टी की टूटन तो बचाली, किंतु भाजपा के लिए नए मुख्यमंत्री का चयन बड़ा कठिन होगा, उससे ज्यादा कठिन होगा वहां बने नए मुख्य मंत्री को सत्ता संभालकर वहां के हालात को सही करना। राज्य की बिगडी कानून व्यवस्था को सुधारना उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। लगभग दो साल से राज्य में फैली हिंसा पर नियंत्रण पाना उसके सामने दातों चने चबाने जैसा होगा। मणिपुर की जनता का विश्वास जीतने के लिए उन्हें कठिन परिश्रम करना होगा। मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगी है।आरोप लगते रहे हैं कि चीन यहां के आतंकवादी संगठन, यहां के आदिवासी को पहले से ही भड़काता रहा है।मणिपुर में विवाद और जातिय संघर्ष की शुरूआत का कारण मणिपुर उच्च न्यायालय का 19 अप्रैल 2023 का आदेश रहा। इस आदेश में राज्य के बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया गया था। हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि वह 10 साल पुरानी सिफारिश को लागू करे जिसमें गैर-जनजाति मैतेई समुदाय को जनजाति में शामिल करने की बात कही गई थी। इस आदेश के बाद राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे यह हिंसक रूप लेने लगा।



अशोक मधुप

मणिपुर में 16 जिले हैं, लेकिन, पूरा राज्य दो हिस्सों में बंटा हुआ है। पहला इंफाल घाटी, दूसरा पहाड़ी जिले। इंफाल घाटी मैतेई बहुल इलाका है. वहीं, पहाड़ी जिलों में नागा और कुकी जनजातियों का वर्चस्व है। विशेष तौर पर चार पहाड़ी जिलों में कुकी समुदाय के लोगों का राज है। मणिपुर की आबादी लगभग 28 लाख है. इसमें मैतेई समुदाय के लोग लगभग 53 फीसद हैं। मणिपुर के भूमि क्षेत्र का लगभग 10त्न हिस्सा इन्हीं लोगों के कब्जे में हैं।वहीं, कुकी समुदाय की राज्य में कुल आबादी 30 फीसदी हैं. इसी समुदाय के द्वारा मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का विरोध करते रहा गया है। इसके पीछे इनकी दलील यह है कि अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण मिलता है तो वे सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले से वंचित हो जाएंगे। मैतेई लोग अधिकांश आरक्षण हथिया लेंगे। ज्ञातव्य है कि मैतेई समुदाय के द्वारा करीब 10 साल से राज्य सरकार से आरक्षण की मांग की जा रही है। मांग के पक्ष में फैसला नहीं आने के बाद मैतेई जनजाति कमेटी ने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने इस मांग को लेकर राज्य सरकार से केंद्र से सिफारिश करने की बात कही है। इस सिफारिश के बाद ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इस आदेश के बाद राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे यह हिंसक रूप लेने लगा।



मैतेई को एसटी का दर्जा दिए जाने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्र संघ के तीन और चार मई 2023 एकजुटता मार्च के दौरान इंफाल और कुकी बहुल जिलों में हिंसा भड़क उठी। मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया और आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया। इंफाल में 4 मई 2023 को भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे पर भीड़ ने हमला किया। इस दौरान करीब नौ हजार लोगों को हिंसा वाले क्षेत्र से निकाला गया। मणिपुर में जातीय हिंसा बढ़ने के वहां सेना को तैनात किया गया। राज्यपाल ने बढ़ती हिंसा के बीच देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किए। हालत इतने खराब हुए कि आठ मई 2023 को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि कि, राज्य में जातीय संघर्षों में 60 निर्दोष लोगों की जान चली गई । 200 से अधिक घायल हो गए। इस जातीय हिंसा के कारण 35 हजार लोग बेघर हो गए। हिंसा में लगभग 1700 घर जला दिए गए, और पुलिस शस्त्रागार से 1041 हथियार और 7460 राउंड गोला-बारूद लूट लिया गया।केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा की जांच के लिए गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजय लांबा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। दस जून 2023 को केंद्र ने विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति स्थापित करने के लिए मणिपुर के राज्यपाल और एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में 51 सदस्यीय शांति समिति का गठन किया।14 जून 2023 और 15 जून 2023 को मणिपुर की एकमात्र महिला मंत्री नेम्फा किपगेन के इंफाल स्थित सरकारी आवास में आग लगा दी गई। 15 जून 2023 मणिपुर में फैली जातीय हिंसा की आग के कारण राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। हिंसा की आग में विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन का आवास भी जलकर खाक हो गया।हालत इतने खराब हुए कि मणिपुर में हथियारबंद भीड़ ने भाजपा नेताओं, घरों और कार्यालयों को निशाना बनाया। इंफाल में भाजपा मंडल कार्यालय को जला दिया गया. हालांकि, समय रहते सेना और रैपिड एक्शन फोर्स ने भाजपा कार्यालयों और पार्टी के मणिपुर प्रमुख और एक राज्य मंत्री के घरों में आग लगाने के कई प्रयासों को विफल कर दिया. वहीं, 24 जून 2023 को भीड़ ने इंफाल पूर्वी जिले के कांगला सांगोमसांग में मणिपुर के कैबिनेट मंत्री एल सुसिंड्रो के गोदाम और फार्महाउस को जला दिया। चार अगस्त 2023 को मणिपुर की भीड़ ने आईआरबी (मणिपुर के बिष्णुपुर में द्वितीय भारत रिजर्व बटालियन (आईआरबी) मुख्यालय) से एलएमजी, मोर्टार, ग्रेनेड लूटे. 500 की भीड़ ने शस्त्रागार को निशाना बनाया और 298 राइफलें, एसएलआर और एलएमजी के साथ मोर्टार, ग्रेनेड और 16 हजार से अधिक राउंड मिक्सड गोला-बारूद लूट कर फरार हो गए।हालाकि न्यायालय ने अपने आदेश पर रोक लगा दी, किंतु हालात उसके बाद भी सामान्य नही हुए।

प्रदेश सरकार के नियत्रण में हालत न देख मणिपुर कांग्रेस ने घोषणा की कि वह 10 फरवरी को बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी. 9 फरवरी 2025 को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नौ फरवरी 2025 को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के करीब दो साल बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।नवंबर 2024 तक मणिपुर की जातीय हिंसा में 258 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य को 60 हजार से ज्यादा लोगों को विस्थापित करना पड़ा। खास बात यह रही कि 60 सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में कई भाजपा विधायक अब सीएम बीरेन सिंह के कामकाज का खुलकर विरोध कर रहे हैं।वर्तमान में 60 सदस्यीय सदन में सत्तारूढ़ भाजपा के 37 विधायक हैं।

# मथुरा की जिला कारागार में बंद कैदियों द्वारा तैयार किया जा रहा है हर्बल गुलाल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ब्रज के रंगोत्सव पर इस बार कैदियों द्वारा तैयार गुलाल उड़ेगा भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा की जिला कारागार में बंद कैदियों द्वारा होली के लिए गुलाल तैयार किया है जो ईको फ्रेंडली के साथ साथ आपकी त्वचा के लिए भी अनुकूल है वहीं इस पहल से जेल में निरुद्ध कैदी भी आत्मनिर्भर बन रहे हैं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में बने कारागारों को कौशल विकास मिशन के माध्यम से कैदियों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है मथुरा की जिला कारागार में जेल प्रशासन कौशल विकास मिशन के तहत कैदियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाकर आत्मनिर्भर बनाने में जुटा हुआ है ब्रज की होली को और खास बनाने के लिए मथुरा जेल में बंद कैदी खास गुलाल तैयार करने में जुटे हैं जेल में अरारोट में सब्जियों को मिलाकर हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है हर्बल गुलाल बनाने के लिए अरारोट में पालक को पीसकर उसमें से हरा रंग निकाल कर इसे तैयार किया जा रहा है इसी तरह मेथी को पीसकर हल्का हरा रंग चुकंदर को पीसकर लाल रंग हल्दी पाउडर का प्रयोग कर पीला गुलाल तैयार किया जा रहा है इसमें खुशबू बनी रहे इसके लिए इत्र मिलाया जा रहा है मथुरा जेल अधीक्षक अंशुमन ने बताया कि होली का त्योहार आते ही हर साल जेल में कई कुंतल गुलाल तैयार किया जाता है जेल में बंद कैदी कई दिनों से हर्बल गुलाल तैयार करने में लगे हुए हैं ब्रज में होली 40 दिनों तक खेली जाती है यहां होली की शुरूआत बसंत पंचमी से हो जाती है बसंत पंचमी से रंग गुलाल उड़ना शुरू होता है बरसाने में लड्डू मार और लट्ठ मार होली मनाई जाएगी एक अनुमान के मुताबिक होली पर ब्रज में हर साल हजारों कुंतल गुलाल उड़ाया जाता है जिला जेल में बन रहा गुलाल आम लोगों तक पहुंचाने के लिए भी जेल प्रशासन ने इंतजाम किए हैं जेल अधीक्षक अंशुमन ने बताया कि जेल में कैदियों द्वारा बनाए जा रहे गुलाल के 100-200 ग्राम के पैकेट जेल के मुख्य द्वार पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे इससे कारागार में बंद कैदियों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है जिससे वह जब भी जेल से रिहा हों तो समाज के बीच रहकर अच्छा व्यवहार कर सकें साथ ही अपने और अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर सकें मथुरा जिला कारागार में करीब 1700 कैदी बंद हैं ऐसा पहली बार नहीं है जब उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद कैदी इस तरह की क्रिएटिविटी दिखा रहे हैं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान की पोशाक बनाते हैं तो रक्षा बंधन पर इको फ्रेंडली राखी बनाते हैं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास मिशन कार्यक्रम के तहत कैदियों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

# गरीबों को आजीवन मुफ्त भोजन कराना लक्ष्यः रवि बाबा



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** शीला देवी मानव सेवा निःशुल्क भोजन वितरण के शुभारंभ पर रवि बाबा नोहवार ने कहा कि जनसहयोग से गरीबों को आजीवन निशुल्क भोजन कराना उनका लक्ष्य है। पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे ही आगे गरीबों को निशुल्क भोजन मिलता रहेगा। जिसके लिए वह प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रति दिन लगभग 200 से 300 लोगों को जिला अस्पताल, मंदिर, रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक स्थानों पर कार द्वारा गरीबों व असहायों को भोजन वितरण किया जाएगा। इतने बड़े कार्य को कोई अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता है। जिसमें सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा एक दिन एक स्थान पर दर्शन करने गए और दर्शन के दौरान उन्होंने कार सेवा से भोजन वितरण होते देखा था। ओर अपनी माँ शीला देवी को बताया तो उन्होंने इस कार्य के लिए मुझे उत्साहित किया, शुभारंभ के अवसर 501 वरिष्ठ सर्वश्रेष्ठ सबसे बड़ा गौरव सम्मान किया गया ,विशाल सम्मान समारोह एवं उद्घाटन में माँ शीलादेवी जनसेवा संस्थान में वलदेव विधायक पूरन प्रकाश , डॉ अशोक अग्रवाल , नीरज चौधरी गृहमंत्रालय , राजेन्द्र सिंह वर्मा अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट , नरेंद्र प्रधान , राजकुमार चेयरमैन राया , महाकाल संदीप सिंह, रामवीर सिंह ब्लॉक प्रमुख बलदेव ने कार्यक्रम संबोधित किया मानव सेवा की सराहना की, संस्था की अध्यक्ष शीला देवी ने पूजा अर्चना कर के सभी अतिथियों को सम्मान किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विशेष शिविर समारोह पूर्वक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 07 दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस भव्य सांस्कृतिक समारोह के साथ संपन्न हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. प्रवीण कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित करते हुए किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से कार्यक्रम प्रारंभ कराया और स्वयंसेवक राधा, काजल, शिवानी और, नीतू ने सरस्वती वंदना तदुपरांत भावना तथा कुसुम ने स्वागत गीत गाया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या पायल ने प्रस्तुत की।

तान्या द्वारा घूमर नृत्य प्रस्तुत किया, कविता द्वारा दहेज की बारात नमक नित्य नाटिका प्रस्तुत की गई, प्रिया माहोर एवं वर्षा ने महारास नृत्य प्रस्तुत किया, पलक और तान्या ने ÷कान्हा तो जरा सो जा÷ नृत्य प्रस्तुत किया तथा पायल एवं राखी ने वह कृष्णा है नृत्य प्रस्तुत किया।

मौखिक प्रस्तुतियों में श्रवण पाठक ने ÷महिला सशक्तिकरण÷ पर एक सारगर्भित वक्तव्य दिया। गायन श्रृंखला में महाभारत गीत हिना द्वारा प्रस्तुत किया गया जबकि प्रतिज्ञा सक्सेना ने विभिन्नता में एकता पर कविता सुनाई । वाद्य यंत्रों में सत्यवीर द्वारा मुरली वादन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने भविष्य का निर्माण करना उनके लिए सर्वोपरि लक्ष्य है उन्हें अपनी पूरी लगन निष्ठा एवं उद्देश्य बनाकर पूरा करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ललित मोहन शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह राष्ट्र सेवा और राष्ट्र की उन्नति के लिए सदा तत्पर रहे। विशिष्ट अतिथि स्थानीय पार्षद मनोज शर्मा रहे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो (डा) राजेश अग्रवाल, डॉ विनोद खंडेलवाल, डॉ रवीश शर्मा, डॉ यू के त्रिपाठी बीएसए कॉलेज तथा डॉ अजय उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पायल यादव एवं साक्षी ने संयुक्त रूप से किया।

एनएसएस सहायक श्री प्रवेश शर्मा व्यवस्था नियंत्रित करने हेतु उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 'बार-बार एनर्जी टास्क फोर्स में क्यों बदल गया मसौदा'

**अवधनामा संवाददाता**

■ पभोक्ता परिषद ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से उठाई मांग

**लखनऊ।** कल से चलने वाली विधानसभा में प्रदेश के माननीय ऊर्जा मंत्री को दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जनपदों के निजीकरण की प्रक्रिया पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को यह बताना चाहिए कि इससे जनता को किस प्रकार से लाभ होगा क्योंकि प्रदेश की जनता को उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा पिछले विधानसभा सत्र में या बताया गया था कि निजीकरण की प्रक्रिया को नकारा नहीं जा सकता उसके बाद से निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ते हुए ट्रांजैक्शन एडवाइजर का टेंडर निकाला गया और आज वह प्रक्रिया विचार धीन है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को विधानसभा में इस बात का भी खुलासा करना चाहिए की सबसे पहले एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक 5 दिसंबर 2024 को प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण के लिए जो मसौदा अनुमोदित किया गया था वह किसके दबाव में अनुमोदित किया गया और पुनः जब उस पर बवाल मचा और उसका खुलासा हुआ तो 9 जनवरी 2025 को एनर्जी टास्क फोर्स से नया मसौदा ट्रांजैक्शन एडवाइजर नियुक्त करने का सामने लाया गया और इसके बाद एक बार पुनः 28 जनवरी को एनर्जी टास्क फोर्स में कनफ्लिक्ट आप इंटरेस्ट के मामले पर एक निर्णय सामने लाया गया ऐसे में प्रदेश की जनता को जानने का पूरा हक है कि अभी तक एनर्जी टास्क फोर्स में बार-बार मसौदे को क्यों बदल गया।

# किसानों ने अपनी मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अंडा उत्पादक किसानों का दिनांक 13 फरवरी से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन पशुपालन निदेशालय लखनऊ में आज भी दिनांक 17 फरवरी को जारी रहा। प्रदेश के कोने-कोने से आए किसानों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों जैसे एनईसीसी पर पूर्ण प्रतिबंध, अंडे के रेट निर्धारण समिति का गठन , अंडों पर खाद्य सुरक्षा मानकर प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप अंडों पर उत्पादन तिथि, उत्पादन का स्थान एवं अंतिम उपभोग अवधि अंकित करने जैसे संवैधानिक प्रावधानों को तुरंत लागू करने की मांग की। समिति के अध्यक्ष वी पी सिंह ने कोल्ड स्टोरेज में अंडों को रखने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण कि नियमों के अनुरूप तुरंत शासनादेश जारी किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन सरकार के खिलाफ नहीं है बल्कि अंडा उत्पादकों एवं सरकार की पोल्ट्री पॉलिसी को असफल करने में जुटे हुए एनईसीसी और अन्य अंडा माफियाओं के खिलाफ है उन्होंने यह भी कहा अगर हम किसानों की मांगो को नही पूरा किया गया तो सभी अंडा उत्पादक किसान आमरण अनशन पर बैठकर भूख हड़ताल करेंगे, साथ ही उन्होंने यह आग्रह निवेदन कि हमारे जनप्रतिनिधि कुक्कुट किसानों की इस समस्या को 18 फ़रवरी 2025 को शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में उठाएं। समिति के पूर्वांचल प्रभारी डी. पी. सिंह ने बताया खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने 2011 में अंडों को मांसाहारी खाद्य की श्रेणी में रखा है और उत्तर प्रदेश के कोल्ड स्टोरेज में अंडे सब्जियों एवं आलू आदि के लिए बने हुए कोल्ड स्टोरेज में रखे जा रहे हैं। सहारनपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में रखे अंडा उत्पादन तिथि से केवल 35 दिन के अंदर ही खाया जा सकता है लेकिन अंडा माफिया और एनईसीसी महीनों तक कोल्ड स्टोरेज में अंडा रखकर बेच रहे हैं जिसके कारणप्रदेश के किसानों का ताजा अंडा उत्पादन लागत से भी कम मूल्य पर बिक रहा है। समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता मंसूर अहमद ने अंडों को रखने के लिए तुरंत मानक बनाने एवं उनके कोल्ड स्टोरेज को अलग से लाइसेंस देने की व्यवस्था करने की मांग की। जौनपुर के जिला अध्यक्ष वरुण श्रीवास्तव, बिजनौर के निश्चल, गोरखपुर के संदीप मोदनवाल? आदि समस्त जिला अध्यक्षों ने अंडों के स्थगित शासनादेश को गैर विवादित बिंदुओं के साथ तुरंत जारी करने की मांग की। समिति के मीडिया प्रभारी वसी उल हसन, उपाध्यक्ष उमैर अब्बासी ने कहा कि सरकार ने किसानों की आजीविका बचाने के लिए न्यायोचित मांगों को शीघ्र नहीं माना तो वर्तमान बजट सत्र में विधायकों को अंडा उत्पादकों की समस्या से अवगत कराते हुए इस पर प्रभावी ढंग से विधानसभा में उठाया जाएगा।

# दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा ने पूरा किये 114 वर्ष

**अवधनामा संवाददाता**

■ भारत में प्रयाग कुंभ के दौरान हुई थी आरंभ : पोस्टमास्टर जनरल

**लखनऊ।** डाक सेवाओं ने पूरी दुनिया में एक लम्बा सफर तय किया है। भारत को यह सौभाग्य प्राप्त है कि दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा यहीं से आरम्भ हुई। उत्तर गुजरात परिक्षेत्र, अहमदाबाद के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि यह ऐतिहासिक घटना 114 वर्ष पूर्व 18 फरवरी, 1911 को प्रयागराज में हुई थी। संयोग से उस साल कुंभ का मेला भी लगा था। उस दिन दिन फ्रेंच पायलट मोनसियर हेनरी पिक्वेट ने एक नया इतिहास रचा था। वे अपने विमान में प्रयागराज से नैनी के लिए 6500 पत्रों को अपने साथ लेकर उड़े। विमान था हैवीलैंड एयरक्राफ्ट और इसने दुनिया की पहली सरकारी डाक ढोने का एक नया दौर शुरू किया।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के अनुसार प्रयागराज में उस दिन डाक की उड़ान देखने के लिए लगभग एक लाख लोग इकट्ठे हुए थे जब एक विशेष विमान ने शाम को साढ़े पांच बजे यमुना नदी के किनारों से उड़ान भरी और वह नदी को पार करता हुआ 15 किलोमीटर का सफर तय कर नैनी जंक्शन के नजदीक उतरा जो प्रयागराज के बाहरी इलाके में सेंट्रल जेल के नजदीक था। आयोजन स्थल एक कृषि एवं व्यापार मेला था जो नदी के किनारे लगा था और उसका नाम 'यूपी एक्जीबिशन' था। इस प्रदर्शनी में दो उड़ान मशीनों का प्रदर्शन किया गया था। विमान का आयात कुछ ब्रिटिश अधिकारियों ने किया था। इसके कलपुर्जे अलग अलग थे जिन्हें आम लोगों की मौजूदगी में प्रदर्शनी स्थल पर जोड़ा गया।

# नेशनल टीचिंग कम्पटीशन में सीएमएस शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की 11 शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

इन शिक्षिकाओं में सुश्री रीना राणा, सुश्री नम्रता शुक्ला, सुश्री नीतू ट्रिम, सुश्री हुमा जफर, सुश्री रिम्मी कोहली, सुश्री प्रियांशा चन्द्रा, सुश्री श्वेता भटनागर, सुश्री वर्षा सिन्हा, सुश्री मरियम हुसैन, सुश्री हेमा शर्मा एवं सुश्री पूजा राय शामिल हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आँका गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सी.एम.एस शिक्षिकाओं सुश्री प्रियांशा चन्द्रा एवं सुश्री रिम्मी कोहली ने गणित, सुश्री रीना राणा एवं सुश्री मरियम हुसैन ने इंग्लिश, सुश्री श्वेता भटनागर एवं सुश्री वर्षा सिन्हा ने साइन्स, सुश्री हुमा जफर एवं सुश्री पूजा राय ने अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन एवं सुश्री नम्रता शुक्ला, सुश्री नीतू ट्रिम एवं सुश्री हेमा शर्मा ने जनरल पेडागाजी में शिक्षण प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब ये शिक्षिकायें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड में प्रतिभाग करेंगी। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सेंटा टीचिंग टेस्ट अपने आप में देश भर के शिक्षकों के लिए शिक्षण उत्कृष्टता का प्रमाण है, जिसे पूरे देश में सराहा जाता है।

# सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर खराब पड़ी है लिफ्ट

**अवधनामा संवाददाता**

■ स्वचालित सीढ़ी व सीसीटीवी कैमरा,राम भरोसे यात्रियों की सुरक्षा



**सुल्तानपुर।** बीते रविवार की शाम डीएम,एसपी ने निरीक्षण कर रेलवे महकमे के अफसरों निर्देश दिए थे। रेलवे स्टेशन पर श्रृद्धालुओं/यात्रियों की सुविधा व्यवस्था राम भरोसे है।डीएम कुमार हर्ष व एसपी कुंवर अनुपम सिंह अचानक रेलवे स्टेशन जा पहुंचे।तैनात रेलवे महकमे के अफसरों,आरपीएफ,जीआरपी को निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधा देने, शालीनता का व्यवहार करने, अत्यधिक भीड़ होने पर कतार बद्ध यात्रियों को उनके सीट पर भेजने व बिना टिकट यात्रियों पर नजर रखते कार्यवाही के निर्देश दिए थे।सोमवार को करीब दो बजे न तो स्टेशन पर लगी लिफ्ट,स्वचालित सीढ़ी बंद रही।सीसीटीवी भी नो सिंगनल बताती रही है।स्टेशन पर कही भी कोई पुलिस कर्मी व रेलवे कर्मी नहीं दिखा। निरीक्षण के समय लिफ्ट,सीसीटीवी व ऑटोमैटिक स्टेयर चालू कर दी जाती है। स्वचालित सीढ़ी को कोई चलाने वाला भी नहीं था।जबकि दिल्ली की घटना के बाद भी तैनात आरपीएफ,जीआरपी व रेलवे के अफसर मनमानी पर उतारू है।स्टेशन अधीक्षक, इंस्पेक्टर गायब रहे।



# 1857 की घटनाओं को याद करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन


**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आदाब अर्ज़ लखनऊ और लखनऊ हेरिटेज वॉक ने 16 फरवरी 25 को रेजीडेंसी, लखनऊ में वॉक के माध्यम से 1857 की घटनाओं को याद करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। रेजीडेंसी, 1857 की घटनाओं का केंद्र एक ऐतिहासिक स्थल, विद्रोह से पहले, उसके दौरान और बाद की घटनाओं की आकर्षक कहानी के माध्यम से जीवंत हो उठा। विभिन्न स्थानों और पेशे से आए सदस्य वॉक में इतिहास के प्रति समान रुचि से जुड़े हुए थे। वॉक में सैयद अज़ीम हैदर जाफ़री द्वारा तुग़रा सुलेख की एक दुर्लभ लाइव चर्चा भी हुई। सत्र की मेजबानी आतिफ अंजार ने की, जिन्होंने रेजीडेंसी की घटनाओं और स्मारकों के बारे में बात की।

सत्र में सदस्य मनीष मेहरोत्रा, मनोज, अंबरीन, कुशल नियोगी, अंजारुल हक, सैफ, सना, अब्दुल समद, अरबाज, वली, मनोज, अब्दुल वाहिद, इनायत, प्रांजल और अन्य ने भाग लिया।

हम आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं सर/मैम कृपया इस कायक्रम को कवर करें ताकि हमारे लोग रेजीडेंसी में 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्व को याद कर सकें।

# जिलाधिकारी के निर्देशों पर हुआ त्वरित अमल



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिलाधिकारी ने शुक्रवार की जनसुनवाई के दौरान जिस गरीब दिव्यांग शिवकली पुत्री बृजलाल से मिले थे तथा जिलाधिकारी द्वारा उनको विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए थे। आज जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की। दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि शिवकली को दिव्यांग पेंशन बनवायी जा चुकी है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि उनके पिता व माता की वृद्धावस्था पेंशन बन गयी है। उपनिदेशक कृषि ने जानकारी दी कि उनके पिता की किसान सम्मान निधि सम्बन्धी सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है। बीडीओ सुरसा को उन्होंने वर्चुअल माध्यम से निर्देश दिए थे कि घर में व्यक्तिगत शौचालय उपलब्ध कराया जाये। इस सम्बन्ध में भी कार्रवाई प्रारम्भ हो गयी है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि परिवार का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया जा चुका है। शिवकली का आयुष्मान कार्ड बन गया है। जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई से शिवकली व उनका परिवार अत्यंत खुश है। जिलाधिकारी ने जल्द ही उनको कलेक्ट्रेट भी बुलाया है।

## एसओजी ने मुठभेड़ के बाद एक डकैत दबोचा

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस के साथ मिल कर एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही में डकैती के मुकदमा में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से एक तमंचा, दां जिन्दा व तीन खोखा कारतूस, मोबाइल, कुछ रूपये व एक मोटर साइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पुलिस ने कुलदीप पुत्र पदम सिंह निवासी आझई खुर्द थाना जैत के रूप में उजागर की है। बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड अहुरी चौराहे से छाता की तरफ जाने वाले रास्ते पर मन्दिर के सामने हुई। गोली बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है। जिसको उपचार के लिए जिला अस्पताल मथुरा में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक रेडियंट कैश मेनिजमेन्ट कम्पनी के कर्मचारी से कैश कलेक्शन करके वापस जाते समय सुनसान रास्ते पर कार अडाकर तमंचे के बल पर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था।

# बरसाना के प्रसिद्ध मंदिर की छह माह की सेवा अधिकार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** विश्व विख्यात लाडलीजी महाराज मंदिर की छह माह की सेवा के लिए योगेश शर्मा द्वारा हाईकोर्ट में जिला जज के आदेश के खिलाफ की गई अपील में हाईकोर्ट ने ट्राइल कोर्ट के आदेश को यथावत रखते हुए जिला जज से उनके कोर्ट में दायर अपील को अगली तारीख पर डिसाइड करने को कहा है। अगर इस डेट पर केस डिसाइड नहीं होता है तो दो सप्ताह में इस पर निर्णय देने के आदेश दिए है। गौरतलब है कि विश्वविख्यात राधा रानी मंदिर (लाड़लीजी मंदिर) के सेवायत स्वर्गीय हरवंश गोस्वामी की पत्नी माया देवी की मौत के बाद तीन से चार वारिस बनने के लिए सेवायत व रिश्तेदारों ने सीनियर डिवीजन की कोर्ट में मुकदमा दायर किए। जिसमें हरवंश गोस्वामी की चचेरी बहन रेवती के नाती योगेश शर्मा को सिविल जज जनियर डिवीजन छाता सत्यप्रकाश ने वारिस मानते हुए 3 जनवरी को सेवा पूजा का अधिकार देने का आदेश किया था। इस आदेश पर योगेश शर्मा तहसीलदार मनोज कुमार व पुलिस बल के साथ सेवा लेने गए। जहां सेवायत गोस्वामियों ने कड़ा विरोध किया। उसके बाद सेवायत रासविहारी गोस्वामी में डीजे आशीष गर्ग के यहां शार्ट नोटिस पर जबरन सेवा लेने का प्रार्थना पत्र दिया जिसपर जिला जज ने समस्त पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद यथा स्थिति का आदेश दिया था। जिला जज के इस आदेश के खिलाफ मंदिर की सेवा न मिलने पर वादी योगेश शर्मा ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने जिला जज के आदेश पर 14 फरवरी को हाईकोर्ट ने योगेश शर्मा की अपील पर हाईकोर्ट ने ट्राइल कोर्ट के आदेश को यथावत रखते हुए जिला जज से उनके कोर्ट में दायर अपील को अगली तारीख पर डिसाइड करने, और अगर इस डेट पर केस डिसाइड नहीं होता है तो दो सप्ताह में इस पर निर्णय देने के आदेश दिए है।

## कांग्रेसियों ने कर्पूरी ठाकुर को दी पुष्पांजलि

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि की अध्यक्षता में होली गेट स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 37 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर जी सदैव दलित, शोषित, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे हैं और संघर्ष करते रहे उनका सादा जीवन, सरल,स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन वैध मनोज गौड़ ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे व सत्यापन की गति में तेजी लायी जाये। डैशबोर्ड की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाये। विभागीय योजना के डाटा को ससमय पोर्टल पर फीड कराया जाये। ख़राब रैकिंग आने पर सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी।

अर्बन प्लानिंग विभाग की ओर से मैप विंग से किसी अधिकारी के उपस्थित न होने व सिविल विंग के अधिकारी को तथ्यों की जानकारी न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी तथा इस सम्बन्ध में शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। यूपीपीसीएल द्वारा बनाये जा रहे बीज विधायन संयत्र की गुणवत्ता की जाँच समिति से करायी जाये। फेमिली आईडी के कार्य में तेजी लायी जाये। जिलाधिकारी ने साथ ही सभी अधिकारियों को बताया कि कल से कलेक्ट्रेट परिसर में बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के प्रवेश नही दिया जायेगा। सभी कार्यालयों के कर्मचारियों को इस सम्बन्ध में अवगत करा दिया जाये।

# जमात-ए-इस्लामी हिंद ने देश व्यापी नशा मुक्ति अभियान का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** जमात ए इस्लामी हिंद द्वारा प्रेस वार्ता कर नशा मुक्ति अभियान की दी जानकारी। जिल अध्यक्ष डॉ. वसीम अख्तर, ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है, विशेष रूप से शराब और ड्रग्स का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। नशे की लत समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है, जिससे अपराध, स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक संकट पैदा हो रहे हैं। फिरोजाबाद कोऑर्डिनेटर एडवोकेट सगीर खान अली ने जानकारी देते हुए बताया कि जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश पश्चिम ने 14.02.2025 से 23.02.2025 तक ''नशा मुक्त समाज-हमारा संकल्प'' अभियान की घोषणा की है। इस अभियान के तहत फिरोजाबाद में 22 फ़रवरी 2025 को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। रैली डॉ नवेद की दुकान नलबन्द चौराहे से शुरू होकर सदर बाज़ार, इमामबाड़ा, घंटा घर, सेंट्रल चौराहे से होते हुए जलेसर रोड होते हुए सर्कुलर रोड से डाक खाना चौराहे, दुली चौराहे से होते हुए मोहल्ला हुसैनी होते हुए मस्जिद आगा साहब पर खत्म होगी, 5 स्कूल/कॉलेज में गोष्ठी की जाएगी प्व् यूनिट की जानिब से एक आम सभा भी आयेजित की जाएगी। इस्लाम नशे के खिलाफहै और समाज में इसकी बुराई को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को एकजुट होना चाहिए। हम सभी से अपील करते हैं कि इस अभियान का हिस्सा बनकर नशा मुक्त समाज की स्थापना में योगदान दें। आप सभी से नशा मुक्ति अभियान रैली में शामिल हो कर एक ज़िम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। इस अवसर पर डॉ. वसीम अख्तर, रईस खान, सगीर खान एडवोकेट, साकिर हुसैन, मोहम्मद आकिब और धर्म सिंह एडवोकेट उपस्थित थे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय बालाजी बाल विद्या मंदिर के प्रबंधक अरुण ताम्रकार की आवास पर आज दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग का धुआं उठते हुए देखा विद्यालय के कर्मचारियों ने तुरंत प्रबंधक को सूचना दी, और शीघ्र आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आज दोपहर के समय जब विद्यालय के प्रबंधक अपने विद्यालय में थे, तो कंप्यूटर लैब से लगे हुए उनके आवाज से धुआ निकलता हुआ दिखाई दिया। विद्यालय के कर्मचारियों ने देखा तो उन्होंने प्रबंधन को सूचना देकर शॉर्ट सर्किट की जानकारी दी। इस शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से कमरे में रखा हुआ सोफा, सीसीटीवी कैमरे, सीसीटीवी का डी वी आर सहित फर्नीचर आदि पूरी तरह जल गया। आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी, स्कूल प्रबंधन एवं कर्मचारियों की सूझबूझ से साथ ही विद्यालय में रखे हुए अग्निशमन सिलेंडर के द्वारा आग बुझाने का काम किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अरुण ताम्रकार ने बताया कि वह प्रातः 9ः00 बजे अपना आवास का कक्षा बंद करके विद्यालय कैंपस में गए हुए थे. उनके जाने तक किसी भी प्रकार का कोई तार गर्म होने या शार्ट सर्किट जैसा आभास नहीं था. थोड़ी देर बाद विद्यालय के कर्मचारियों ने देखा कि उनके कमरे से आज की लपटें और धुआं निकल रहा है। तुरंत सारी लाइट बंद की गई, एवं प्रबंधन और प्रशासन की सूझबूझ से तुरंत आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना से लगभग एक लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि अगर तत्काल कार्यवाही नहीं की जाती तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

# जिला अस्पताल में जनरेटर होने के बाद भी बिजली गुल होने पर छाया रहा अंधेरा

- बिजली जाने पर टॉर्च की रोशनी से किया मरीजों का इलाज

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिला अस्पताल में बिजली गुल होने से गंभीर स्थिति पैदा हो गई। करीब एक घंटे तक पूरे अस्पताल में अंधेरा छाया रहा। इमरजेंसी सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। अस्पताल में दो जनरेटर होने के बावजूद मरीजों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा।

इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को मोबाइल के फ्लैस लाइट में समय बिताना पड़ा। डॉक्टरों को भी मोबाइल की रोशनी में ही मरीजों का इलाज करना पड़ा। यह पहली बार नहीं है, जब अस्पताल में ऐसी स्थिति बनी है। लेकिन अब तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

चिंताजनक बात यह है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद अस्पताल प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी खामोश बैठे है। जिला अस्पताल में भारी.भरकम बजट के बावजूद बैकअप पावर सिस्टम जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ता हालत को उजागर करती है। जहां आपातकालीन स्थितियों में भी मरीजों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जबकि जिला अस्पताज में दो दो जनरेटर होने के बाद भी समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है, जिसका खामयाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है।

## थाना हयात नगर को बाल अपराध मुक्त बनाना हमारी पहली प्राथमिकता चमन सिंह

**संभल।** सोमवार को एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में थाना हयातनगर प्रभारी चमन सिंह के नेतृत्व में (ऑपरेशन बचपन बचाओ) तहत जिसमें बाल श्रम ,बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया और हयातनगर सरायतरीन के आस पास कारखानों होटलों दुकानों पर बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया गया जहां पर बाल मजदूरी में संलिप्त नाबालिक बच्चों को स्कूल भेजनें के बिषय में उनके परिजनों को समझाया गया तथा साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस अभियान के तहत दी गई आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 1098, 112, के महत्व के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी चमन सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए समाज में किसी भी बालिका का बाल विवाह न हो। बच्चे हमारे देश के भविष्य है और उनके अधिकारों की रक्षा करना पुलिस का कर्तव्य है अतः हम किसी भी हालत में बाल अपराध नहीं होने देंगे इस अभियान में सरायतरीन चौकी प्रभारी सुधीर कुमार, एसआई आदित्य कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कॉन्स्टेबल संदीप कुमार, प्रयत्न संस्था के फील्ड कॉर्डिनेटर फ़र्ज़न्द अली वारसी, एवं सिराज अहमद मौजूद रहे।

# बस अड्डा व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद सुलतानपुर से प्रयागराज व अयोध्या को आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं हेतु की गयी विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे- रोडवेज बसों की नियमित उपलब्धता, जनपद सुलतानपुर से ट्रेनों का आवागमन, बस अड्डा व रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण हेतु लगे सुरक्षा बल, कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। प्रबन्धक रोडवेज द्वारा अवगत कराया गया कि आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं हेतु सुलतानपुर से प्रयागराज, अयोध्या के लिये कुल-55 रोडवेज बसें नियमित रूप संचालित हो रही हैं। उन्होंने अवगत कराया कि यातायात के दृष्टिगत अब उतनी भीड़भाड़ नहीं है। सभी बसों का आवागमन सुचारू रूप से हो रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि यात्रियों के सुविधा हेतु आने-जाने वाली रोडवेज बसों के बारे में लाउडस्पीकर के माध्यम से अवगत कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि बस अड्डे की नियमित साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाय। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। तत्पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन सुलतानपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन मास्टर द्वारा अवगत कराया गया कि प्रातः में अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं व अपरान्ह में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा में लगे जी.आर.पी. जवानों द्वारा सभी श्रद्धालुओं को आसानी से ट्रेनों में बैठाकर उनके गनतव्य तक पहुचाया जा रहा है। इस समय बहुत भीड़भाड़ नहीं है। ट्रेनों का आवागमन सुचारू रूप से हो रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि स्टेशन की नियमित साफ-सफाई व यात्रियों की सुविधा हेतु समस्त प्रबन्ध किये जाये। उन्होंने स्टेशन मास्टर को निर्देशित किया कि ट्रेन के आवागमन से सम्बन्धित सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहें।

## मजलिस का आयोजन

**संभल।** शिया धर्मगुरु मौलाना शमशाद साहब ने कहा है कि अहलेबैत के बताये हुए संदेशो का पालन करने से ही जीवन मे सफलता हासिल हो गी और दुनिया से जाने के बाद भी लाभ मिलेगा नूरियो सराय स्थित इमामबाडा हाजी अजहर हुसैन मुहल्ला नूरियो सराय मे शकीला खातून की याद मे आयोजित मजलिस को मौलाना खिताब कर रहे थे मौलाना ने कहा कि दुनिया में रह कर अच्छे कर्म करने वाले लोगों को याद किया जाता है इस लिए जीवन में ऐसे कर्म करे जिससे दुनियां में और दुनिया से जाने के बाद भी लोग याद रखे मौलाना कहा कि इसके लिए अहलेबैत के संदेशो का पालन करे मजलिस के आखिर में मौलाना ने पैगंबर ए इस्लाम की बेटी फातिमा जहरा की शहादत पर रोशनी डाली जिसको सुनकर माहौल गमगीन हो गया मजलिस के आखिर में शकिला खातून वजीरूल हसन को याद करते हुए दुआ की गई।

## सेक्रेटरी का गाली-गलौज करता ऑडियो वायरल, शिकायत पर जांच शुरू

**सुल्तानपुर।** पंचायतो राज विभाग के सेक्रेटरी सुरेंद्र तिवारी का गाली-गलौज और धमकी भरा ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने गोसाईगंज थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है।यह मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सुरौली गांव से जुड़ा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गोसाईगंज कोतवाल अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत राज अधिकारी से ऑडियो की रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।ऑडियो वायरल होने के बाद पंचायत राज विभाग में हलचल मच गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## आवास घोटाला, ब्लॉक से गायब हुए अभिलेख

**दूबेपुर, सुल्तानपुर।** जिले के दुबेपुर ब्लॉक में आवास आवंटन में बड़ा घोटाला सामने आया है। शिकायत के बाद जांच में प्रथम दृष्टया घोटाले की पुष्टि होने से हड़कंप मच गया है। ब्लॉक से अभिलेख गायब हो गए हैं, मामले की गंभीरता देखते हुए बीडीओ ने डीडीओ कार्यालय के वरिष्ठ सहायक, तत्कालीन लेखाकार और पंचायत सचिव को अभिलेख मुहैया कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है। मामला ग्राम पंचायत रामापुर सोनबरसा से जुड़ा है।

## मातृ पिता है देव धरा के इनका सम्मान रखो

**संभल।** पवांसा स्थित एम0एस0 पब्लिक स्कूल में पुलवामा शहीदों की स्मृति में आयोजित राष्ट्रवादी कवि सम्मेलन का आयोजन, सृजन साहित्यिक अभिरुचि मंच एवं संस्कार भारती के संयुक्त नेतृत्व में किया गया, जिसका शुभारंभ दीप प्रवलित करके अजय कुमार शर्मा, मीनू रस्तोगी,नेहा मलय व अमित वार्ष्णेय ने किया।इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ ही कई राज्यों के साहित्यकार शामिल हुए। माँ सरस्वती की वंदना सुनाकर पल्लवी भारद्वाज ने कवि सम्मेलन की शुरुआत की।

पीपलसाना से आए सरफ़राज़ हुसैन फ़राज़ ने सुनाया-
हम जानो-दिल भी अपना लुटाएंगे शौक़ से।
ख़तरा कभी जो आएगा हिन्दोस्तान पर।
मुरादाबाद से आए कवयित्री पल्लवी शर्मा ने पढ़ा-
तिरंगे में लिपटे जाँबाज सैनिक का शव, किसी पवित्र मूर्ति से कम नहीं होता।
देश की आन पर मर मिटे जो लाडला, किसी देवता से कम नहीं होता।।
बदायूँ से आए ओजकवि विष्णु असावा ने सुनाया-
मातु-पिता हैं देव धरा के, इनका भी सम्मान रखो।।
कवयित्री श्वेता दूहन देशवाल ने सुनाया-
धड़का है दिल न जाने क्यों उस शख़्स के लिए,
दिल में भरी थी नफ़रतें जिस शख़्स के लिए।।
मथुरा से आए डॉ0 मदन मुरादाबादी ने पढ़ा-
इन्तज़ार की कोई, सीमा होती ही नहीं।
आँख के काजल की उम्र, ज्यादा होती ही नहीं।।
अमित यादव श्याम ने सुनाया-
वतन के कण -कण तृण - तृण को, मेरा सप्रेम अभिनन्दन।
मातृभूमि के वीरों, सन्तों व सतियों को है वंदन।।
दिल्ली से पधारे श्रृंगार रस के वरिष्ठ कवि भागीरथ सिन्हा ने पढ़ा-
सूना-सूना है मन का हर कोना प्रिय, तुम मिलो तो मेरा दिल बहल जायेगा।।

इस अवसर पर सहयोगी संस्था भारतीय इतिहास संकलन समिति एवं हिन्दू जागृति मंच ने, साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले समस्त साहित्यकारों को, वैद्य मुरारी लाल शर्मा स्मृति सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने लंबे समय से जमें दरोगाओं का किया स्थानांतरण

अवधनामा संवाददाता

- बड़े पैमाने पर उपनिरीक्षकों को किया गया इधर से उधर

**महोबा।** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त और प्रभावी बनाए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने नौ चौकी प्रभारियों और 21 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किए जाने से पुलिस विभाग मे खलवली मची हुई है। एसपी के आदेशानुसार थाना कुलपहाड़ और थाना पनवाड़ी में तैनात दो उपनिरीक्षकों को पुलिस लाइन भेजा गया है।

पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पुलिस अधक्षक ने चौकी प्रभारी नगाराघाट थाना पनवाड़ी उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बजरिया कोतवाली महोबा बनाया गया है और चौकी प्रभारी बजरिया के उपनिरीक्षक गौरव चौबे को सुभाष चौकी प्रभारी बनाया गया। सुभाष चौकी प्रभारी देवेन्द्र ओझा को चौकी प्रभारी नगाराघाट थाना पनवाड़ी भेजा गया। इसी प्रकार चौकी प्रभारी भटीपुरा उपनिरीक्षक सुजीत जायसवाल को चौकी प्रभारी सुरहा थाना कबरई के लिए स्थानांतरण किया गया। मनियादेव चौकी प्रभारी विवेक यादव को चौकी प्रभारी बेलाताल के लिए रवाना किया गया और मनियादेव चौकी प्रभारी का कार्यभार उप निरीक्षक सनय कुमार को सौंपा गया। चौकी प्रभारी बेलाताल धर्मेन्द्र सिंह को चौकी प्रभारी भटीपुरा महोबा बनाया गया है। चौकी सुरहा कबरई के उप निरीक्षक प्रकाश सिंह परिहार को चौकी प्रभारी पसवारा में तैनात किया गया।

इसी प्रकार सदर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक हीरामणि तिवारी को थाना खन्ना और थाना कबरई में तैनात उप निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह को चरखारी चौकी प्रभारी बनाया गया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कबरई उपनिरीक्षण महेन्द्र कुमार वर्मा को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना पनवाड़ी का कार्यभार सौंपा गया है। थाना पनवाड़ी एसआई सुनील कुमार मिश्र को थाना कबरई व थाना एएचटीयू उपनिरीक्षक लायक सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना अजनर भेजा गया है। थाना महोबकंठ में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर तैनात सत्येन्द्र सिंह को कोतवाली महोबा तथा सदर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक मनोज तिवारी को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना महोबकंठ बनाया गया। थाना कुलपहाड़ में तैनात उपनिरीक्षक बालकृष्ण तिवारी एवं थाना पनवाड़ी में तैनात उप निरीक्षक ज्योतिन्द्र नाथ शुक्ल को पुलिस लाइन भेजा गया है। उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश पांडेय को थाना पनवाड़ी व थाना कबरई में तैनात उप निरीक्षक मधुरेश कुमार त्रिपाठी को थाना कुलपहाड़ के लिए स्थानांतरण किया गया। उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार मिश्रा को थाना कबरई एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना अजनर में तैनात एसआई मलखान सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कबरई बनाया गया है।

# बोर्ड परीक्षा : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज राज द्वारा आयोजित की जा वर्ष 2025 की परीक्षाऐं दिनांक 24.02.2025से प्रारम्भ होकर दिनांक 12.03.2025 तक दो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 08:30 बजे से प्रातः 11:45 बजे तक एवंद्वितीय पाली अपरान्ह् 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक) में सम्पन्न होंगी। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डी0आर0 रिसोर्ट इस्लाम नगर रोड बहजोई में दिनांक 17.02.2025 को प्रातः 09:30 बजे आयोजित की गयी है। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा हेतु जनपद में 77 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल के 26946 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट के 24474 ( कुल 51420) परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। बैठक में जिलाधिकारी , द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त परीक्षा केन्द्रो पर समस्त भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केन्द्र व्यवस्थापक/ प्रधानाचार्य की होगी। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व पहुँचेंगे तथा सकुशल, शान्तिपूर्ण, शुचितापूर्ण व नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायित्व होंगे। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम में डबल लॉक युक्त स्टील की चार अलमारी होंगी। स्ट्रांग रूम में वॉयस रिकार्ड युक्त दो सीसीटीवी कैमरे 24X7 क्रियाशील रहेंगे। समस्त परीक्षा की रिकाडिंग 6 माह तक सुरक्षित रहेगी। परीक्षा केन्द्र पर साफ-सफाई, परीक्षा कक्षों में प्रकाश की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं बालक-बालिकाओं के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था केन्द्रव्यवस्थापक द्वारा की जायेंगी। परीक्षा उपरान्त शील्ड उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल पुलिस अभिरक्षा में संकलन केन्द्र तक बन्द बाहन द्वारा सुरक्षित पहुँचाये जायेंगे। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बैठक में उपस्थित सभी परीक्षा केन्द्रों को केन्द्रव्यवस्थापको को पुलिस व्यवस्था समय से उपलब्ध एवं परीक्षा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया।

# साथ में महाकुंभ न ले जाने से नाराज पत्नी ने फांसी लगा कर दी जान



अवधनामा संवाददाता

- पत्नी की मौत की खबर सुनते ही रोता बिलखता पति रास्ते से वापस घर लौटा

**महोबा।** पति द्वारा पत्नी को महाकुंभ अपने साथ न ले जाने से नाराज होकर उसने घर की रसोईघर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोहल्ले वासियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पति को घटना की सूचना दी गई जिस पर उसका रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है और वह प्रयागराज के महाकुंभ मेले पहुंचने से पूर्व ही वापस घर के लिए चल दिया। महिला द्वारा फांसी लगाए जाने से मोहल्ले वासियों की भीड़ मृतका के घर पर एकत्र हो गई।

बताया जाता है कि शहर के नयापुरा नैकाना शुक्रवारी बाजार के समीप रहने वाला रामशरण अहिरवार सोमवार को तड़के सुबह करीब चार बजे महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहा था, तभी उसकी पत्नी मन्नू 50 भी महाकुंभ में जाने की जिद करने लगी। जिस पर पति ने पत्नी को काफी समझाया और वह पत्नी को घर पर छोड़ कर अकेले ही प्रयागराज के लिए निकल गया। पति के जाते ही मन्नू महाकुंभ में न जाने से आहत हो गई और रसोईघर में दुपट्टा से फांसी का फंदा लगाकर झूलकर आत्महत्या कर ली और परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

सोमवार की सुबह करीब आठ बजे जब उसका पुत्र दीपक उठा और रसोईघर पर मां को फांसी पर लटका देख उसकी चीख निकल गई और वह रोने लगा। शोर शराबा सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला का शव लटका देख उनके होश उड़ गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस लोगों से घटना के बावत जानकारी करने में लगी हुई है। वहीं मृतका का गोद लिया पुत्र दीपक अहिरवार का मां की मौत से रो रोकर बुरा हाल बना हुआ। घटना की सूचना प्रयागराज गए पति को दी गई, जिससे वह रास्ते से ही वापस घर के लिए चल दिया।

# ताला तोड़कर दुकान से हजारों रुपये की सम्पत्ति उड़ाई



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम कमालपुरा में पांच दिन पूर्व एक किराना दुकान का अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर किराने का सामान और हजारों रुपये की नगदी चोरी कर चंपत हो गए थे। पीड़ित द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र दिए जाने के बाद भी आज तक न तो घटना का खुलासा किया और न ही पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़ित ने सोमवार को एक बार फिर कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कमालपुरा निवासी भरत कुमार राजपूत पुत्र चंद्रभान ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 13 फरवरी की रात को लाड़पुर नहर के पास स्थित किराना दुकान प्रतिदिन की भांति ताला बंद कर वह घर वापस आकर खाना पीना खाने के बाद सो गया, और सुबह उसे सूचना मिली की उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ है, और शटर भी खुली हुई। यह सुनकर वह तत्काल मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि दुकान पर रखी सिगरेट गुटखा व अन्य किराना सामान के अलावा दुकान में रखे हजारों रुपये गायब थे, जिसे देख उसके होश उड़ गए। शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए पीड़ित ने बताया किघटना कि सूचना कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने चोरी की घटना को गंभीरता से नहीं लिया और न ही अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है और न ही घटनास्थल का मुआयना किया गया। जिससे क्षेत्र के दुकानदारों में घटना के बाद से भय और दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि लाड़पुर नहर पुलिया के पास देर रात्रि के समय शराबियों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिस कारण यहां पर चोरी की वारदातों की घटनाएं घट रही हैं। बताया कि विगत दिनों भी लाड़पुर ग्राम में दिन दहाड़े चोरों ने दो लोगों के घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

# घटतौली का विरोध करना पड़ा मंहगा

- दूसरे का कोटा चला रहे दबंगों ने मोबाइल फोड़ा, की मारपीट
- गांव के दर्जनों लोग दबंगों के खिलाफ पहुंचे मुख्यालय
- डीएम-एसपी को शिकायती पत्र भेजकर उठायी कार्यवाही की मांग

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** पीओएस मशीन में नेटवर्क की विकराल समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को कोटेदारों की घटतौली का सामना भी करना पड़ रहा है। इलैक्ट्रॉनिक कांटों में छेड़छाड़ की खबरें भी अक्सर प्राप्त होती रहीं हैं। अब घटतौली का विरोध करने पर मारपीट का दंश भी झेलना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम बुढ़वार से प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी और के नाम से आवंटित उचित दर विक्रेता की दुकान गांव के दबंग संचालित कर रहे हैं। इतना ही नहीं बाल्टी रखकर घटतौली करते हुये उपभोक्ताओं को कम खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। बुढ़वार में घटतौली का विरोध करना युवक को काफी मंहगा पड़ गया। दबंगों ने घटतौली का विरोध कर फोटो खींच रहे उपभोक्ता का मोबाइल फोन तोड़ते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। मामले में जिला पूर्ति अधिकारी का बयान जारी हुआ है, जिसमें वह उपभोक्ताओं के सोशल डिस्टेंस और लाइन लगाकर खाद्यान्न न लेने को लेकर विवाद होने की बात कहते हुये नजर आ रहे हैं। पूरे मामले की जांच उच्चस्तरीय हो तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

बुढ़वार के मजरा फौजपुरा के दर्जनों ग्रामीणों ने कोटे पर हो रही घटतौली के खिलाफ आवाज उठाते हुये उपभोक्ता के साथ हुयी मारपीट के मामले में जिला व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मजरा फौजपुरा में मोहनलाल पुत्र प्रागी रजक के नाम से उचित दर विक्रेता की दुकान आवंटित है, लेकिन इस कोटे का संचालन गांव के दबंग रामनरेश यादव पुत्र महताब और उसका चचेरा भाई रामायन सिंह यादव पुत्र जयराम यादव द्वारा दबंगई से किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को शाम करीब 5 बजे मजरा निवासी खेमचंद्र कुशवाहा पुत्र दयाली दुकान पर राशन लेने के लिए गया हुआ था। आरोप है कि दुकान पर मौजूद रामनरेश कोटा का संचालन करते हुये तौल सही नहीं कर रहा था। जब खेमचंद्र ने तौल सही करने की बात कही तो आग बबूला होकर उसके साथ गाली-गलौज की गयी। इतना ही नहीं आरोप है कि बाल्टी रखकर हो रही घटतौली की फोटो खींचकर जब खेमचंद्र ने तौल को ठीक करने की बात कही तो रामनरेश व उसके चचेरे भाई रामायन सिंह ने उसका फोन छीनकर तोड़ दिया और मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे गांव के राकेश के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। बताया कि दुकान के अंदर खींचकर उसके साथ जान से मारने की कोशिश की गयी। इस हमले में हाथ-आंख व घुटने में चोटें आयीं हैं। मामले की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गयी, जिससे पुलिस भी मौके पर जा पहुंची। ग्रामीणों ने रामनरेश यादव व रामायन सिंह यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कराये जाने की मांग उठायी है।

# मोहाली के गांव जयंती माजरी में स्थित है माता जयंती देवी का प्राचीन मंदिर





चंडीगढ़ से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर मोहाली के गांव जयंती माजरी में स्थित है माता जयंती देवी का प्राचीन मंदिर। जयंती माजरी गांव पहाड़ की तराई में बसा है। इसके पास ही जयंती राव नाम की एक मौसमी धारा बहती है। करीब 100 सीढ़ियां चढ़कर इस मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। यहां का मुख्य मेला माघ की चौदस व पूर्णमासी (फरवरी माह)को लगता है। इस बार यह मेला 4 फरवरी को मनाया जा रहा है। मेले में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली सहित कई जगहों से श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा सावन माह (अगस्त) की चौदस व पूर्णमासी को छोटा मेला और चैत्र व आश्विन के नवरात्र में भी मेले लगते हैं। मंदिर में माता पिंडी रूप में स्थापित है, इसके अलावा यहां माता की मूर्ति भी स्थापित की गई है। प्रचलित कथा के अनुसार बाबर के राज में हथनौर का राजा हिंदू राजपूत था। उसके 22 भाई थे। उनमें से एक भाई की शादी कांगड़ा के राजा की बेटी से तय हुई। वह माता जयंती देवी की बहुत बड़ी उपासक थी।

रोजाना माता के दर्शन करके ही जलपान करती। वह इस बात से बेहद व्याकुल हो उठी कि शादी के बाद माता से इतनी दूर कैसे रह पाएगी। माता ने उसे सपने में दर्शन दिए और आश्वासन दिया कि तुम्हारी डोली यहां से उस समय उठ पाएगी, जब तुम्हारे साथ मेरी डोली भी उठेगी। ऐसा ही हुआ। शादी के बाद जब डोली नहीं उठी, तो सब चिंता में पड़ गए। तब राजकुमारी ने पिता को सपने के बारे में बताया। उसके बाद माता की डोली भी सजाई गई। राजकुमारी और माता की डोली एकसाथ विदा हुई। राजकुमारी जब तक जीवित रही और उसकी 3 पीढ़ियां करीब 200 साल तक मां जयंती की पूजा-अर्चना करती रहीं। लेकिन बाद की पीढ़ियों ने धीरे-धीरे मां जयंती को भुला दिया। अहंकार में यह कहते हुए कि माता तो हमारी बहू के साथ डोली में आई थी,

**मंदिर में माता पिंडी रूप में स्थापित है, इसके अलावा यहां माता की मूर्ति भी स्थापित की गई है। प्रचलित कथा के अनुसार बाबर के राज में हथनौर का राजा हिंदू राजपूत था। उसके 22 भाई थे। उनमें से एक भाई की शादी कांगड़ा के राजा की बेटी से तय हुई। वह माता जयंती देवी की बहुत बड़ी उपासक थी। रोजाना माता के दर्शन करके ही जलपान करती। वह इस बात से बेहद व्याकुल हो उठी कि शादी के बाद माता से इतनी दूर कैसे रह पाएगी। माता ने उसे सपने में दर्शन दिए और आश्वासन दिया कि तुम्हारी डोली यहां से उस समय उठ पाएगी**

हम उसके आगे सिर नही झुकाएंगे। मां जयंती देवी का छोटा सा मंदिर वीरान होने लगा। इस पर मां क्रोधित हो उठीं। मान्यता है माता ने कि अपने एक परम भक्त डाकू गरीबू को सपने में दर्शन देकर उसे हथनौर का राजा बन राज करने का आदेश दिया। माना जाता है कि गरीबू आज के चंडीगढ़ से सटे मनीमाजरा (जो तब जंगल था) में रहता था। गरीबू डाकू ने जब अपने साथियों के साथ हथनौर पर चढ़ाई की तो चमत्कारिक ढंग से हथनौर किले के अंदर जगह-जगह खुद ब खुद आग लग गई। रियासत में कोई भी मां जयंती के प्रकोप से बच न पाया, केवल वही बच पाए जो उस समय हथनौर से बाहर थे या समय रहते हथनौर से भाग गए थे। सारे का सारा हथनौर तबाह हो चुका था। बचा था बस एक शिव मंदिर, जो आज भी जयंती माजरी गांव की आबादी से बाहर स्थित है। पूरे क्षेत्र पर गरीबू डाकू का नियंत्रण हो चुका था और उसके हाथ जो भी लूट का पैसा, जेवर लगा, उससे उसने मां जयंती देवी मंदिर से 5 किलोमीटर दूर एक नया गढ़ बसाया, मुल्लांपुर गरीबदास। मां की कृपा से गरीबू डाकू से राजा बने गरीबदास ने पहाड़ी पर मां जयंती देवी के छोटे से मंदिर के स्थान पर ही करीब 200 साल पहले किलेनुमा बड़े मंदिर का निर्माण करवाया। करीब 500 वर्ष पुराने इस मंदिर में माता की पिंडी की स्थापना की गई थी। दूर से ही आकर्षित करता है मंदिर- पीजीआई वाली सडक़ पर चलते हुए खुड्डा लाहौरा कस्बे से जयंती माजरी गांव पहुंचकर सामने पहाड़ी के शिखर पर किलेनुमा जयंती देवी मंदिर दूर से ही आकर्षित करता है। मंदिर के पास पहुंचते ही दूर-दूर तक फैली शिवालिक की पहाडिय़ों का मनमोहक दृश्य और जयंती झील लोगों को काफी आकर्षित करती है। मंदिर की पहाडिय़ों के आसपास आपको हिरण दिखाई देंगे। इसके अलावा मोर भी दिखते हैं। मां जयंती का दरबार सुंदर सजावट, स्वर्ण आभूषणों से लदी मां की पिंडियां और मां की ज्योति के दर्शन मन को सुकून देते हैं। शिव के दर्शन के बिना पूरी नहीं होती यात्रा- जयंती देवी मंदिर से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर भगवान शिव का मंदिर स्थापित है। बताया जाता है कि माता के दर्शनों के बाद यदि बाबा के दरबार में हाजिरी नहीं लगाई, तो यात्रा संपूर्ण नहीं होती। पंडितों के अनुसार यह शिव मंदिर करीब 700 वर्ष पुराना है और यहां शिव की पिंडी धरती से प्रकट हुई थी। 5 गांवों के लोग नहीं बनाते दूसरी मंजिल- जयंती देवी मंदिर के आसपास 5 गांवों के लोग अपने मकान की दूसरी मंजिल नहीं बनाते। जयंती देवी मंदिर के पुजारी ने बताया कि गांव जयंती माजरी, गुड़ा, कसौली, बगीड़ी और करौंदेवाला में आज भी कोई दूसरी मंजिल नहीं बनाता। कहा जाता है कि मां के श्राप से हथनौर रियासत का नामोनिशान भी नहीं रहा, कालांतर में लोग पुन- आकर यहां बसने लगे और जिस किसी ने भी अपने मकान की दूसरी मंजिल बनानी चाहिए, वह बन नहीं पाई। उसका कोई न कोई नुकसान हो गया, तो लोगों ने दूसरी मंजिल बनानी ही छोड़ दी। उन्होंने बताया कि यहां पूजा करते हुए उनकी ये 5वीं पीढ़ी है। इस गांव में लगभग 150 घर हैं और इसकी आबादी 900 के लगभग है। यहां सभी मकान लगभग आज के समय के मुताबिक पक्के बने हुए हैं।

# केएम करियप्पा के नाम दर्ज है पहले भारतीय सेनाध्यक्ष होने का रिकॉर्ड



**आज ही के दिन यानी की 28 जनवरी को आजाद भारत के पहले फील्ड मार्शल केएम करियप्पा का जन्म हुआ था। वह सेना प्रमुख होने के अलावा भारतीय सेना के पहले फाइव स्टार रैंक के अधिकारी थे। उन्होंने भारतीय सेना में 30 साल रहकर देश की सेवा की थी। फिर साल 1953 में उनका रिटायरमेंट हुआ था। रिटायरमेंट के बाद भी फील्ड मार्शल करियप्पा भारतीय सेना में किसी न किसी रूप में अपना योगदान दिया था।**

कर्नाटक में 28 जनवरी 1899 में केएम करियप्पा का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा माडिकेरी सेंट्रल हाई स्कूल से पूरी की थी। फिर उन्होंने आगे की पढ़ाई मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से पूरी की थी। वहीं पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इंदौर स्थित आर्मी ट्रेनिंग स्कूल के लिए सेलेक्ट हो गए। स्कूल से आर्मी ट्रेनिंग पूरी होने के बाद वह भारतीय सेना के कमांडर-इन-चीफ बनें। फिर भारतीय सेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट के तौर केएम करियप्पा की तैनाती हुई।

## भारत का सेना प्रमुख

बता दें कि 15 जनवरी 1949 को केएम करियप्पा को भारत का सेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वहीं इसी दिन करियप्पा को कमांडर इन चीफ का पद मिला था। 15 जनवरी 1949 को पहली बार ब्रिटिश शासन ने यह कमान भारतीय सेना को सौंपी थी। लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर वह अपनी सेवाएं दे रहे थे। करियप्पा ने जनरल सर फ्रांसिस बुचर का स्थान लिया था। फिर साल 1953 में केएम करियप्पा सेना से रिटायर हो गए। इसके बाद उनको ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में राजदूत बनाया गया। उन्होंने अपने एक्सपीरियंस के चलते कई देशों की सेनाओं के पुनर्गठन में भी मदद की। वहीं साल 1986 में भारत सरकार ने केएम करियप्पा को फील्ड मार्शल का पद दिया। रिटायरमेंट के बाद वह कर्नाटक के कोडागू जिले के मदिकेरी में बस गए। वहीं केएम करियप्पा को मेन्शंड इन डिस्पैचेस, ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर और लीजियन ऑफ मेरिट जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया था।

## पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति से कनेक्शन

देश के बंटवारे से पहले फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख और राष्ट्रपति जनरल अयूब खान के भी बॉस थे। अयूब खान ने सेना में रहते हुए जनरल करियप्पा के साथ काम किया था। फिर साल 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान जनरल करियप्पा सेना से रिटायर हो चुके थे और उनका बेटा केसी नंदा करियप्पा एयरफोर्स में सेवा दे रहे थे। इसी दौरान केसी नंदा करियप्पा पाकिस्तानी सेना पर कहर बरपा चुके थे। लेकिन पाकिस्तानी सेना पर गोले बरसाते हुए जनरल करियप्पा के बेटे केसी नंदा दुश्मन देश की सेवा में प्रवेश कर गए और वह पाकिस्तानी सेना की गोलियों के शिकार हो गए। दुश्मन देश में सुरक्षित नीचे उतरने के बाद पाकिस्तानी सेना ने केसी नंदा करियप्पा को कब्जे में ले लिया। जब पाकिस्तानी सेना को यह बात पता चली कि वह जनरल करियप्पा के बेटे हैं, तो पाक सेना में खलबली मच गई। फिर इस बात की जानकारी तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान को दी गई, तो उन्होंने पाक उच्चायुक्त को पूर्व सेना प्रमुख करियप्पा से बातचीत के लिए कहा। जब पाक उच्चायुक्त ने पूर्व सेना प्रमुख करियप्पा से बात की, तो उनके बेटे केसी नंद करियप्पा को छोड़ने की पेशकश की। तब करियप्पा ने पाक उच्चायुक्त को दो टूक कहा कि पाकिस्तान में बंद सभी भारतीय जवान उनके बेटे हैं और यदि छोड़ना है, तो सभी को छोड़ो। हालांकि बाद में उनको छोड़ दिया गया था।

# गायिकी के रसराज कहे जाते थे पंडित जसराज



गायिकी के रसराज कहे जाने वाले पंडित जसराज का आज ही के दिन यानी की 28 जनवरी को जन्म हुआ था। अपने अनूठे गायिकी से पंडित जसराज दुनियाभर में प्रसिद्धि पाई थी। बता दें कि सुरों से रसराज कहे जाने वाले पं. जसराज ने संगीत को अपने जीवन के 75 साल दिए थे। इसीलिए पं. जसराज के नाम के बिना शास्त्रीय संगीत का इतिहास अधूरा है। हरियाणा के हिसार में 28 जनवरी 1930 को पंडित जसराज का जन्म हुआ था। इनका जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था, जिसे 4 पीढ़ियों तक हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को एक से बढ़कर एक शिल्पी देने का गौरव प्राप्त है। इनके पिता का नाम पंडित मोतीराम था और वह खुद मेवाती घराने के एक विशिष्ट संगीतज्ञ थे। महज 4 साल की उम्र में पंडित जसराज के सिर से उनके पिता का साया उठ गया था।

पंडित जसराज ने शुरूआती दिन हैदराबाद में बिताए और फिर गुजरात में मेवाती घराने के संगीतकारों के साथ संगीत का अध्ययन किया। पंडित जसराज ने साणंद के ठाकुर साहब महाराज जयवंत सिंह वाघेला के लिए प्रस्तुति दी थी। फिर साल 1946 में वह कलकत्ता चले गए और रेडियो के लिए शास्त्रीय संगीत गाने लगे। बता दें कि बहुत कम उम्र में जसराज को उनके पिता ने गायन की शिक्षा दी थी। फिर उनके भाई पंडित प्रताप नारायण ने पंडित जसराज को तबला कलाकार के रूप में प्रशिक्षित करने का काम किया था। वह अपने भाई मनीराम के साथ एकल गायन प्रदर्शन में शामिल होते थे। इसी दौरान बेगम अख्तर ने पंडित जसराज को शास्त्रीय संगीत में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं 22 साल की उम्र में उन्होंने नेपाल के राजा त्रिभुवन बीर बिक्रम शाह के दरबार में गायक के तौर पर प्रस्तुति दी। साल 1952 में पंडित जसराज का यह पहला स्टेज परफॉर्मेंस था। पंडित जसराज को शास्त्रीय संगीत में अहम योगदान देने के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। साल 1975 में उनको भारत का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री दिया गया था। इसके अलावा साल 1987 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 1990 में भारत का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण, साल 2000 में भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उनको भारत रत्न, लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए सुमित्रा चरत राम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं 17 अगस्त 2020 को कार्डियक अरेस्ट की वजह से अमेरिका के न्यू जर्सी में पंडित जसराज का निधन हो गया था।

# दुनिया की सबसे रोमांटिक जगह

**फरवरी का महीना युवाओं के लिए बहुत खास होता है। फरवरी को प्यार का महीना कहा जाता है। इस महीने में साल के सबसे रोमांटिक दिन मनाए जाते हैं। फरवरी के दूसरे हफ्ते से इश्क, मुहब्बत का सात दिवसीय त्योहार शुरू हो जाता है। प्यार करने वालों के लिए हर दिन उत्सव की तरह होता है। प्रेमी जोड़े अपने पार्टनर के साथ हफ्ते भर प्यार को जाहिर करने के अलग अलग तरीके अपनाते हैं। वहीं जो लोग किसी को पसंद करते हैं, वह अपने क्रश से प्यार का इजहार करने और अपनी मुहब्बत का यकीन दिलाने के लिए प्यार का इम्तिहान देते हैं। प्यार का महीना आ गया है। इस महीने में दुनिया के सबसे रोमांटिक दिनों को मनाया जाता है।**



युवाओं और प्यार करने वालों के लिए फरवरी में मनाया जाने वाला वैलेंटाइन सप्ताह बहुत खास होता है। 14 फरवरी को दुनिया के तमाम देश वैलेंटाइन डे के तौर पर मनाते हैं। इस मौके पर लोग जिनसे प्यार करते हैं, उन से अपने प्यार का इजहार करते हैं। कुछ खास करके अपने साथी को महसूस कराने की कोशिश करते हैं कि उनके जीवन में पार्टनर की क्या अहमियत है। कपल एक दूसरे के साथ वक्त बिताते हैं। इसके लिए वह कहीं घूमने जाते हैं। किसी रोमांटिक जगह पर एक दूसरे के साथ कुछ प्यार के पल बिताते हैं। अगर आप भी किसी रोमांटिक जगह पर अपने साथी के साथ जाने की इच्छा रखते हैं या अपने क्रश से मोहब्बत का इजहार करने का मौका तलाश रहे हैं तो दुनिया की सबसे रोमांटिक जगहों पर जा सकते हैं। यहां जब आप पार्टनर को दिल का हाल बताएंगे तो वह आपकी मुहब्बत को तुरंत कबूल कर लेंगे। अधिकतर रोमांटिक फिल्मों में हीरो अपनी हीरोइन से पेरिस में एफिल टावर के सामने मोहब्बत का इजहार करते नजर आ जाते हैं। पुरानी फिल्मों से लेकर आज के दशक की कई फिल्मों में पेरिस के खूबसूरत नजारे कपल के बीच के रोमांस को प्रदर्शित करते हैं। हम भारतीय इसी तरह के दृश्य देखकर बढ़े हुए। इसीलिए ज्यादातर भारतीय कपल एक बार पेरिस के रोमांटिक नजारे जरूर देखना चाहते हैं। आम लोग ही नहीं, सेलिब्रिटीज भी दुनिया के सबसे रोमांटिक शहर पेरिस को घूमने का शौक रखते हैं। नेहा कक्कड़ अपनी शादी के बाद पति रोहनप्रीत के साथ एफिल टावर देखने गई थीं। शाम के समय यहां कपल शहर की खूबसूरत जगमगाहट का लुत्फ उठा सकते हैं। पेरिस से अलग कोई खूबसूरत और रोमांटिक जगह की तलाश में हैं तो फ्लोरेंस शहर की ओर रुख कर सकते हैं। इटली के फ्लोरेंस शहर की खूबसूरती कपल को रोमांटिक माहौल देगी। फ्लोरेंस की संकरी गलियां इतिहास की कहानियों को जाहिर करती हैं। यहां फियोरेंटीना कूजीन विश्व स्तर पर मशहूर है। हर कपल को एक बार फ्लोरेंस घूमने जरूर आना चाहिए। दुनिया की सबसे रोमांटिक जगहों की बात हो तो ग्रीस के सेंटोरिनी शहर का नाम आना लाजमी है। चारों ओर से प्राकृतिक खूबसूरती से घिरा सेंटोरिनी कपल्स के पसंदीदा हनीमून डेस्टिनेशन में से है। यहां के नजारे आपका मन मुग्ध कर देंगे। रोमांस के लिए यह जगह परफेक्ट है। भारत के सेलिब्रिटी के लिए मालद्वीप सबसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन है। यह दुनिया के सबसे रोमांटिक द्वीपसमूह में से एक है। वैलेंटाइन के मौके पर आप अपने पार्टनर के साथ मालद्वीप घूमने जा सकते हैं। मालद्वीप के खूबसूरत नजारे, समुद्र तट और ऐतिहासिक जगहें आप दोनों के रोमांस को बढ़ा देंगी। फरवरी का महीना युवाओं के लिए बहुत खास होता है। फरवरी को प्यार का महीना कहा जाता है। इस महीने में साल के सबसे रोमांटिक दिन मनाए जाते हैं। फरवरी के दूसरे हफ्ते से इश्क, मुहब्बत का सात दिवसीय त्योहार शुरू हो जाता है। प्यार करने वालों के लिए हर दिन उत्सव की तरह होता है। प्रेमी जोड़े अपने पार्टनर के साथ हफ्ते भर प्यार को जाहिर करने के अलग अलग तरीके अपनाते हैं। वहीं जो लोग किसी को पसंद करते हैं, वह अपने क्रश से प्यार का इजहार करने और अपनी मुहब्बत का यकीन दिलाने के लिए प्यार का इम्तिहान देते हैं। इस प्यार के सप्ताह को वैलेंटाइन वीक कहा जाता है। वैलेंटाइन वीक के सात दिन अलग अलग तरीके से मुहब्बत को जाहिर करने और अपने पार्टनर को खास महसूस कराने के दिन होते हैं। इसकी शुरुआत 7 फरवरी से होती है, जो 14 फरवरी तक मनाया जाता है। अगर आप भी वैलेंटाइन वीक मनाना चाहते हैं, तो यहां 7 फरवरी से 14 फरवरी से मनाए जाने वाले मोहब्बत के हर दिन के बारे में जान लीजिए।



## पहला दिन रोज डे

मुहब्बत के सप्ताह का पहला दिन 7 फरवरी से शुरू होता है। इस दिन रोज डे मनाते हैं। रोज यानी गुलाब प्यार का प्रतीक माना जाता है। प्रेमी जोड़ा एक दूसरे को लाल गुलाब देकर अपनी मुहब्बत का इजहार करते हैं। लाल गुलाब के अलावा अन्य रंगों के गुलाब का भी विशेष मतलब होता है। अपने दोस्त, क्रश या परिवार के लोगों को भी आप इस दिन भावना को व्यक्त करने वाले अलग अलग रंग के गुलाब देकर मना सकते हैं।

## दूसरा दिन प्रपोज डे

बिना इजहार-ए-मुहब्बत के प्यार का मुकम्मल होना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वैलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे यानी प्यार के इजहार का दिन मनाते हैं। इस दिन आशिक अपने दिल का हाल बयां करते हैं। आप किसी को पसंद करते हैं तो उसे प्रपोज कर सकते हैं। अपने जीवनसाथी को भी इस खास दिन पर खास तरीके से प्यार का इजहार करके रिश्ते को अधिक मजबूत बना सकते हैं।

## तीसरा दिन चॉकलेट डे

त्योहार हो, रिश्ते हों या मुहब्बत हो मिठास जरूरी होती है। प्यार में मिठास घोलने के लिए वैलेंटाइन सप्ताह के तीसरे दिन चॉकलेट डे मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को चॉकलेट देकर मुंह मीठा कराते हैं और रिश्ते में मिठास खोलने का प्रयास करते हैं।

## चौथा दिन टेडी डे

व्यक्ति का दिल सॉफ्ट टॉय जितना नाजुक होता है। कहते हैं कि कठोर से कठोर व्यक्ति के दिन में एक कोमल मन बच्चा होता है। वैलेंटाइन वीक के चौथे दिन उसी कोमल मन को फिर एक बार बच्चा बन जाने दिया जाता है। लोग टेडी डे मनाते हैं। कपल एक दूसरे को टेडी बियर तोहफे में देते हैं। विशेषकर इसे लड़कियों के लिए खास दिन मनाते हैं, क्योंकि लड़कियों को स्टफ्ड खिलौने पसंद होते हैं।

## पांचवा दिन प्रॉमिस डे

शादी में भी सात वचन होते हैं। जहां भी प्यार है, वहां कुछ कसमें-वादे होना स्वाभाविक है। वैलेंटाइन सप्ताह का एक दिन प्रेमी जोड़ों के बीच प्यार भरे वादों को निभाने का होता है। प्रॉमिस डे के दिन लोग अपने पार्टनर को प्यार का यकीन दिलाते हैं और कुछ खास वादे करते हैं।

## छठा दिन हग डे

जादू की झप्पी, असल में एक जादूई अहसास महसूस करा सकती है। वैलेंटाइन सप्ताह में 12 फरवरी को हग डे मनाते हैं। इस दिन अपने प्रिय को गले लगाकर प्यार को महसूस करते और कराते हैं। बिना कुछ बोले दिल की बात पार्टनर तक पहुंचाने के लिए एक दूसरे से गले लगाना बेहतर तरीका हो सकता है।

## सातवां दिन किस डे

13 फरवरी को किस डे मनाया जाता है। जब आपको प्यार उस लेवल पर पहुंच जाता है कि इश्क बयां करने के लिए अल्फाजों की जरूरत न पड़े, तो काफी कुछ प्रेमी जोड़े एक प्रेम पूर्ण चुंबन से व्यक्त कर देते हैं। किस यानी चुंबन कई प्रकार के होते हैं, जो प्रेमी या प्रेमिका के अलग अलग एहसास को जाहिर करते हैं।

## आठवां दिन वैलेंटाइन डे

वैलेंटाइन सप्ताह के आखिरी दिन यानी 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाते हैं। लगभग दुनियाभर में 14 फरवरी पर इश्क का दिन मनाया जाता है। यह प्रेमी के के हफ्ते भर की इश्क की परीक्षा का फाइनल या परिणाम का दिन होता है। मुहब्बत की परीक्षा में पास होने वालों का रिश्ता दूसरे स्टेज पर पहुंच जाता है। उनका प्यार गहरा हो सकता है।

# अब किसको दहलाएगा इजरायल ?

## ट्रंप ने भेजा शक्तिशाली बम एमके-84, जो बाइडन ने लगाया था बैन

एजेंसी

**यरूशलम।** अमेरिका ने इजरायल को बमों की भारी खेप भेजी है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एमके-84 बमों की डिलीवरी पर अस्थायी रोक हटाने के बाद यह खेप भेजी है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा कि इजराइल को भारी एमके-84 बमों की खेप मिली है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को एक बयान में कहा कि गोला-बारूद की यह खेप शनिवार देर रात इजराइली बंदरगाह अशदोद पहुंची। रात भर में इसे उतार लिया गया है।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने एक वीडियो फुटेज जारी किया है। इसमें शिपिंग कंटेनरों को दर्जनों ट्रकों पर लोड होते देखा जा सकता है। बाद में इन ट्रकों को इजराइल की वायु सेना ठिकानों तक ले जाया गया।

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन को बम की डिलीवरी और इजरायल के प्रति अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 7 अक्टूबर 2023 को गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से 678 एयरलिफ्ट और 129 समुद्री शिपमेंट के माध्यम से 76,000 टन से अधिक सैन्य उपकरण इजरायल पहुंच चुके हैं।

जो बाइडन प्रशासन ने एमके-84 बमों की डिलीवरी पर प्रतिबंध लगाया था। अमेरिका को शक था कि इजरायल इन बमों का इस्तेमाल गाजा में कर सकता है। 907 किलो वजन वाला एमके-84 बिना गाइड वाला बम है। यह बम मजबूत लक्ष्य को भेदने और भीषण विस्फोट से बड़ी क्षति पहुंचाने में सक्षम है।

इजरायल की सेना ने लेबनान सीमा पर मोर्चा खोला दिया है। दक्षिणी लेबनान के हौला गांव में लौट रहे लोगों पर गोलीबारी की गई। हमले में एक महिला की मौत हुई है। कई अन्य घायल हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के हवाले से जानकारी दी है कि इसी दौरान इजरायली सेना ने तीन लोगों को अगवा भी किया है।

बता दें कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौता 27 नवंबर 2024 से लागू है। लेबनानी सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इजरायली सेना के छोड़े गए विस्फोटकों के खतरों और दुश्मन सैनिकों की संभावित मौजूदगी को देखते हुए नागरिकों को दक्षिणी क्षेत्रों से बचना चाहिए, जहां अभी सेना की तैनाती पूरी नहीं हुई है।

## हल्के में मत लेना... मैं अपनी सेना यूक्रेन भेजने को तैयार हूं, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने खोला रूस के खिलाफ मोर्चा

एजेंसी



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन अपनी सेना यूक्रेन भेजने को तैयार है। स्टार्मर ने कहा कि अगर यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता हुई तो ब्रिटेन अपनी सेना को यूक्रेन भेजने को तैयार है। स्टार्मर का यह कदम अमेरिका के कदम पीछे खींचने के बाद आया है।

कीर स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को बढ़चढ़ समर्थन कर रहा है। जरूरत पड़ने पर यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने की खातिर भी तैयार रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अपने सैनिकों को जमीन पर उतारना भी अहम है।

ब्रिटिश पीएम ने कहा कि मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा हूं। ब्रिटिश सैनिकों और महिलाओं को संभावित रूप से खतरे में डालने की जिम्मेदारी बहुत गहराई से महसूस की जाती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी देना हमारे महाद्वीप और देश की सुरक्षा में मदद करेगा।

अमेरिका यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को खत्म करने की कोशिश में जुटा है। मगर उसके इस कदम से यूरोप में चिंता की लहर पैदा हो गई है। अब कीर स्टार्मर ने कहा है कि वह सोमवार को इस मुद्दे पर पेरिस में आयोजित एक शीर्ष बैठक में शामिल होंगे। 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से पहले जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, इटली, पोलैंड, स्पेन, नीदरलैंड और डेनमार्क के राष्ट्राध्यक्ष एक मीटिंग में हिस्सा ले सकते हैं। कीर स्टार्मर ने कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ अमेरिकी सपोर्ट महत्वपूर्ण है। स्थायी शांति के लिए अमेरिका की सुरक्षा गारंटी जरूरी है, क्योंकि सिर्फ अमेरिका ही पुतिन को दोबारा हमला करने से रोक सकता है।

### क्विक न्यूज

#### बंदी छोड़ दिवस पर भक्तों ने टेका स्वर्ण मंदिर में माथा

**अमृतसर।** सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद साहब की जहांगीर की कैद से रिहाई की खुशी में मनाए जाने वाले बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर सुबह श्रद्धालुओं ने स्वर्ण मंदिर परिसर में स्थित सरोवर में पूजा-अर्चना की और पवित्र डुबकी लगाई। मंदिर परिसर में सिखों का सबसे पवित्र धार्मिक स्थल हरमंदिर साहिब स्थित है। बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर हरमंदिर साहिब को एलईडी लाइटों से जगमग कर दिया गया। एलईडी लाइटों की रोशनी से यह शानदार दिखाई दे रहा था। इस पवित्र दिन पर मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने यहां इकट्ठा होकर पूजा अर्चना की। मंदिर प्रशासन ने इस पवित्र दिन को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर के गुंबदों, इमारतों और फर्शों को साफ किया और रोशनी से सजाया। इस दिन को सिख धर्म में बंदी छोड़ दिवस (कैदी मुक्ति दिवस) के रूप में मनाया जाता है।

#### गोधरा कांड पर आधारित किताबें वापस मंगाने के निर्णय से राजनीतिक विवाद

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने गोधरा कांड और गुजरात दंगों पर आधारित कुछ किताबों को वापस मंगाने का फैसला लिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। शिक्षा विभाग ने पहले किताबों को वापस मंगाने का कारण तकनीकी खामियां बताया था, जैसे प्रिंटिंग की गुणवत्ता खराब होना और पन्नों में हेरफेर। बताया गया था कि इन कमियों के कारण छात्रों को पढ़ने में परेशानी हो सकती है। हालांकि, इस मुद्दे ने नया मोड़ तब लिया जब राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किताबों की वापसी के पीछे गोधरा कांड के हत्यारों का महिमामंडन करने का आरोप लगाया। दिलावर का कहना है कि इन किताबों में गोधरा कांड में ट्रेन जलाने वालों को हिंदू बताया गया है और उन्हें अपराधी भी कहा गया है। उनका मानना है कि इन तथ्यों को बच्चों के सामने गलत रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे बच्चों में भ्रम पैदा हो सकता है।

## महिला एमपी की खातिर बुरे फंसे सांसद, कोर्ट ने ठहराया दोषी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को सोमवार को एक संसदीय समिति के सामने झूठी गवाही देने का दोषी पाया गया। इस फैसले के बाद उन्हें संसद से और इस साल चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है। उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक टैन ने सिंह को दो आरोपों में दोषी ठहराया। भारतवंशी प्रीतम सिंह के खिलाफ यह आरोप पार्टी के पूर्व विधायक रईस खान के मामले से संबंधित हैं, जिन्होंने एक अन्य मामले में संसद से झूठ बोला था। 48 वर्षीय सिंह पर 10 दिसंबर और 15 दिसंबर 2021 को खान के मामले की जांच के दौरान विशेषाधिकार समिति को जानबूझकर दो झूठे जवाब देने का आरोप लगाया गया था। यह मुकदमा चार महीने पहले शुरू हुआ न्यायाधीश ने कहा कि इसके विपरीत सीओपी के समक्ष जो भी दावा किया वह जानबूझकर बोला गया झूठ था।

## केरल में सांस्कृतिक उत्सव के दौरान लहराए गए हमास नेताओं के पोस्टर

एजेंसी

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड में सांस्कृतिक उत्सव के दौरान आतंकी संगठन हमास नेताओं की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। यह उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है। महोत्सव का समापन समारोह रविवार को हुआ। केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि केरल में माकपा सरकार के समर्थन और मदद से कट्टरपंथी तत्व और राष्ट्र-विरोधी संगठन काम कर रहे हैं।

इससे पहले भाजपा नेता ने अपने पोस्ट में कार्यक्रम का वीडियो पोस्ट किया और लिखा, एक साल पहले, जब भाजपा ने केरल में रैली के खिलाफ चेतावनी दी थी, जिसमें हमास के नेता ने भाग लिया था, तो एलडीएफ सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने आगे लिखा, हजारों लोगों की हत्या करने वाले आतंकियों का अब, पलक्कड में महिमामंडन किया गया। इस्माइल हानिया और याह्या सिनवार की तस्वीरों को हाथियों पर रखकर परेड निकाली गई, जहां एक मंत्री और एक पूर्व कांग्रेस विधायक भी मौजूद थे। क्या संदेश भेजा दिया रहा है? मुख्यमंत्री विजयन चुप क्यों हैं? वह कार्रवाई करें या इस्तीफा दें।

बता दें कि गाजा में युद्धविराम समझौते की शर्त के अनुसार शनिवार को हमास ने तीन और इजरायली बंधकों को मुक्त किया तो बदले में इजरायल ने 369 फलस्तीनी कैदी रिहा किए। जिन तीन बंधकों को रिहा किया गया है उनके नाम आयर हॉर्न, सेगुई डेकेल-चेन और साशा ट्रौफानोव हैं।

इन बंधकों की गाजा के खान यूनिस शहर में हमास के हथियारबंद लड़ाकों ने रेडक्रॉस के अधिकारियों को सौंपा, जहां से इजरायली सैनिक उन्हें इजरायल लाए। इसके कुछ देर बाद फलस्तीनी कैदियों को लेकर इजरायल की बसें वेस्ट बैंक पहुंचीं।

# थरूर ने की पीएम मोदी की तारीफ

## कांग्रेस बोली- कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को धोखा न दें

**बढ़ावा**

स्थानीय निकाय चुनाव पर कांग्रेस का फोकस

एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा की तारीफ करने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर अब केरल में उद्यमिता विकास की प्रशंसा करने पर अपनी ही पार्टी में घिर गए हैं। केरल कांग्रेस के मुखपत्र वीक्षणम डेली ने सोमवार को शशि थरूर की आलोचना करते हुए संपादकीय प्रकाशित किया।

संपादकीय में थरूर का नाम तो नहीं लिया गया है, लेकिन उनसे आग्रह किया गया कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को धोखा न दें। कड़े शब्दों में लिखे गए संपादकीय में कहा गया है कि राज्य में सत्ता विरोधी लहर है। इसे बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा इसे दबाने का प्रयास एक विकृत राजनीतिक व्यवहार है। बताते चलें, थरूर ने हाल ही में एक अंग्रेजी दैनिक में लेख लिखकर वामपंथी सरकार के तहत राज्य में उद्यमिता विकास की प्रशंसा की थी। इसके बाद से पार्टी के भीतर उन्हें सवालों का सामना करना पड़ रहा है।

पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में थरूर ने कहा था कि इससे भारतीयों के लिए कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

यह संपादकीय थरूर द्वारा यह स्पष्ट करने के एक दिन बाद आया है कि उन्होंने केरल में एलडीएफ (वाम लोकतांत्रिक मोर्चा) सरकार की प्रशंसा नहीं की थी, बल्कि केवल स्टार्टअप क्षेत्र में राज्य की प्रगति पर प्रकाश डाला था। थरूर ने कहा था कि मेरे लेख में कोई राजनीतिक संदर्भ नहीं था। मेरा ध्यान केवल उद्यमिता और नवाचार में केरल के विकास पर था।

हालांकि, पार्टी मुखपत्र ने उनके स्पष्टीकरण को प्रभावी ढंग से खारिज कर दिया। संपादकीय में चेतावनी दी गई कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ (संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा) अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद स्थानीय निकाय चुनाव जीतने में विफल रहा, तो यह मोर्चे के लिए एक बड़ा झटका होगा। इसने अपनी चुनावी संभावनाओं को कमजोर करने के किसी भी कदम को हास्यास्पद बताया।

## गलवान के शहीदों का अपमान है, सैम पित्रोदा के चीन वाले बयान के बाद भड़की भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एलएसी सीमा विवाद पर एक बयान दिया है। इसी को लेकर अब बीजेपी ने उन्हें घेर लिया है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, सैम पित्रोदा की बात भारत की संप्रभुता और कूटनीति के खिलाफ है।

साथ ही उन्होंने कहा, कांग्रेस के चीन के साथ हुए करार का इजहार हो गया है। सैम पित्रोदा ने कहा था कि चीन को हमारा दुश्मन मानना ??गलत है।

सुधांशु त्रिवेदी ने इसके जवाब में कहा, सैम पित्रोदा ने कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ समझौते की खुलकर पोल खोल दी है। गंभीर बात ये है कि सैम पित्रोदा ने जिस तरह की बात कही है, वो भारत की अस्मिता, कूटनीति और संप्रभुता पर बहुत गहरा आघात है। राहुल गांधी भी विदेश में ऐसे कई बयान दे चुके हैं।

कुछ समय पहले उन्होंने अपने विदेश दौरे पर कहा था कि चीन ने बेरोजगारी की समस्या का बहुत अच्छे से समाधान किया है। गलवान में हमारे 20 जवान शहीद हुए और उसके बाद अगर आपके ओवरसीज प्रेसिडेंट ऐसी भाषा बोलते हैं तो ये निंदनीय है।

इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स नामक एक संगठन है जिसने 2011 में एक भारतीय संगठन इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट के साथ एक समझौता किया था, जो चुनाव आयोग से जुड़ा संगठन है और कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन्स एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग नामक संगठन से समर्थन मिल रहा है, जिसका संबंध जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से है, जिसने यूएसएआईडी आदि के माध्यम से भारत में आधा बिलियन डॉलर का निवेश किया और तब से हर साल 3.5 लाख डॉलर भारत आ रहे हैं।

## मैं चाहता हूं एलन मस्क मंगल ग्रह पर रहें, सलमान रुश्दी ने टेस्ला चीफ को लेकर क्यों कहा ऐसा?

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ब्रिटिश-इंडियन नॉवलिस्ट सलमान रुश्दी ने एलन मस्क पर निशाना साधा है। सलमान रुश्दी कोलंबिया के कार्टाजेना में है और एक फेस्टिवल में पार्ट लेने के दौरान उन्होंने अरबपति एलन मस्क के प्रति अपनी नाराजगी और नापसंदगी व्यक्त की है।

सलमान रुश्दी ने कहा कि वे एलन मस्क के फैन नहीं हैं और चाहते हैं कि टेस्ला चीफ मंगल ग्रह पर जाने वाले पहले व्यक्ति बनें।

77 साल के सलमान रुश्दी ने हे फेस्टिवल में एल पैस से बात करते हुए यह टिप्पणी की है। जब उनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि एलन मस्क अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सभी तरह के भाषणों की अनुमति देकर इसकी रक्षा करते हैं, तो लेखक ने कहा कि टेस्ला प्रमुख जो करते हैं वह इसके विपरीत है।

सलमान रुश्दी ने कहा, 'मैं सच में चाहता हूं कि वह चले जाएं।' एलन मस्क मुक्त अभिव्यक्ति का बचाव नहीं करते हैं। उनका सोशल नेटवर्क अति दक्षिणपंथी विमर्श को नियंत्रित करता है। सलमान रुश्दी ने आगे कहा, मैं एलन मस्क का फैन नहीं हूं और मैं चाहूंगा कि वह मार्स पर जाने वाले पहले आदमी बनें।

इसके बाद जब इंटरव्यूवर ने पूछा, आप ऐसा क्यों चाहते हैं, ताकि वह वहीं रहे...? तो रुश्दी ने सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि वह सच में चाहते हैं कि वह चले जाएं। उन्होंने एक दशक पहले एलन मस्क से हुई मुलाकात को भी याद किया।

रुश्दी ने कहा, हां, उन्हें जाने दें। अगर उन्हें यह इतना पसंद है, तो उन्हें जाने दें। मैं उनसे 10 साल पहले लॉस एंजिल्स में मिला था। और उन्होंने कहा था कि मंगल ग्रह पर पहुंचने में सात साल लगेंगे। सात साल पहले ही बीत चुके हैं, और मैं सच में चाहता हूं कि वह चले जाएं।

सलमान रश्दि ने यह भी कहा कि अमेरिका में मूल अमेरिकियों को छोड़कर हर कोई प्रवासी है और हम प्रवास के युग में रह रहे हैं। उन्होंने एलन मस्क पर चर्चा करते हुए कहा वह भी दक्षिण अफ्रीका से हैं।

सलमान रुश्दी की यह टिप्पणी अमेरिका में आव्रजन पर नव निर्वाचित ट्रम्प प्रशासन की कार्रवाई के बीच आई है, जिसमें एलन मस्क अमेरिकी राष्ट्रपति का समर्थन कर रहे हैं। सलमान रुश्दी अगस्त 2022 में चाकू से किए गए हमले में बच गए थे और हाल ही में चल रहे मुकदमे की सुनवाई के लिए पेश हुए थे।

## लॉरेंस के भाई अनमोल को अमेरिका से वापस लाने की कवायद

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया शुरू की है। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में अनमोल मुंबई पुलिस की वांटेड सूची में शामिल है। पुलिस के सूत्रों के हवाले से आई रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) से संबंधित मामलों की विशेष अदालत ने अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अमेरिका ने बताया कि अनमोल उनके देश में मौजूद है। सचेत किए जाने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की।

पुलिस के सूत्रों के हवाले से आई रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) से संबंधित मामलों की विशेष अदालत ने अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अमेरिका ने बताया कि अनमोल उनके देश में मौजूद है। सचेत किए जाने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत में याचिका दायर की। पुलिस ने कहा कि भगोड़े अपराधी अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करनी है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए हलफनामा दायर किया जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## क्या है यूएसएआईडी, जिस पर भारत से अमेरिका तक मचा बवाल, ट्रंप क्यों करना चाहते हैं बंद?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के बाद से ही सरकारी खर्च में कटौती करने में जुटे हैं। इसकी जिम्मेदारी उन्होंने दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क को दे रखी है। एलन मस्क सरकारी दक्षता विभाग के मुखिया हैं। वे न केवल कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं बल्कि तमाम फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने में जुटे हैं।

एलन मस्क के निशाने पर सबसे पहले यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड आया है। इसके तहत दुनियाभर के देशों को मिल रही फंडिंग पर मस्क लगातार कैंची चलाने में जुटे हैं।

ऐसे में आइए समझते हैं कि यूएसएड क्या है... इसका गठन कब और किसने किया, इसका उद्देश्य क्या है और मौजूदा ट्रंप प्रशासन इसे क्यों बंद करना चाहता है भारत में यूएसएड की चर्चा क्यों हैं?




यूएसएड अमेरिकी सरकार की विदेशी सहायता एजेंसी है। इसके माध्यम से अमेरिका दुनियाभर में विभिन्न कार्यक्रमों को आर्थिक मदद पहुंचाता है। यूएसएड के माध्यम से अपना एजेंडा चलाने का आरोप भी अमेरिका पर लगता है। दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में यूएसएड के कार्यालय हैं। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस के मुताबिक इस एजेंसी में लगभग 10 हजार लोग काम करते थे। इनमें से दो तिहाई कर्मचारियों की तैनाती विदेशों में है।

यूएसएड जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएड अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।

यूएसएड का सलाना बजट 40 बिलियन डॉलर का है। मगर अमेरिका की इस एजेंसी ने देश के बाहर विभिन्न देशों में 2023 में 68 बिलियन डॉलर की धनराशि खर्च की है।

# उनसे जल्द मिलूंगा और... रूस-यूक्रेन युद्ध होगा समाप्त!

## रूस-यूक्रेन युद्ध रोकना चाहते हैं पुतिनः ट्रंप

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। रविवार को ट्रंप ने कहा कि वो जल्द ही पुतिन से मुलाकात करेंगे।

उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को रोकना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि मीटिंग अब तक कोई समय निर्धारित तो नहीं है, लेकिन वो जल्द ही राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। ट्रंप ने ये भी कहा है कि युद्ध समाप्त करने को लेकर सरकार की एक टीम रूस से लगातार बातचीत कर रही है।

ट्रंप ने पुतिन को लेकर कहा, मुझे लगता है राष्ट्रपति पुतिन जल्द ही युद्ध समाप्त करना चाहते हैं। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि पुतिन यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं। इस सवाल पर ट्रंप ने कहा कि अगर ऐसा है तो यह एक बड़ी समस्या को जन्म देने वाला है। हालांकि, मुझे लगता है पुतिन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं।

बता दें कि हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत की। इसमें युद्ध समाप्त करने के लिए तुरंत वार्ता शुरू करने पर चर्चा की गई।

रूस की ओर से कहा गया गया कि पुतिन और ट्रंप के बीच करीब डेढ़ घंटे बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेता मिलने के लिए सहमत हो गए हैं और पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है।

इसी बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उनका मानना है कि रूस कमजोर नाटो के खिलाफ युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही में सऊदी अरब की राजधानी में रूसी अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। बता दें कि ट्रंप ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि वो युद्ध समाप्त करना चाहते हैं।

बताते चलें की फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था। इस युद्ध में अब तक दोनों देशों के हजारों सैनिकों की मौत हो चुकी है। अनगिनत जिंदगियां तबाह हो चुकी है।

### हादसे के बाद ट्रंप ने शुरू की विमानन प्रशासन के सैकड़ों अस्थायी कर्मचारियों की छंटनी; ईमेल भेजे गए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के सैकड़ों कर्मचारियों की नौकरी से छंटनी करनी शुरू कर दी है। यह कदम व्यस्त हवाई यात्रा साप्ताहांत में उठाया गया। रोनाल्ड रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट पर पिछले महीने हवा में हुई विमानों की टक्कर के बाद अब यह कार्रवाई की गई है। व्यावसायिक विमानन व्यवसाय विशेषज्ञ संघ के प्रमुख डेविड स्पेगो ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार देर रात से अस्थायी कर्मचारियों को ईमेल भेजे गए, जिनमें बताया कि उन्हें नौकरी से हटा दिया गया है। एक एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) ने नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि प्रभावित लोगों में वे कर्मचारी हैं, जो एफएए के रडार, लैंडिंग और नेविगेशन प्रणाली की देखभाल के लिए नियुक्त किए गए थे। स्पेरो ने बताया कि शुक्रवार की शाम सात बजे के बाद संदेश भेजने शुरू किए गए और देर रात तक भेजे गए। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य कर्मचारियों को साप्ताहांत के दौरान सूचना दी जा सकती है या मंगलवार को एफएए के मुख्यालय में प्रवेश से रोका जा सकता है।

# पीयू के पूर्व छात्र बने संन्यासी, कुंभ में कर रहे हैं प्रवचन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर/प्रयागराज।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जनसंचार में मास्टर डिग्री और वकालत की पढ़ाई करने वाले मनीष पांडेय ने सांसारिक जीवन को त्यागकर संन्यास का मार्ग अपना लिया है। कभी अखबारों के ब्यूरो प्रमुख रहे मनीष अब श्री श्री 1008 श्री दंडीस्वामी मनीष आश्रम जी महाराज के नाम से विख्यात हैं और वामन विष्णु मठ, सीखड़ मिर्जापुर के महंत हैं। कुंभ मेले में अपने शिविर में उपदेश देते हुए उन्होंने कहा, नारायण नाम का जाप ही सत्य है, यह संसार मात्र एक स्वप्न है। मनीष पांडेय का सफर प्रेरणादायक है–जनसंचार और वकालत जैसे आधुनिक पेशों से लेकर संन्यास और आध्यात्मिक मार्गदर्शन तक की यात्रा ने उन्हें अनूठी पहचान दिलाई है। उनका मानना है, उमा कहहुँ मै अनुभव अपना, सत हरि भजन जगत सब सपना।

उनकी यह आध्यात्मिक यात्रा समाज के लिए शांति और भक्ति का संदेश लेकर आई है। बतादें कि स्वामी मनीष आश्रम जी महाराज ने दंडी संन्यासी परम्परा से हैं जो कि दशनामी नागा सन्यासी सन्यासियों मे से एक है। यही दंडी सन्यासी स्वाध्याय करते करते जब ज्ञानवान हो जाता है तो शास्तरार्थ करके शंकराचार्य की घोषणा कर उपाधि प्राप्त करता है। स्वामीजी ने व्यावसायिक शिक्षा के रूप में एमजेएमसी ( मास्टर इन जर्नलिस्म एण्ड मास कम्युनिकेशन ) और वकालत जैसे डिग्रियां हासिल कर प्रैक्टिस किया और सफलता हासिल कर अपने कनिष्ठ अधिवक्ताओं को सौप दिया। मीरजापुर कचहरी स्थित उनके चैम्बर पर आज भी उनके जूनियर कार्यरत हैं। स्वामी जी की पूर्व की स्नातक शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र प्राचीन इतिहास और हिन्दी साहित्य से हुआ है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्वामी जी इंटरमीडिएट तक विज्ञान के छात्र रहे। सन्यास पश्चात स्वामी जी का ज्यादातर समय हिमालय और काशी में व्यतीत होता रहा। स्वामीजी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर दण्डी सन्यासी प्रबन्धन समिति द्वारा सीखड स्थित दण्डी सन्यासी मठ पर पीठाधीश्वर रूप मे महन्त नियुक्त किया गया। जहां रहकर स्वामी जी मठ का संचालन प्रवीणता से करते रहे हैं। स्वामी जी का जीवन व्यसनहीन ( नशामुक्त ) रहा। चौबीस घंटे मे एक बार ही भोजन भिक्षा ग्रहण करते हैं। पालनहार नारायण पर और दण्ड सन्यास परम्परा पर इतना विश्वास करते हैं कि अपने हाथ से भोजन नहीं बनाते हैं। इस बारे में उनका कहना है कि ऊपरवाला भूखा उठाता होगा लेकिन भूखा सुलाता नहीं है ,बच्चे के जन्म लेने से पूर्व ही जननी को स्तन बनाया है और जन्म के समय मां के स्तन मे दूध का प्रवाह होने लगता है।

## अनुसूचित जाति/ अनु. जनजाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

**जौनपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय 'कार्यालय प्रबन्ध' का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट है, अर्ह अभ्यर्थियों की आयुसीमा 01 अप्रैल 2025 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित विषयः- सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि (स्टेनो) तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र 26 मार्च 2025 तक जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार 27 व 28 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने सोमवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज में इमरजेन्सी वार्ड, ईएमओ कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, जनरल वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा कक्ष पीआईसीयू, अल्ट्रासाउण्ड, ईसीजी कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए मेडिकल कॉलेज में मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य चिकित्सीय उपचार सम्बन्धी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण करते हुए सीजेरियन केसों के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए सभी ग्रुपों के ब्लड की उपलब्धता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने नवजात शिशु एवं बालरोग कक्ष का निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चों के इलाज के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए नियमित बच्चों की देखभाल करने के निर्देश दिये।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पुरूष/महिला वार्ड का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से वार्ता करते हुए किये जा रहे चिकित्सीय उपचार एवं सम्बन्धित बीमारी से पीडित होने के सम्बन्ध जानकारी ली तथा चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि कॉलेज में आने वाले सभी गर्भवती एवं डिलीवरी केस की महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता कर परिवार नियोजन अपनाने हेतु प्रेरित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कन्सलटेन्ट डॉक्टरों द्वारा मरीजो को चिकित्सीय उपचार एवं सलाह दिये जाने के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने नवजात शिशुओं को प्रथम डोज आवश्यक रूप से दिलाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ0 एस0के0 कौशल सहित अन्य चिकित्सकगण तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## अवैध देशी शराब कुल 222 पेटी (कीमत लगभग 07 लाख रूपये) बरामद

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर अवगत कराना है कि थाना मुबारकपुर पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर भटौरा अण्डरपास के नीचे खड़ी मैक्सी ट्रक (वाहन) से लदा हुआ कुल 222 पेटी (बेचने की अनुमन्य तिथि समाप्त) अवैध देशी शराब की बरामदगी की गयी। उक्त वाहन का चालक जितेन्द्र पाण्डेय पुत्र राम विनोद पाण्डेय निवासी ग्राम भीटी थाना कोतवाली जनपद मऊ को समय 19.50 बजे कारण गिरफ्तारी बताकर पुलिस हिरासत मे लिया गया।

# सामाजिक सौहार्द बाल मेला का आयोजन

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खेतासराय)** स्थानीय थाना छेत्र के फुरकानिया हायर सेकेण्डरी स्कूल बादशाही तालाब (मनेछा )के प्रांगण मे रविवार को इंस्टिट्यूट फार सोशल डेमोक्रेसी नई दिल्ली से संचालित आजाद शिक्षा केंद्र के तत्वाधान मे बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे प्राथमिक बिद्यालय सोंधी, अम्बेडकर प्राथमिक बिद्यालय खेतासराय, प्राथमिक बिद्यालय बभनौटी खेतासराय, प्राथमिक बिद्यालय जपटापुर, प्राथमिक बिद्यालय मनेछा, प्रा बिद्यालय डोभी, प्रा बि अर्जनपुर, प्रा बि कनवरीया, प्रा बि शेखपुर मंसूर अली, प्रा बि यूनुसपुर, तलीमुद्दीन मझौरा,गौसिया पोटरिया आदि स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सुभारम्भ स्वागत भाषण से हुआ।मंच का उद्घाटन अख्तर खान अध्यापक, प्रदर्शनी का उद्घाटन मो इरफ़ान तथा प्ले ग्राउंड का उद्घाटन सिराज अहमद प्रधान प्रतिनिधि मनेछा ने किया। प्रोग्राम का संचालन फुरकान अहमद मोटिवेशनल स्पीकर ने किया।जिसमे टायर दौड़, जोड़ी रेस, पेंटिंग प्रतियोगिता, नाटक प्रस्तुति, मियूजिकल चेयर, रस्सी कूद, रिंग थ्रो, स्लो साईकल रेस गुब्बारा जलथल, चम्मच दौड़, आदि खेल का आयोजन किया गया।कुर्सी दौड़ मे महिमा सफीपुर, स्लो साईकल रेस मे रेशमा अरन्द,रिंग थ्रो धीरज मोहमदाबाद, रस्सी कूद मे अस्मिता पराकमाल, गुब्बारा जलथल मे चांदनी मोहमदाबाद, चम्मच रेस मे अंश मनेछा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं प्रिया, मौसम, रोहिनी,दिव्यामीनी, उजाला,रतना दूसरे स्थान पर तथा तीसरे स्थान पर शिवांगी, रानी, रूचि, अंजलि, गीता प्रजापति, व छाया ने बाजी मारी और प्राइमरी स्तर में आयुष माविया, हरिफातिमा ने प्रथम स्थान तो प्रियांशु, मोहम्मद फहद, सेजल दूसरे तथा अंफाम, फराहन, चुन्ना खान तीसरा स्थान हासिल किया। बाल कल्याण अधिकारी चंदन राय ने बाल अधिकार पर जानकारी साझा करते हुए अपने बिचार रखे तो वहीं महिला अधिकार व लैगिक संबेदनशीलता पर मुन्नी बेगम व अधिवक्ता मंजू शास्त्री ने अपने अपने बिचार प्रगट किये। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने सामाजिक सौहार्द की महत्ता पर प्रकाश डाला और बच्चों को सद्भावना एवं एकता का संदेश दिया लोक समिति से आए नंदलाल जी एवं कन्हैया राम ने सामाजिक सौहार्द पर अपने विचार व्यक्त किए। सामाजिक सौहार्द्र का अर्थ है समाज में प्रेम, एकता, सहयोग और परस्पर विश्वास की भावना को बढ़ावा देना। यह किसी भी समाज या राष्ट्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक होता है। जब समाज में सौहार्द होता है, तो लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हैं, भेदभाव से मुक्त होते हैं और मिलजुलकर कार्य करते हैं। समाज में सौहार्द बढ़ाने के लिए सभी को समान और नैतिक शिक्षा दी जानी चाहिए। इससे समाज में सहिष्णुता और एकता की भावना विकसित होती है। धर्म, जाति और भाषा के आधार पर समाज में भेदभाव को समाप्त करना और सभी समुदायों के बीच समानता को बढ़ावा देना जरूरी है।ढुस्ष्ठ टीम¬ अवधेश कुमार यादव (फील्ड कोऑर्डिनेटर), प्रभा देवी, नीलम, नेहा, कुशाग्र, बीनू, मनोज, सुफियान, आफ़ताब, ज्योतिका श्रीवास्तव इस कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंत में आज़ाद शिक्षा केंद्र के ट्रस्टी निसार अहमद खान ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। एक दिवसीय बाल मेला न केवल बच्चों के मनोरंजन का साधन बना, बल्कि सामाजिक सौहार्द, शिक्षा एवं सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावी मंच भी सिद्ध हुआ। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सद्भाव, एकता एवं शिक्षा के महत्व को बल मिलता है। वही कार्यक्रम के दौरान पत्रकार जीशान सिद्दीकी को पत्रकारिता उत्कृष्ट कार्य ,समाज सेवा में अमूल योगदान के लिए डॉ खुर्शीद अनवर स्मृति सम्मान व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर

पत्रांक संख्या : 1246/न0पं0कच0/2024-25 दिनांक : 17.02.2025

## अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर के पंजीकृत/रजिस्टर्ड ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर में स्वच्छ भारत मिशन और राज्यवित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 18/02/2025 से दिनांक 10/03/2925 को अपरांह 02:00 बजे तक अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगॉव जौनपुर के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा सूचना के अनुसार दिनांक 11/03/2025 अपरांह 03:00 बजे निविदाताओं अथवा उनके प्रतिभागियों की उपस्थिति में क्र0सं0 01, 02 व 03 प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के कार्यालय में और क्र0सं0 04, 05, 06 व 07 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। निविदा के साथ 10% जमानत धनराशि नकद अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगाँव के नाम बन्धक होगा। नगद जमा रसीद अथवा एफ0डी0आर0 की मूल प्रति निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, साथ ही हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0, श्रम विभाग से श्रमिक का पंजियन की छायाप्रति साथ में संलग्न करना होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | 10% प्रतिभूति धनराशि (जी.एस.टी. रहित) | निविदा प्रपत्र मूल्य + जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | **स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत** | | | | |
| 01 | वार्ड नं0 12 गद्दीपुर में 02 सीटर पुरूष, 02 सीटर महिला, 01 सीटर दिव्यांग शौचालय और 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य। | 9,99,898.00 | 99,990.00 | 1000+180+ 500 = 680.00 | 02 माह |
| 02 | वार्ड नं0 01 सादात मसौडा में बाबा बालक दास मन्दिर के पास 02 सीटर पुरूष, 02 सीटर महिला, 01 सीटर दिव्यांग शौचालय और 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य। | 9,99,898.00 | 99,990.00 | 1000+180+ 500 = 1680.00 | 02 माह |
| | **राज्यवित्त योजनान्तर्गत** | | | | |
| 03 | वार्ड नं0 07 बदलपुर में 02 सीटर पुरूष, 02 सीटर महिला, 01 सीटर दिव्यांग शौचालय और 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य। | 9,99,898.00 | 99,990.00 | 1000+180+ 500= 1680.00 | 02 माह |
| 04 | वार्ड नं0 11 गोलकोठी में जमील के मकान से उदय यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व अण्डरग्राउण्ड ड्रेनेज का निर्माण कार्य। | 4,31,659.00 | 43,166.00 | 432+78+250 =760.00 | 01 माह |
| 05 | वार्ड नं0 01 सादात मसौडा में शादीक के मकान से हसनैन जी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व अण्डरग्राउण्ड ड्रेनेज का निर्माण कार्य। | 2,66,706.00 | 26,671.00 | 267+48+250 =565.00 | 01 माह |
| 06 | वार्ड नं0 11 गोलकोठी में शाकीर हुसैन जी के मकान से मेन रोड दुलार जी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व अण्डरग्राउण्ड ड्रेनेज का निर्माण कार्य। | 4,51,135.00 | 45,114.00 | 451+81+250 =782.00 | 01 माह |

नोट :- 1. दरें ओवर आल प्रतिशत में ही मान्य होगी।
2. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है ।
3. विस्तृत जानकारी कार्यालय कार्य दिवस मे कार्यालय नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर से प्राप्त की जा सकती है।

## नियम व शर्तें

1. किसी भी निविदा या समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
2. निविदा के साथ 10% जमानत धनराशि नकद अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगाँव के नाम बन्धक आदि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा दरो के कटिंग अथवा ओवर राइटिग मान्य नही होगी।
4. निश्चित समय के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार के निविदा पर विचार नहीं होगा।
5. निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो एवं किसी सरकारी विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र के साथ-साथ जी.एस.टी., आयकर प्रमाण-पत्र एवं श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. ठेकेदार/फर्म द्वारा निविदा के आधार पर कराये गये कार्य मे यदि किसी भी प्रकार की कमी जांच के समय पाई जाती है जो ठेकेदार/फर्म स्वयं उत्तरदाई होगे एवं भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा।
7. ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध की निर्धारित शर्तो को पूर्ण करते हुये कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जायेगा।
8. दरें ओवर आल प्रतिशत में ही मान्य होगी।
9. प्रस्तुत समस्त प्रपत्र स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. शासन की नीति के अनुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा तथा यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अनुबंध में सदर्भित शर्तो के अनुसार ठेकेदार यदि कार्य करने में चूक करता है तो 5% पेनाल्टी/दण्ड और जमा समस्त जमानत जब्त करते हुए ठेका निरस्त किया जा सकता है। या नगर पंचायत के उपनियम के अधीन कार्यवाही होगी।
11. जमानत की वापसी कार्य संतोषजनक स्थिति से बने रहने की दशा मे कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष पश्चात वापस की जायेगी।
12. निविदा हेतु नगर विकास द्वारा प्रेषित एस0ओ0पी0 का पूर्ण पालन होगा।
13. शौचालय निर्माण कार्य हेतु शौचालय निर्माण कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. नियमानुसार आयकर/जी.एस.टी/सेस/रायल्टी आदि कटौती कर जमा करना अनिवार्य होगा।
15. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कचगाँव**
**जौनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कचगाँव**
**जौनपुर**


# दो दिवसीय हॉकी एवं कबड्डी लीग का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जो विभिन्न आयामों के माध्यम से छात्रहितो के लिए कार्य करता है। इसी के तहत खेलो भारत आयाम के माध्यम से पूरे कानपुर प्रांत में नगर खेल कुंभ का आयोजना किया गया। इसी के तहत बांदा नगर इकाई द्वारा दो दिवसीय हॉकी एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगर मंत्री कार्तिकेय गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में दोनों खेलों के रनरअप मैच खेले गए। द्वितीय दिवस हॉकी एवं कबड्डी के फाइनल मुक़ाबले खेल गए। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अनुराग जी , नगर पालिकाध्यक्षा श्रीमति मालती बासु जी, थाना कोतवाली नगर के थानाध्यक्ष पंकज सिंह जी, एवं विद्यार्थी परिषद के विभाग सह प्रमुख डॉ. अशोक सिंह परिहार, जिला प्रमुख डॉ. आशुतोष राय, नगर अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र बाजपेयी व विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय जी ने खिलाड़ियो का परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के पश्चात फाइनल मुकाबला हॉकी बालिका में स्टेडियम की टीम , बालको में जितेंद्र शर्मा, कबड्डी में ख़ान खा की टीम विजेता रही। स्टेडियम बालिका टीम की कैप्टन अंशिता त्रिपाठी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और हमारी टीम ने 2 गोल अधिक कर जीत दर्ज की। सभी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमे अनुराग जी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके में पूर्व क्रीड़ा अधिकारी सबल सिंह , हॉकी कोच शाहिद अलीखान , प्रांत सह मंत्री दिव्यांशु मिश्रा, अनामिका बेदी, नीतीश निगम, आशीष पांडे, सुभाष त्रिपाठी, राज सिंह, रजत त्रिवेदी, श्लोक द्विवेदी, हिमांश, वंश, अर्पित द्विवेदी, युवराज सिंह, रमेंद्र, अभय साहू, अभय , वंश गुप्ता, नितेश, परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकवार लोन स्वीकृति की समीक्षा की और सभी बैंकों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोन स्वीकृत किया जाए। इसके संबंध में उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने ब्रांच वार सीडी रेशियों की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा स्वयं समीक्षा की जा रही है जिसके लिए सुहानुभूतिपूर्वक कार्य करते हुए लोगों को अधिक से अधिक लोन दे जिससे नए नए उद्यम लगे तथा जनपद का सीडी रेशियों बढ़ सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार एलडीएम शंकर सामंत एवं अन्य बैंकों के जिला समन्वयक सहित बैंकों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## चोरी की मोटरसाईकिल, बैटरी व आभूषण के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पूर्व की घटना,इतिहा सदृ अवगत कराना है कि वादी मुकदमा महेश महतो पुत्र सहदेव महतो साकिन- रंजीतपुर थाना सीतामढ़ी जनपद- सीतामढ़ी बिहार हाल पता-पासीपुर थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि आज वादी द्वारा कौड़िया बाजार में रोटी खरीदने हेतु दुकान पर जाना दुकान पर पहले से बैठे आरोपी भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह साकिन-अराँव गुल्जार थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ द्वारा रोटी दिलाने के बहाने वादी की मोटर साइकिल ठत30।,6925 स्पलैण्डर को लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में दाखिल किया हस्व आदेश प्रभारी थानाध्यक्ष के दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 293,24 धारा- 303(2) बीएनएस. पंजीकृत हुआ। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना उ0नि0 अमन तिवारी द्वारा की जा रही है व मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह साकिन- अराँव गुल्जार थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी उपरोक्त अभियुक्तगण के विरूद्ध विवेचना प्रचलित है। तथा गिरफ्तार अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह साकिन- अराँव गुल्जार थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए रवाना किया गया।

# विधायक ने किया निःशुल्क कोचिंग केन्द्र का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विधायक अतरौलिया डा0 संग्राम यादव द्वारा समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना निःशुल्क कोचिंग केन्द्र-डा0 अम्बेडकर भवन एवं पुस्तकालय, ब्रम्हस्थान, का निरीक्षण किया गया। छात्रों से तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा की गयी कि वर्तमान परिस्थितियों में किस तरह से प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी की जाये, जिससे उपस्थित छात्र काफी उत्साहित एवं प्रेरित हुए तथा छात्रों द्वारा भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में वार्ता की गयी तथा कोचिंग कर रहे छात्रों को प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के तैयारी के सम्बन्ध में मार्गदर्शन दिया गया। निरीक्षण के समय विधायक के साथ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ कोर्स को-आर्डिनेटर संदीप राय एवं विषय विशेषज्ञ, अजय यादव, आशुतोष शुक्ला,नीरज मिश्रा, शशिशेखर पाण्डेय, राहुल यादव, सर्वेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।

# महाकुंभ में आयोजत हुआ विशाल जागरुकता अभियान

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** डायबिटीज़ के चलते नज़र (आंखों की विज़न) संबंधी समस्याओं को दूर करने के प्रयास में मुंबई के आई सर्जन डॉ निशांत कुमार के नेतृत्व में संचालित आईबेटेस फाउन्डेशन (फाउन्डेशन तीन बार गिनीज़ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुका है) ने महाकुंभ 2025 में एक विशाल चैरिटेबल स्वास्थ्य पहल का लॉन्च किया है। फाउन्डेशन की यह पहल इस पावन आयोजन में शामिल होने वाले हज़ारों श्रद्धालुओं एवं कर्मचारियों के लिए आईकेयर एवं डायबिटीज़ स्क्रीनिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। 100 प्रोफेशनल्स की टीम के साथ आईबेटेस फाउन्डेशन का उद्देश्य 20,000-30,000 तीर्थयात्रियां तथा 5000 से अधिक वर्दी वाले कर्मचारियों को आंखों एवं डायबिटीज़ की जांच के लिए मुफ्त सेवाएं प्रदान करना है। यह प्रयास सुनिश्चित करेंगे कि डायबिटीज़ और इसकी वजह से होने वाला अंधापन श्रद्धालुओं के जीवन में किसी तरह की रूकावट न बनने पाए। 2016 में स्थापित आईबेटेस फाउन्डेशनभारत की दो सबसे मुश्किल स्वास्थ्य समस्याओं- डायबिटीज़ एवं रोकथाम योग्य अंधेपन- को दूर करने की दिशा में प्रयासरत है। एक अनुमान के मुताबिक 21 मिलियन भारतीय डायबिटीज़ के कारण आंखों की समस्याओं के शिकार हैं। अब तक, फाउन्डेशन मुफ्त जांच एवं जागरुकता प्रोग्रामों के माध्यम से 175,000 से अधिक लोगों को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुका है।

# विशेषज्ञों ने नए आयकर विधेयक में चुनावी बॉन्ड को शामिल करने पर जताई हैरानी

**नई दिल्ली।** आर्थिक विशेषज्ञों ने नए आयकर विधेयक, 2025 में चुनावी बॉन्ड से संबंधित प्रावधानों




को बरकरार रखने पर हैरानी जतायी है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया था। विशेषज्ञों ने कहा कि या तो यह विधायी चूक है या सरकार चुनावी बॉन्ड को किसी अन्य अन्य रूप में वापस लाने की मंशा रखती है। चुनावी बॉन्ड का जिक्र नए आयकर विधेयक की अनुसूची आठ में किया गया है, यह %राजनीतिक दलों और चुनावी ट्रस्टों की कुल आय में शामिल नहीं की गई आय% से संबंधित है। न्यायालय ने पिछले साल 15 फरवरी को पारित एक फैसले में केंद्र की गोपनीय राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था।

सरकार ने 64 साल पुराने आयकर अधिनियम की जगह नया आयकर विधेयक पेश किया है। कुल 622 पन्नों का यह विधेयक मौजूदा कानून को सरल ढंग से पेश करता है। मौजूदा कानून कुछ वर्षों में 4,000 से अधिक संशोधनों के कारण जटिल हो गया है।

नए आयकर विधेयक में चुनावी बॉन्ड से संबंधित प्रावधानों के बारे में एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि नए आयकर विधेयक में चुनावी बॉन्ड के प्रावधानों का उल्लेख विधायी चूक के कारण हो सकता है या भविष्य में योजना के संशोधित संस्करण के लिए दरवाजा खुला रखने के लिए जानबूझकर किया गया है।


उन्होंने कहा, ''हालांकि, उच्चतम न्यायालय के पास इस योजना को रद्द करने के लिए मजबूत और उचित आधार थे, लेकिन इसमें जिन चिंताओं का जिक्र किया गया है, उनका समाधान संवाद और विशेषज्ञों के साथ परामर्श से किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा कि सरकार के पास अब भी राजनीतिक चंदे की संशोधित व्यवस्था को फिर से पेश करने का विधायी अधिकार है, बशर्ते कि यह संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप हो और चुनावी चंदे में पारदर्शिता सुनिश्चित करे।

## सोना अपने ऑल टाइम हाई से फिसला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें अपने ऑल टाइम हाई से नीचे आ गईं। स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण बहुमूल्य धातु का भाव 1,200 रुपये घटकर 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु शुक्रवार को 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया और 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में पर बिकवाली का दबाव दिखा और सोमवार को इसकी कीमत 1,800 रुपये की गिरावट के साथ एक लाख रुपये के स्तर से नीचे 98,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

# डिज्नी क्रूज़ लाइन ने डिज्नी एडवेंचर में आने वाले नए, इमर्सिव अनुभवों की एक नई सीरीज़ पर से पर्दा उठाया




डिज्नी क्रूज़ लाइन ने आज डिज्नी एडवेंचर में आने वाले नए और अविश्वसनीय अनुभवों की एक नई सीरीज़ पर से पर्दा उठाया, जिसमें फ्लीट के लिए कई नई अनुभव शामिल हैं, जिससे मेहमानों को समुद्र में एक जादुई छुट्टी बुक करने और उसका आनंद लेने के और भी कारण मिलेंगे। डिज्नी एडवेंचर पर मार्वल स्टाइल स्टूडियो के माध्यम से और अधिक प्रिय डिज्नी कहानियां और कैरेक्टर्स जीवंत हो उठेंगे, जो डिज्नी क्रूज़ लाइन, बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक और रॉयल सोसाइटी फॉर फ्रेंडशिप एंड टी में अपनी शुरुआत करता है। फ्लीट के लिए एक और पहली बार, डफी एंड फ्रेंड्स खूबसूरत रिटेल और मनोरंजन अनुभवों की एक सीरीज़ के माध्यम से जहाज पर दिखाई देंगे, जिसमें बिल्कुल नया शो ÷डफी एंड द फ्रेंड शिप शामिल है। बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक में, फेयरी गॉडमदर के अप्रेंटिसिज 3 से 12 वर्ष की आयु के छोटे मेहमानों के लिए एक आकर्षक सैलून अनुभव प्रदान करेंगे। शाही राजसी से लेकर साहसिक समुद्री कप्तानों तक के विकल्पों के साथ, बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक विभिन्न प्रकार की वेशभूषा के साथ जादुई परिवर्तन प्रदान करेगा, जिसमें चमकदार और बहादुर शूरवीरों से लेकर पसंदीदा डिज्नी प्रिसेंज शामिल हैं, जिसमें लंबी आस्तीन वाली ड्रेसेज के विभिन्न विकल्प, हेयरस्टाइल, मेकअप और एसेसरीज़ शामिल हैं। बॉलरूम-थीम वाले स्टाइलिंग एरिया, कॉस्ट्यूम डिस्प्ले और चेंजिंग रूम के अलावा, एक बुक करने योग्य निजी फोटो अनुभव होगा, जो युवा राजघरानों की उनके शाही नए रूप में आजीवन यादों को कैद करने के लिए एकदम सही है।

## इनोवेटिवव्यू इंडिया लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

देशभर में परीक्षाओं, चुनावों और बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों के लिए आटौमैटिक सहायक सुरक्षा और निगरानी सॉल्यूशन प्रदान करने वाली टेक्नोलॉजी संचालित कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।कंपनी इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 5 रुपये) की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 20,000.00 मिलियन रुपये [2000 करोड़ रुपये] तक की कुल ऑफर फॉर सेल शामिल है। (कुल ऑफर आकार)रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (सूची विवरण)डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और शैनन एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## रेड एफएम ने फिर से पेश किया द अवध कनेक्शन

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी रेडियो और एंटरटेनमेंट नेटवर्क, रेड एफएम, ने द अवध कनेक्शन का दूसरा एडिशन बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया। यह आयोजन लखनऊ की समृद्ध विरासत, संगीत और कला को समर्पित था। यह कार्यक्रम 15 फरवरी 2025 को संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में दोपहर 12:00 बजे से रात 9:30 बजे तक आयोजित हुआ।संस्कृति और कला का एक दिन कार्यक्रम में कुल 11 शानदार प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें सौरव-गौरव मिश्रा द्वारा बेहतरीन कथक प्रस्तुति, वाद्य यंत्रों की एक अनोखी जुगलबंदी, मिनी मुशायरा~ उर्दू शायरी का दिल छू लेने वाला कार्यक्रम, दास्तानगोई~ कहानियां सुनाने की पुरानी और दिलचस्प कला और फ्लूट्रॉनिक बैंड बांसुरी पर आधारित मधुर संगीत, जैसी प्रस्तुतियां प्रमुख थीं।इस कार्यक्रम में मशहूर शायर वसीम बरेलवी, प्रसिद्ध किस्सागो हिमांशु बाजपेई और प्रज्ञा शर्मा ने अपने प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम पर बात करते हुए रेड एफएम और मैजिक एफएम की निदेशक और सीओओ, निशा नारायणन, ने कहा, रेड एफएम में हम खुद को भारत की विविध संस्कृति के प्रचारक मानते हैं। द अवध कनेक्शन लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव था, जिसमें यहां की कला, संगीत, शायरी, और खानपान की झलक मिली। इस पहल के जरिए हमने लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने और स्थानीय परंपराओं पर गर्व करने का अवसर दिया।

## पेटीएम की एसबीआई म्यूचुअल फंड से साझेदारी

**नई दिल्ली।** पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने घोषणा की है कि इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पीएसपीएल), एक एएमएफआई पंजीकृत म्यूचुअल फंड वितरक, एआरएन-114595, अब लाखों भारतीयों के लिए अपने भविष्य में निवेश करना आसान बना रही है। भारत की सबसे बड़ी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी, एसबीआई म्यूचुअल फंड के साथ साझेदारी में, पेटीएम ने वित्तीय समावेशन को सक्षम करने और नागरिकों को अपने भविष्य में निवेश करने के लिए सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, जननिवेश रुपये250 एसआईपी लॉन्च किया है।

# अनएकेडमी ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास



**लखनऊ।** अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे। शीर्ष स्कोररों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किया, उनके बाद उज्ज्वल केसरी (99.999%ile), समुद्र सरकार (99.992%ile), सृजन अग्रवाल (99.98%ile), यश कुमार (99.98%ile) और कई अन्य प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का प्रदर्शन किया।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाले शिक्षकों के पहले समूह के साथ खानमिगो सारथी का उत्सव मनाया

**लखनऊ।** सितंबर 2024 में, उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के साथ साझेदारी में, खान एकेडमी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भारत का पहला खानमिगो पायलट, खान एकेडमी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) संचालित शिक्षक सहायक और व्यक्तिगत ट्यूटर लॉन्च किया। 7 जिलों के 60 केजीबीवी में, गणित शिक्षकों को अपनी शिक्षण प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए हिंदी में खानमिगो और जेन-एआई की शक्ति का उपयोग करने का अवसर मिला है। जून 2021 से, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग और खान एकेडमी इंडिया राज्य में गणित और विज्ञान सीखने के परिणामों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम राज्य के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (के0जी0बी0वी0) में शुरू हुआ - जो सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि की बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय हैं। वर्ष 2021 से 2,000



से अधिक शिक्षकों को गणित और विज्ञान के लिए खान एकेडमी को अपनी कक्षाओं में एकीकृत करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, जिससे 1 लाख से अधिक बालिकायें लाभान्वित हुई हैं। इन छात्राओं के लिए, यह कार्यक्रम एक अभूतपूर्व अनुभव है - जो न मात्र सीखने के प्रति उत्साह जगाने में अपितु मानसिकता बदलने में भी निर्णायक रहा है। के0जी0बी0वी0 में उत्साहवर्धक परिणामों ने इस साझेदारी को माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों, आईसीटी लैब्स-युक्त अन्य परिषदीय विद्यालयों और हाल ही में खानमिगो को शामिल करने के लिए प्रेरित किया है।

इन 60 के0जी0बी0वी0 में खानमिगो पायलट का उद्देश्य शिक्षकों को बालिकाओं का समर्थन करने के लिए सक्षम करके गणित शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। शिक्षकों को अपनी दैनिक शिक्षण की प्रक्रिया में एआई को प्रभावी रूप से एकीकृत करने में सक्षम बनाने के लिए, खान एकेडमी ने इन शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण (ऑफलाइन और ऑनलाइन) आयोजित किया और साथ ही उन्हें निरंतर सहायता भी प्रदान की

इन स्कूलों में शिक्षक उच्च गुणवत्ता वाली पाठ योजनाएं बनाकर, अपनी आवश्यकताओं के अनुसार प्रश्न उत्पन्न करके किसी भी विषय पर अभ्यास को सक्षम करने, छात्रों के मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने, अपनी कक्षा और छात्र के प्रदर्शन की समीक्षा के माध्यम से व्यक्तिगत निर्देश और सहायता प्रदान करने और कई अन्य उद्देश्यों के लिए अपने कक्षा शिक्षण को मजबूत करने के लिए हिंदी में खानमिगो के शिक्षक सहायता उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं।

-अपनी पाठ योजनाएँ बनाकर, हुक्स को शामिल करके और व्यावहारिक और व्यावहारिक कक्षा अनुभवों को पेश करके उनके कक्षा-शिक्षण को मजबूत करना

-योगात्मक मासिक परीक्षाओं, क्विज़, छात्रवृत्ति परीक्षाओं की तैयारी सहित विभिन्न उपयोग के मामलों की पूर्ति के लिए मूल्यांकन तैयार करना

# हर्बलाइफ इंडिया की नई पारी: क्रिकेट स्टार यशस्वी जैस्वाल बने ब्रांड पार्टनर!

**बेंगलुरु।** हेल्थ और वेलनेस के क्षेत्र में प्रीमियर कंपनी हर्बलाइफ इंडिया ने भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जैस्वालके साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग भारत में स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की हर्बलाइफ इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हर्बलाइफ लंबे समय से शीर्ष खिलाड़ियों की मदद करती आ रही है, उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक पोषण संबंधी साधन उपलब्ध कराती है। जैस्वालके साथ यह साझेदारी खेलों के जरिए स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने के कंपनी के विश्वास को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे-से कस्बे से निकलकर भारतीय राष्ट्रीय टीम तक का सफर तय करने वाले जैस्वालकी कहानी उनके संघर्ष, मेहनत और लगन की मिसाल है। उन्होंने मात्र दस साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और कई कठिनाइयों का सामना करते हुए आज लाखों युवा क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। यह साझेदारी खेलों को स्वास्थ्य और सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाने की उनकी साझा सोच को भी दर्शाती है।

हर्बलाइफ इंडिया के मैनेजिंगडायरेक्टर अजय खन्ना ने इस अवसर पर कहा, हम यशस्वी जैस्वालके साथ साझेदारी कर उत्साहित हैं। वे कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता का प्रतीक हैं, और उनका सफर उसी जज़्बे को दर्शाता है जिसे हम हर्बलाइफ में महत्व देते हैं। भारत में अपनी 25वीं सालगिरहके अवसर पर, यह साझेदारी हमारे प्रयासों और सफलता को दर्शाती है, जो सही पोषण के माध्यम से खिलाड़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में की गई है। हमें विश्वास है कि विज्ञान-आधारित हमारे उत्पाद और विशेषज्ञों का सहयोग खिलाड़ियों के सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए जरूरी है। यशस्वी के साथ मिलकर हमारा उद्देश्य भारत के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करना है, साथ हीस्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देने का संदेश देना है।

यशस्वी जैस्वाल ने हर्बलाइफ के साथ अपनी साझेदारी को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि वे न्यूट्रिशन और वेलनेस के इस सफर का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन और सहनशक्ति को बनाए रखने में सही पोषण की अहम भूमिका होती है। यही वजह है कि वे हर्बलाइफ के साथ जुड़कर उत्साहित हैं, क्योंकि यह कंपनी केवल न्यूट्रिशनल सपोर्ट ही नहीं देती, बल्कि समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करती है।

## भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है: अमित शाह

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देवभूमि उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल समापन समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में गृहमंत्री जी ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार होने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यदि ऐसा होता है तो यह देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि यह पहली बार होगा जब भारत ओलंपिक जैसे वैश्विक खेल आयोजन की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीतियाँ बनाई जा रही है। भारत सरकार ने आधिकारिक रूप से 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है। देश की इस दावेदारी को मजबूती देने के लिए कई स्तरों पर योजनाएँ बनाई जा रही हैं। अहमदाबाद के निकट बनने वाले ह्यस्मार्ट ओलंपिक सिटीह्न को संभावित स्थल के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा, देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी विभिन्न खेलों के आयोजन की संभावनाएँ तलाशी जा रही हैं। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में खेल अवसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। स्टेडियमों का नवीनीकरण, नए खेल परिसरों का निर्माण, और खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास इस दिशा में अहम कदम हैं। भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी से भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पर्यटन, व्यापार, परिवहन और आतिथ्य क्षेत्र में भारी वृद्धि होने की संभावना है। इसके साथ ही, यह आयोजन भारतीय युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा और देश में खेल संस्कृति को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खेल मित्र कहकर संबोधित करते हैं। जो उनके प्रति सम्मान को दर्शाता है। इस संकल्पना का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को समर्थन देना है, बल्कि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करना भी है।

# लखनऊ स्थित अग्रशील इंफ्राटेक ने 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वेकेशन -थीम वाली टाउनशिप आश्रयम का किया अनावरण

**लखनऊ।** लखनऊ वासियों के लिए एक अनोखा और भव्य जीवनशैली अनुभव लेकर आ रहा है- आश्रयम, जो शहर की पहली वैकेशन-थीम टाउनशिप होगी। यह टाउनशिप सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त होगी और यहाँ कृत्रिम झील, हरे-भरे पेड़ों से घिरी सड़कें और आधुनिक सुविधाओं का संयोजन मिलेगा, जिससे हर दिन छुट्टी जैसा अनुभव होगा।

अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर, अग्रशील इंफ्राटेक ने अपना प्रमुख प्रोजेक्ट आश्रयम लॉन्च किया है, जो एक वेकेशन -थीम वाली टाउनशिप है जिसे सुविधा और शांति का एक आदर्श मिश्रण पेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, यह टाउनशिप ग्राहकों के लिए एक शांत लेकिन अच्छी तरह से जुड़ा हुआ वातावरण प्रदान करके समकालीन जीवन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। 23 एकड़ में फैला हुआ, आश्रयम एक अद्वितीय जीवन अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जहां हर दिन



एक छुट्टी जैसा लगता है। हरे-भरे परिदृश्य, विश्व स्तरीय सुविधाओं और वैश्विक यात्रा स्थलों से प्रेरित अद्वितीय वास्तुकला शैलियों के साथ, यह टाउनशिप लखनऊ में शहरी जीवन को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है।

आश्रयम- आधुनिक जीवन और शांति का एक आदर्श संतुलन रणनीतिक रूप से ह्य-56क्व न्यू जेल रोड, ग्राम-बेली, मोहनलालगंज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) पर स्थित, आश्रयम निवासियों को 23 एकड़ की सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध टाउनशिप में अपने सपनों का घर बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। यह परियोजना उन व्यक्तियों और परिवारों के लिए आदर्श है जो शांतिपूर्ण लेकिन अच्छी तरह से जुड़े हुए निवास की तलाश में हैं, जो प्रमुख आकर्षणों और आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे के करीब है।

सुरक्षित निवेश के लिए RERA-पंजीकृत और LDA-अनुमोदित आश्रयम उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के तहत एक पंजीकृत परियोजना है और इसे लखनऊ विकास प्राधिकरण से पूर्ण अनुमोदन प्राप्त हुआ है, जो कड़े गुणवत्ता और नियामक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है।

## PayNearby से जुड़ें और अपनी दुकान की कमाई बढ़ाएं

**लखनऊ।** डिजिटल युग में अपने बिज़नेस को बढ़ाने, नए ग्राहक जोड़ने और महीने के 15,000+ की अतिरिक्त आय कमाने का एक शानदार मौका। PayNearby भारत का अग्रणी शाखारहित बैंकिंग और डिजिटल सेवा नेटवर्क अब रिटेलर्स को डिजिटल प्रधान बनने का अवसर दे रहा है।

अब किराना दुकान, मोबाइल शॉप या जनरल स्टोर चलाने वाले व्यापारी अपनी ही दुकान से कैश निकासी, मनी ट्रांसफर, मोबाइल रिचार्ज, बिल भुगतान, पैन कार्ड, इंश्योरेंस और लोन जैसी कई वित्तीय सेवाएँ दे सकते हैं और अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

लखनऊ के रमेश गुप्ता जी की सफलता कहानी

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के रमेश गुप्ता जी, जो एक किराना दुकान चलाते हैं, PayNearby के साथ जुड़ने के बाद महीने के 15,000+ की अतिरिक्त कमाई कर रहे हैं। पहले सिर्फ ग्रोसरी बेचने वाले रमेश जी अब कैश निकासी, मनी ट्रांसफर और बिल पेमेंट्स जैसी बैंकिंग सेवाएँ भी देते हैं, जिससे उनके ग्राहक बढ़ गए हैं और उनका बिज़नेस और ज्यादा ग्रो हो रहा है। अब मैं घर के सामान के साथ ही ग्राहकों को वित्तीय और डिजिटल सेवाएँ भी दे पा रहा हूँ। इससे नए ग्राहक भी आ रहे हैं और मेरी कमाई भी बढ़ गई है, वे कहते हैं।


PayNearbyसे जुड़ने के फायदे-

1. ज़्यादा कमाई - हर ट्रांजैक्शन पर कमीशन कमाएँ।
2. नए ग्राहक जोड़ें - अपनी दुकान को एक मिनी बैंक बनाएँ।
3. आसान और भरोसेमंद - एक ही ऐप में सभी सुविधाएँ उपलब्ध।

अभी जुड़ें और अपनी इनकम बढ़ाएँ।

मिस्ड कॉल दें 1800 3000 2030 पर या त्रश्शद्द्यद्य Play Store से PayNearby ऐप डाउनलोड करें। PayNearby के साथ जुड़कर अपने शहर के 'डिजिटल प्रधान' बनिए और नए अवसरों का लाभ उठाइए! अप्रैल 2016 में शुरू हुआ, PayNearby एक DPIIT-मान्यता प्राप्त कंपनी और भारत का अग्रणी शाखारहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क है। यह BwBwC मॉडल पर काम करता है, जिसमें यह स्थानीय दुकानदारों को डिजिटल और वित्तीय सेवाएँ देने के लिए सक्षम बनाता है। PayNearby का लक्ष्य है हर व्यक्ति तक बैंकिंग और डिजिटल सेवाएँ पहुँचाना।

# सागर भाटिया के नए बेहतरीन ट्रैक "राजदारियाँ" में देखिए प्राजक्ता कोली और तारुक रैना को




**नई दिल्ली।** कुछ कहानियाँ कभी पूरी नहीं सुनाई जातीं, कुछ भावनाओं को कभी शब्द नहीं मिल पाते, और कुछ गानों में वो ताकत होती है, जो अनकही बातों को भी कह देते हैं। कव्वाली संगीत के दिग्गज, सागर भाटिया ने अपने नए गाने, ''राजदारियाँ'' में ऐसी ही एक लाजवाब मिसाल पेश की है। दिल में उतर जाने वाला यह भावुक गीत प्रेम, विरह, और हमारे दिलों में छिपे हुए राजों की हृदयस्पर्शी कहानी सुनाता है। इस गीत के बोल गिनी दीवान ने लिखे हैं। इसे गौरव चटर्जी ने कंपोज़ किया है, तथा गीत को अपनी आवाज़ सागर भाटिया ने दी है। यह ट्रैक प्रतिभाशाली निर्देशक राज मेहता के निर्देशन में बना है, जो जुग जुग जियो में अपने काम के लिए मशहूर हैं। उनकी इस रचना में यूट्यूबर और अभिनेत्री, प्राजक्ता कोली और तारुक रैना के आकर्षक व्यक्तित्व ने जान फूंक दी है। उन्होंने मिलकर झिझक और नाजुक भावनाओं में लिपटे प्यार की सच्ची तस्वीर पेश की है। उनके विस्तृत चित्रण और राज मेहता के माहिर निर्देशन ने इस गाने की भावनात्मक गहराई को बखूबी पर्दे पर उतारा है, जिससे प्यार और नाजुकता के विषय उभरकर सामने आए हैं।

''राजदारियाँ'' ठहराव, अनकहे लम्हों और अनकही रह गई हर बात के वजन के साथ आगे बढ़ता है। अपने भावुक कंपोज़िशन और जबरदस्त सागर वाली कव्वाली अभिनय के लिए मशहूर, सागर इस ट्रैक में शुद्ध ऊर्जा लेकर आए हैं।

## शराब पीना लत नहीं, बल्कि बीमारी: एल्कोहोलिक्स एनोनिमस

**लखनऊ।** एल्कोहलिकस नानिमस से जुड़े दर्जनों पूर्व शराबी अपना अनुभव साझा करने के लिए चारबाग स्थित होटल सोयना रेजिडेंसी में इकठ्ठा हुए। इन पूर्व शराबियों ने अपने ही जैसे लोगों के बीच आपस में अपना अनुभव, शक्ति और आशा को साझा किया। कनाडा से आए असीम.जी ने बताया कि शराब पीना लत नहीं, बल्कि बीमारी है। इसे अन्य सामान्य बीमारियों की तरह ही माना जाना चाहिए। लेकिन अमूमन ऐसा होता नहीं है। केंसर और अन्य घातक बीमारियों से ग्रसित हो जाने के बाद उस मरीज के प्रति घर वालों की और समाज की सहानुभूति देखने को मिलती है लेकिन अल्कोहलिक हेपेटाइटिस पर लोगों का नजरिया बिल्कुल बदला जाता है। लोग यह मानने लगते हैं कि इसने तो शराब पीकर अपनी बीमारी को दावत दी है। नोएडा से आई वान्या (काल्पनिक नाम) ने बताया कि इस ग्रुप को जॉइन करने के बाद उन्होंने शराब पीना छोड़ दिया है। ग्रुप से जुड़े लोग हमेशा एक दूसरे से किसी ना किसी माध्यम से जुड़े रहते हैं। ग्रुप से जुड़ते ही शराब के पहले घूंट से दूर रहने में यह संस्था मदद करता है। हर एक दिन शराब से दूर रहने का लक्ष्य बनाकर हम आपस में साप्ताहिक मीटिंग में करते हैं।

शराब छोड़ चुके राजस्थान के सदस्य बताते हैं कि किस तरह उन्होंने शराबीयत की बीमारी में अपना सब कुछ बर्बाद कर दिया। शराब पीना छोड़ने के लिए झाड़-फूंक, दवाई और रिहैब सेंटर तक जाकर भी शराब नहीं छोड़ने वाले शराबी इस संस्था से जुड़कर शराब पीना छोड़ दिया हैं।

## JioCinema और Disney+ Hotstar का मिलन, भारत में मनोरंजन और स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग का नया अनुभव

**कानपुर।** Viacom18 और Star India के विलय से बने Jiostar ने JioHotstar लॉन्च किया है। इस प्लेटफॉर्म पर JioCinema और Disney+ Hotstar जैसे दो प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एक साथ आ गए हैं। करीब 3 लाख घंटे के मनोरंजन, लाइव स्पोर्ट्स कवरेज और 50 करोड़ से अधिक यूजर्स के साथ JioHotstar मनोरंजन की दुनिया को नए आयाम देने और दर्शकों के लिए infinite possibilities के द्वार खोलने के लिए तैयार है।

लॉन्च के अवसर पर JioStar के डिजिटल सीईओ किरण मणि ने कहा, "JioHotstar का मकसद भारत के हर व्यक्ति तक प्रीमियम मनोरंजन पहुंचाना है। हमारा वादा है - infinite possibilities, जिससे मनोरंजन सबका हक बने। हम AI-ड्रिवन कंटेंट सुझाव और 19 भाषाओं में स्ट्रीमिंग के जरिए दर्शकों को बेहतरीन एक्सपीरियंस देंगे। प्रीमियम मनोरंजन को सभी के लिए सुलभ बनाने के अपने वादे के अनुरूप, JioStar ने सभी को आमंत्रित किया है कि वे बिना किसी सब्सक्रिप्शन के अपने पसंदीदा शो, फिल्में और लाइव स्पोर्ट्स का आनंद लें। जो लोग बिना रुकावट और बेहतर अनुभव चाहते हैं, उनके लिए JioHotstar ने सिर्फ 149 प्रति तिमाही के किफायती सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किए हैं। । मौजूदा JioCinema और Disney+ Hotstar यूजर्स आसानी से अपने सब्सक्रिप्शन को JioHotstar में बदल सकते हैं।

JioHotstar 10 भाषाओं में 1.4 अरब भारतीयों के लिए खास तौर पर तैयार की गई कंटेंट लाइब्रेरी के साथ मनोरंजन को नया स्वरूप दे रहा है। इसमें टीवी प्रोग्राम, ऑरिजिनल वेब शोज़, रियलिटी एंटरटेनमेंट, ब्लॉकबस्टर फिल्में, एनीमे और इंटरनेशनल प्रीमियर शामिल हैं।

# हाटा मदनी मस्जिद पर चले बुलडोजर को लेकर सुप्रीम कोर्ट नाराज, दो हफ्ते में मांगा जवाब

अवधनामा ब्यूरो


ध्वस्त किए गए हाटा मदनी मस्जिद का दृश्य

**अधिकारियों को जारी किया अवमानना का नोटिस**

**कुशीनगर।** हाटा मदनी मस्जिद के एक हिस्से को कराने वाली यूपी सरकार के अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस 13 नवंबर 2024 के अपने आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर भेजा है। 13 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व सूचना और सुनवाई का अवसर दिए देश भर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को दो हफ्ते में जवाब देने के लिए कहा है, अन्यथा कि उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। कुशीनगर में हाटा मदनी मस्जिद के एक हिस्से को गिराने वाले यूपी सरकार के अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस 13 नवंबर 2024 के अपने आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर भेजा है। 13 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व सूचना और सुनवाई का अवसर दिए देश भर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी। एक हिस्से को गिराने वाले यूपी सरकार के अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस 13 नवंबर 2024 के अपने आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर भेजा है। 13 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व सूचना और सुनवाई का अवसर दिए देश भर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी। **अगले आदेश तक कार्रवाई पर रोक-** सुप्रीम कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को यह जवाब देने के लिए कहा कि उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए अवमानना याचिका की सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया कि अगले आदेश तक ढांचे को नहीं तोड़ा जाएगा।

## जेदूपुर में हुई कोरी समाज की जागृति बैठक

**अमेठी।** रविवार को जेठूपुर में भगवान बुद्ध और बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मार्ग पर चलते हुए सामाजिक कार्यों में लगे कोरी समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में देश और समाज की वर्तमान समस्याओं और सामाजिक संगठनों की गतिविधियों पर विस्तार से संवाद हुआ। सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए 16मार्च को विस्तारित बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक की शुरुआत बौद्ध परंपरा के अनुरूप सामूहिक त्रिसरण पंचशील से हुई। आयोजक कन्हई प्रसाद बौद्ध और राम सजीवन ने बिरादरी और समाज के लोगों का स्वागत किया। सेवानिवृत्त शिक्षक पलटूराम ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का मार्ग ही प्रगति का मार्ग है। राकेश कुमार ने सामाजिक कुरीतियां दूर करने पर जोर दिया और कहा कि समाज का धन पाखंड और आडम्बर पर नहीं खर्च होना चाहिए।

# लखनऊ को हराकर मऊ की टीम ने जीता हैंडबॉल प्रतियोगिता का मैच

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** ओपेन स्टेट आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मऊ की टीम ने लखनऊ मंडल की टीम को हराकर जीता है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव उ0प्र0 हैण्डबाल संघ के अमित पाण्डेय उपस्थित रहे। उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि तीसरे दिन पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता का क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच दो टीमों (टीम-ए तथा टीम-बी) के मध्य खेला गया, जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मैच में लखनऊ मण्डल ने 19-17 से वाराणसी मण्डल एवं द्वितीय सेमीफाइनल मैच में मऊ जनपद ने 23-21 से अयोध्या मण्डल को पराजित करते हुए फाइनल मैच में मऊ जनपद ने 30-20 से लखनऊ जनपद को हराकर विजेता टीम घोषित हुई। इस दौरान उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद एवं मो. मोसर्रफ खॉ ने अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में सूर्यभान, अमित कुमार पाण्डेय, विमलेश ध्रुव, उज्ज्वल सोनकर, प्रसुमन आनन्द, नवनीत सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, पंकज यादव, निलेश, मनोज कुमार सिंह, जय सिंह, बीरबल शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में खेल विभाग अमेठी के कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य एवं प्रशिक्षक राम आसरे यादव, मो0 नदीम, मो. आरिफ, लबली तिवारी ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।

## द्रौपदी चीर हरण का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु



**अहिरौली, बाजार कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पकड़ी में स्थित शुभ वाटिका मैरेज हॉल में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत नारायण का परिपूर्ण रूप है। इसलिए भागवत कथा सुनना अति आवश्यक और लाभकारी है। श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक ने द्रौपदी चीरहरण और पांडवों की रक्षा भगवान ने किस प्रकार की आदि का वर्णन करते हुए बताया कि दुर्योधन के आदेश पर दुशासन ने द्रौपदी का चीर हरण किया। तब द्रौपदी ने भगवान श्री कृष्ण को पुकारा तब भगवान ने श्रीकृष्ण ने उनकी लाज बचाई। अंत में दुशासन थक कर हार गया। लेकिन द्रोपदी का वस्त्र हरण नहीं कर पाया। पांडवों की रक्षा के लिए कृष्ण युद्ध में सारथी बने और सदैव उनके साथ रहे। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में आनन्द सिंह और सह यजमान के रूप में विजय प्रताप सिंह भुपेंद्र सिंह द्वारा व्यास एवं व्यासपीठ का पूजन किया गया।

## रेलवे आरक्षण लिपिक की गाड़ी रेलवे स्टेशन से हुई गायब

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** रेलवे स्टेशन रायबरेली में आरक्षण लिपिक के पद पर कार्यरत राजीव तिवारी की मोटरसाइकिल पैशन एक्सप्रो गाड़ी नंबर यूपी 33 एबी 7891 पार्सल ऑफिस के पीछे खड़ी थी। जब कर्मचारी राजीव तिवारी अपनी ड्यूटी की शिफ्ट खत्म करके गाड़ी लेने पहुंचे। वहां से मोटरसाइकिल गायब थी। इसकी तत्काल सूचना उन्होंने 112 पर दी जिसकी इवेंट आईडी उनके पास मौजूद है। राजीव तिवारी ने बताया कि वह सुरक्षित रूप से अपनी गाड़ी पार्सल ऑफिस के पीछे खड़ी कर देते 112 के साथ-साथ उन्होंने वाहन खोने की ऑनलाइन सूचना यूपी कॉप एप पर पंजीकृत कर दी है।

## डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैंकवार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गई तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए गए कि अगले तीन दिनों में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्राप्ति की दिशा में कार्य करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को योजना का आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। एलडीएम द्वारा बैंकों से समन्वय स्थापित कर मानको को पूर्ण करने वाले आवेदनों को यथाशीघ्र स्वीकृत कराकर डिसबर्समेंट कराया जाए। बैंकर्स द्वारा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण डिस्पोजल कराया जाए, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, एलडीएम रुपेश दुबे सहित संबंधित अधिकारीगण व जनपद के विभिन्न बैंकों के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के जमुरावां गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन रविवार को कथा व्यास विपिन शुक्ला ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जिन्हें सुन श्रोता भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि जो प्रेम से जो संभव है, वह हिंसा से नहीं उन्होंने चार वेद, पुराण, गीता और श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या की वहीं श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता हो तो श्री कृष्ण और सुदामा जैसी भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल सखा सुदामा के साथ जो मित्र धर्म का उदाहरण प्रस्तुत किया है, उसकी मिसाल युग युगांतर तक दी जाएंगी। स्थानीय कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की गई कृष्ण सुदामा की सुंदर झांकी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं, विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आश्रय में भी स्वयं बदलाव हो जाता है, कथा समापन पश्चात आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान शिव शंकर सिंह सपत्नीक के अलावा माझगांव, कोटवा मोहम्मदाबाद,हिलहा,हलोर आदि के बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# संत शिरोमणि रविदास के विचारों का समाज बनाने में फेल रही हैं सभी लोकतांत्रिक सरकारें : केपी राहुल



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/तिलोई।** संत रविदास बारादरी अहोरवा भवानी में संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती मनाई गयी। समारोह में संत शिरोमणि रविदास के जीवन दर्शन और भक्ति आंदोलन में ज्ञानमार्गी शाखा के संतों की ओर से किए गए सामाजिक चेतना समाज-सुधार के कार्यों की विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि दलित साहित्यकार और बुद्ध वादी चिंतक के पी राहुल ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ज्ञानमार्गी शाखा के संत थे, उन्होंने निराकार ब्रह्म की उपासना की।संत रविदास ढोंग, पाखंड से दूर शुद्ध मन से ईश्वर भक्ति का संदेश दिया।मन ही पूजा,मन ही धूप,मन ही सेवहु सहज सरुप --,मन चंगा तो कठौती में गंगा - ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिलै सबन को अन्न,छोट बड़ों सब सम रहें, रविदास रहें प्रसन्न रविदास की वाणी का उल्लेख किया और कहा कि रविदास जी की शिक्षाएं बौद्ध धम्म के बहुत निकट है। संत शिरोमणि रविदास ने सुखी सम्पन्न और समतामूलक समाज और राष्ट्र बनाने का संदेश दिया था।

रविदास जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने वाली देश की अब तक की सभी लोकतांत्रिक सरकारें संत शिरोमणि के विचारों का समाज बनाने में फेल रही हैं। अपने शोध कार्यों का उल्लेख करते हुए के पी राहुल ने रामचरितमानस और अन्य ग्रन्थों के बारे में तार्किक जानकारी दी और कहा कि1972तक पुस्तकों में श्री लंका का कहीं उल्लेख नहीं है।सीलोन नाम मिलता है,जब लंका थी ही नहीं तो पुस्तकों में श्री लंका विजय का गुणगान कहां से आ गया। आयोजन समिति की ओर से बसपा के जिला प्रभारी विजय गौतम, श्याम लाल, बाबादीन, डा रामहेत, मोहन लाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सेवा निवृत्त शिक्षक देवनारायण ने किया। समारोह को संत योगराज और ग्राम प्रधान तिलोई अमिता गौतम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। संतराम कुरील, डॉ मार्कण्डेय, छोटे लाल, श्याम लाल कोटेदार, धनीराम गौतम,राम किशोर प्रधान, रामस्नेही, श्याम लाल कोटेदार, सतीश गौतम, डॉ मंगल प्रसाद, डॉ रामपाल, गुरूचरन गौतम, अशोक कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

# स्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## नाबालिक लड़की से अपहरण मामले में प्रशासन की कार्यवाही से ग्रामीणों में आक्रोश



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** सवर्ण समाज की एक नाबालिक लड़की के अपहरण के मामले को लेकर पुलिस द्वारा कार्रवाई से नाराज सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा हैं। आप को बताते चले कि प्रतापगढ़ जनपद के महेश गंज थाना क्षेत्र के सवर्ण समाज की नाबालिग लडकी का एक दलित युवक द्वारा अपहरण किया गया था। जिसकी शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय से कार्रवाई नहीं किया।

इस पर सवर्ण आर्मी ने विरोध कर धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने लडकी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। लेकिन पुलिस ने न्याय दिलाने वाले प्रदर्शनकारी सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर दिया।जिसको निरस्त कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी रायबरेली को ज्ञापन सौपा हैं। सवर्ण आर्मी के रायबरेली जिलाध्यक्ष वृजेन्द सिंह फौजी ने बताया सवर्ण समाज की लडकी का दलित युवक द्वारा अपरहण कर लिया था। इस पर कार्यवाही न होने पर सवर्ण आर्मी द्वारा शांति पूर्ण धरना दिया था।पुलिस अपनी निष्क्रियता छिपाते हुए राष्ट्रीय महासचिव समेत 27 नामजद व 60 अज्ञात में फर्जी तरीक़े मुकदमा दर्ज कर दिया। जिसको निरस्त किया जाए नहीं तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश स्तर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर भारी संख्या में सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

# लगातार घट रहा जलस्तर, कोकाकोला कम्पनी कर रही भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन, प्रशासन मौन

अवधनामा संवाददाता



**कोकाकोला कम्पनी के भूगर्भ जल दोहन से दस गांवों में जलसंकट बढ़ा**

प्रयागराज -अयोध्या हाईवे पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में चल रही कोका कोला कंपनी की ओर से भूगर्भ जल दोहन से आसपास के दस गांवों में जल संकट बढ़ रहा है।भादर विकास खंड पहले से ही डार्क जोन में है। यहां निशुल्क बोरिंग योजना के लक्ष्य को काफी कम कर दिया गया है। कोकाकोला कम्पनी की ओर से धरती से लिए गए पानी का भंडार वापस करने को वर्षाजल संचयन के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गईं हैं। भविष्य के जल संकट को लेकर जिला प्रशासन मौन है।

**अमेठी।** अमेठी जल बिरादरी की ओर से पं गोकुल प्रसाद इंटर कालेज राजापुर अमेरुआ में जल संचयन एवं भूगर्भ जल संकट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिले के कई विकास खंडों में घटते जलस्तर पर गहरी चिंता जताई गई और राज समाज का ध्यान भूगर्भ जल दोहन की तरफ आकृष्ट किया गया। धरती से हम जितना पानी लें, उतना वापस करें, तालाबों और नदियों में जल भंडार बनाए रखें -इस थीम पर जलसंचयन की अपील की गई।

अमेठी जल बिरादरी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि आज के चार पांच दशक पूर्व जनपद में भूगर्भ जल स्तर 15से20फीट था,जो अब घटकर 40फीट हो गया है। मालती और उज्जैनी नदियां सूखी पड़ी हुई हैं। जिले के अधिकांश तालाब गाद से भरे पड़े हैं। भारत के कई शहरों के साथ दुनिया के कई देशों में पानी का संकट बढ़ा हुआ है। यदि हम अभी से सचेष्ट न हुए तो भावी पीढ़ी को गंभीर जल संकट से जूझना पड़ेगा।हो सकता है अगला विश्व युद्ध पानी के लिए हो। गहराते जल संकट से निजात के लिए वर्षा जल संचयन समय की अनिवार्य जरूरत है। सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि आज की पीढ़ी को लोभ लालच से बचते हुए धरोहर और विरासत के अंदर को समझने की जरूरत है। प्रकृति मानव की आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है।लोभ लालच की नहीं। राधेश्याम तिवारी ने कहा कि गिरते जल स्तर को रोकने के लिए युवा आगे आएं और श्रमदान के माध्यम से धरती में पानी का भंडार बढ़ाएं। भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन करने वाली कम्पनियों के विरुद्ध समाज को खडा करने का काम युवा ही कर सकते हैं। जगदम्बा तिवारी मधुर ने कहा कि धरती का तीन चौथाई भाग जल है फिर भी लोग लोग बोतल का पानी पी रहे हैं,जो स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं है, पानी का बाजार अब शहरों से गांवों की तरफ तेजी से बढ़ चला है। बोतल का पानी पीने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। बोतल बंद पानी का व्यापार करने वाली कम्पनियां भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन कर रही हैं और सरकार मौन है। अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि जल संचयन और भूगर्भ जल के अंधाधुंध दोहन को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जाना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार द्विवेदी ने ऋषियों, मुनियों की धरती भारत में बोतल बंद पानी का व्यापार बढ़ने पर गहरी चिंता जताई। संगोष्ठी को शिव दर्शन द्विवेदी ने भी संबोधित किया।

# लेखपाल संघ का हुआ चुनाव, प्रभात सिंह अध्यक्ष, राजेश पाल मंत्री चुने गए



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सोमवार को तहसील सभागार में लेखपाल संघ के चुनाव सम्पन्न हुआ। प्रभात कुमार सिंह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी जनार्दन को 8 वोटों के अंतर से पराजित किया। प्रभात को 32 वोट मिले हैं। जनार्दन को 24 वोटों ही मिल पाये।

काउंटिंग में एक मत अमान्य घोषित किया गया। नई कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर चुने गए सदस्यों में राजेश पाल को तहसील मंत्री, आकांक्षा सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विकास त्रिपाठी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, पंकज कुमार गुप्ता तहसील उपमंत्री, अजय कुमार कोषाध्यक्ष और प्रेम बहादुर को ऑडिटर के रूप में चुना गया। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद विजयी उम्मीदवारों का पारंपरिक रूप से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और संगठन के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा किया।

# पडरौना चीनी मिल के 114 एकड़ जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा

अवधनामा ब्यूरो

**राजस्व अभिलेखों में फर्जीवाड़ा करके भू-माफियाओं ने किया है कब्जा**

**सचिव के आदेश के बाद प्रशासन ने शुरू की जमीन की तलाशी**

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना चीनी मिल के करीब 114 एकड़ जमीन पर भू माफियाओं का कब्जा है। अधिकारियों की लापरवाही व भू-माफियाओं के मिलीभगत से एंटी भू-माफिया अभियान हाथी दांत साबित हो रहा है। नतीजतन भू-माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है कि कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार के पडरौना चीनी मिल के करीब 114 एकड़ जमीन पर माफियाओं ने अधिकारियों से साठगांठ कर अभिलेखों में फर्जीवाड़ा करके नाम दर्ज कराकर भवन बना रखा है। इसका खुलासा तब हुआ जब प्रदेश सरकार के विशेष सचिव की ओर से जारी आदेश के बाद प्रशासन ने जमीन की तलाश शुरू की, तो पता चला कि पडरौना और जंगल विशुनपुरा में चीनी मिल के नाम दर्ज 154.36 एकड़ जमीन मे से सिर्फ 40 एकड़ जमीन ही खाली है। वर्ष 1934 में पडरौना राज परिवार ने पडरौना नगर में चीनी मिल बनवाया था जो वर्ष 1956 में नीलामी के दौरान इस चीनी मिल को कानपुर शुगर वर्क्स ने खरीद लिया था। कहना ना होगा कि चीनी मिल का ज्यादातर हिस्सा पडरौना तहसील के राजस्व गांव जंगल विशुनपुरा में है। राजस्वकर्मियों के अनुसार मिल के नाम से 154.36 एकड़ जमीन थी। मिल की जमीन पर कब्जे के आधार पर बताया जाता है कि भू-माफियाओं ने अधिकारियों व राजस्वकर्मियों से साठगांठ कर राजस्व अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर चीनी मिल के जमीन पर डेढ सौ से अधिक लोगों ने फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज करा लिया। विशेष सचिव के आदेश के बाद जांच के लिए पहुंची राजस्व टीम जब मौके पर पहुंची तो चीनी मिल के सिर्फ 40 एकड़ जमीन खाली मिली, जिस पर खेती-किसानी और बागवानी की जा रही है। बाकी करीब 114 एकड़ जमीन पर 300 से अधिक लोगों ने मकान निर्माण करा रखा है। अब सवाल यह उठता है कि भू माफियाओं द्वारा चीनी मिल के जमीन को राजस्व अभिलेखों मे फर्जीवाड़ा कर अपना नाम दर्ज कराने के बाद निर्माण कार्य गए भवनों का मास्टर प्लान (विनियमित क्षेत्र) से नक्शा कैसे पास हो गया? सूबे सरकार के विशेष सचिव द्वारा कानपुर शुगर मिल के नाम से कुशीनगर जनपद के पडरौना देवरिया और महराजगंज जिले में बंद पड़ी चीनी मिल के जमीन खाली कराए जाने के आदेश के बाद भू-माफियाओं मे हड़कंप मच गया है। हालांकि तहसील प्रशासन इसकी रिपोर्ट तैयार करने में जुटा है।

## पहली बैठक में बीडीओ रतन सिंह ने की योजनाओं की समीक्षा

**अमेठी/भादर।** नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी रतन सिंह ने सोमवार को स्टाफ बैठक कर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने विकास खंड में संचालित दो गोशालाओं का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी ने सभी पंचायत सचिवों और ब्लाक कर्मियों को अपने अपने पटल के काम अप-टू-डेट रखने के निर्देश दिए और कहा कि बिना अनुमति के कोई भी कार्मिक अवकाश पर नहीं जायेगा। मनरेगा में कार्यस्थलों पर श्रमिकों की संख्या में वृद्धि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को वित्त पोषित कराने और गोशालाओं में चारे पानी, पशु आहार और हरे चारे का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन का काम तेजी से किया जाये।

# विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते पंचायत सहायक संघ

**कुशीनगर।** ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

पंचायत सहायकों का कहना है कि वे सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें काम करने के लिए आवश्यक संसाधन नहीं मिल रहे हैं। पंचायत सहायकों ने आरोप लगाया कि इंटरनेट डेटा, स्टेशनरी, फोटोकॉपी सहित अन्य सभी खर्च उन्हें खुद उठाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा, तहसील और ब्लॉक स्तर पर बार-बार ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन यात्रा भत्ते की कोई सुविधा नहीं दी जाती। महज 6000 रुपये के अल्प मानदेय में ये सभी खर्च उठाना संभव नहीं है। पंचायत सहायकों ने सरकार से मांग की है कि उनका मानदेय बढ़ाया जाए, क्योंकि उन्हें मनरेगा मजदूरों से भी कम वेतन मिल रहा है। इसके अलावा, उन्होंने 5त्न मोबाइल या टेबलेट उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारु रूप से किया जा सके। पंचायत सहायक ग्राम पंचायत में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन जरूरी संसाधनों की कमी के कारण काम करना मुश्किल हो गया है। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई, तो हमें मजबूरन कार्य बहिष्कार करना पड़ेगा। ÷फिलहाल, पंचायत सहायकों की मांगों पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। अब देखना होगा कि सरकार उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए क्या कदम उठाती है या नहीं।

# सरकारी स्कूल के बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों से किसी मायने में नहीं है पीछेः राणा

- वार्षिकोत्सव में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा समां
- पीएमश्री विद्यालय भौली में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता






**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड जरवल स्थित पीएमश्री विद्यालय भौली में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएल शुगर मिल जरवल रोड के महाप्रबंधक टीएस राणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके बाद छात्राओ ने सरस्वती व गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्राइमरी सेक्शन के नन्हे मुन्नों ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की कड़ी में लघु नाटिका झांसी की रानी, विज्ञान हमारा दोस्त नुक्कड़ नाटक, कव्वाली, रिंग डांस, पर्यावरण सुरक्षा आधारित पेड़ बचाओ, व धरती माँ का दर्द, पढ़ेंगे लिखेंगे हम निपुण बनेंगे पर प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन मे छात्रों के अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा का भरपूर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि श्री राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारी स्कूल के ये बच्चे कॉन्वेंट से किसी मायने में पीछे नही हैं। बच्चो को ऐसे कार्यक्रमों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए, इससे न सिर्फ बच्चों को मंच पर आने का अवसर मिलता है बल्कि उनका आत्म विश्वास भी मजबूत होता है। वहीं बीएसए श्री आशीष सिंह बोले बच्चों का प्रदर्शन ये बता रहा कि बाल प्रतिभाएँ परिस्थितियों की मोहताज नही होती, उन्होंने इन्हें संवारने व दिशा देने वाले विद्यालय सभी शिक्षको की प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव में मंच संचालन शिक्षक व कवि संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम में आयोजन प्रभारी शिक्षिका अर्चना पाण्डेय, बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह, बीईओ बलहा अरुण वर्मा, कैसरगंज कोतवाल हरेंद्र मिश्र, जिला समन्वयक बालिका अनुराग शर्मा, एआरपी राजेश मिश्र, मो0 अहमद की प्रतिभागिता रही। इंचार्ज शिक्षक अनिल वर्मा ने आये अथितियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर भौली प्रधान प्रतिनिधि विजयराज, शिक्षक नरोत्तम सेंगर, संध्या श्रीवास्तव, रामचन्द्र, मनसुखलाल, आदि उपस्थित। रहे।

## महाकुम्भः रेलवे स्टेशनों पर रखी गयी निगरानी



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में महाकुंभ में जा रहे यात्रियों की सुरक्षा को परखने हेतु जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा, सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारियों के नेतृत्व में लगातार निगरानी रखी जा रही हैं, जिससे किसी प्रकार की अनावश्यक भगदड़ नहीं होने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि लगातार टीमें आने जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा का विशेष प्रबंध करें और यह सुनिश्चित करले की किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए।

## अवैध क्लिनिक को किया सील



**टूंडला।** नगर के शिव नगर में संचालित अवैध क्लिनिक को शिकायत पर फिरोजाबाद से जांच करने पहुंची चिकित्सकों की जांच टीम द्वारा सील किया गया। न्यू शिवनगर वार्ड नं 6 में नगरपालिका ऑफिस क पीछे कई वर्षो से नगला रामकिशन लाइनपार क्षेत्र निवासी रनवीर सिंह पुत्र स्व.राम किशन द्वारा अपना क्लिनिक विगत कई वर्षों से संचालित किया जा रहा था जिसकी शिकायत किए जाने पर फिरोजाबाद से जांच करने पहुंची वरिष्ठ चिकित्सको की टीम ने अवैध संचालित क्लिनिक को सील करने की कार्यवाही की गई।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र ने निकाली शिव यात्रा



**टूंडला।** ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र टूंडला द्वारा शिव की प्रतिमा के साथ गांव-गांव जाकर शिव यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका विजय बहन ने बताया कि प्रकृति को भी शुद्ध बनाने और, महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक-धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। परमात्मा आह्वान करते हैं मेरे बच्चों तुम मुझ पर अपनी बुराइयों अर्पण कर दो। अपने बुरे विचार, भावनाएं, गलत आदतें शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान की ज्योत जगाएं। धर्म का आचरण ड्रेस पहनने से नहीं बन जाता है। उसे जीवन चरित्र में उतारना होगा। इस मौके पर तनु बहन, खुशी, मधु, धीरज, राजू, भगवती, अनिल, रामेश्वर, मीरा, प्रेमा, बबीता, शीला, फूलमाला के अलावा भाई बहन मौजूद रहे।

## 150 पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट वितरित

**टूंडला।** सागर आईटीआई टूंडला गौतम बुद्ध वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विश्वकर्मा योजना के तहत छात्र छात्रों को 150 सर्टिफिकेट वितरण किए गए। इस अवसर पर प्रबंधक एसके सागर ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन सागर आईटीआई टूंडला में किया गया। इसमें छात्र छात्राओं को 150 पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिक्रेट प्रदान किए गए। इस योजना के जरिए सरकार बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, खिलौना निर्माता आदि लोगों को आर्थिक सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। पीएम विश्वकर्मा योजना के पात्र लोगों को स्कीम से जुड़ने पर सस्ती ब्याज दर पर लोन मिलता है. साथ ही उसके लाभार्थी को लोन के लिए किसी गारंटी की जरूरत नहीं होती। स्कीम के तहत लाभार्थी को 18 महीने और 30 महीने की अवधि के साथ 1 लाख रुपये और 2 लाख रुपये की दो किस्तों में 3 लाख रुपये तक का लोन मिलता है। इससे छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त होंगे, वह अपने जीवन में आत्म निर्भर बन सकेंगे। इस मौके पर पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, अभिषेक सिंह, जगदीश राम गौतम, सत्येंद्र श्रीवास्तव, एसके सागर के अलावा बड़ी संख्या में छात्र छात्राए मौजूद रहे।

# रूपईडीहा पुलिस का बड़ा खुलासा 21 किलो से अधिक नाजायज गांजा बरामद

- अनुमानित कीमत 50 लाख के करीब , तीन लोग गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा महाकुम्भ के दृष्टिगत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व तस्करी करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना रुपईडीहा पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी मिली है 21 किलो 469 ग्राम नाजायज गांजा बरामद करके तीन लोगों को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया ।

इस घटना के सफल अनावरण की जानकारी देते हुए एएसपी नगर रामानन्द कुशवाहा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना रुपईडीहा दद्दन सिंह के नेतृत्व उ0नि0 यतीन्द्र सिंह, उ0नि0 अनिल कुमार यादव मय हमराही पुलिस बल चिकनिया बाजार में रोकथाम जुर्म जरायम, देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस बल द्वारा खान पुलिया के पास ग्राम अड़गोडवा थाना रूपईडीहा बहराइच के पास से चन्द्र प्रकाश पुत्र ओंकार नाथ रामसमुझ पुत्र पारसनाथ सोनू उर्फ़ दुर्गेश कुमार वर्मा पुत्र कचेहरी लाल समस्त निवासीगण गोपिया थाना मोतीपुर को 21 किलो 469 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पंजीकृत किया गया एवं नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगण को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया इस गिरफ्तारी पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह उ0नि0 यतीन्द्र सिंह उ0नि0 अनिल कुमार यादव आरक्षी आशीष सिंह आरक्षी सन्दीप चौहान आरक्षी अभिषेक सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

### दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04613 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपररिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेरांबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, षोरनूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01550 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01549 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 01552 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01551 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सिवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सेलमपुर जं., बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जखनियां, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लाहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सेलमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सिवान जं., हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति | 11:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवाड़ा, पिपररिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुधनी, औबेदुल्लागंज एवं मंडीद्वीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरु, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 09030 | बलिया | 23:30 | विश्वामित्री जं. | 10:05 | गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, ओरई, विरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजलपुर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद एवं गोधरा जं. स्टेशन |
| 09032 | गाजीपुर सिटी | 00:30 | उधना जं. | 12:45 | औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, ओरई, विरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजलपुर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., विश्वामित्री एवं भरूच जं. स्टेशन |
| 06007 | तिरुवनंतपुरम उत्तर | 14:00 | बनारस | 21:50 | कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टायम, एर्णाकुलम टाउन, आलुवा, त्रिचूर, पालक्काड जं., कोयंबटूर जं., तिरुप्पूर, इरोड जं., सेलम जं., जोलारपेटै जं., कटपडी जं., अरक्कोणम जं, पेरांबूर, तिरुवोट्टियूर, गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, रामगुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 03430 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाऊन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 03411 | मालदा टाऊन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., बनारस |

### दिनांक 19.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुवा, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01550 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01549 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 01552 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01551 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सिवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सेलमपुर जं., बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जखनियां, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लाहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सेलमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सिवान जं., हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 03412 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहान पुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# यश इंटरनेशनल स्कूल में धूम-धाम से मनाया गया दूसरा स्थापना दिवस समारोह

वहाज अली निहाल



**इटावा।** यश इंटरनेशनल स्कूल ने रविवार को बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ अपना दूसरा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में सम्मानित मुख्य अतिथि लवनेश चौहान, डॉ.एल. एस.चौहान, श्रीमती मुन्ने सिंह, डॉ.ज्योत्सना सिंह, श्रीमती कीर्ति सिंह, डॉ.ब्रजानंद शर्मा, डॉ. वी.के. गुप्ता, डॉ.कैलाश चंद्र यादव, डॉ. सुनील पांडे, शैलेश चौहान, आकाश चौहान, राहुल चौहान, श्रीमती संध्या भारद्वाज, डॉ.कुश चतुर्वेदी, विनोद त्रिपाठी, राघवेंद्र, अभिभावकगण, विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं बच्चें उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, लवनेश चौहान द्वारा स्कूल की प्रबंधन समिति, सचिव श्रीमती मुन्ने सिंह, डॉ. लोकेंद्र सिंह चौहान, निदेशक डॉ.अरुण तोमर, प्रिंसिपल श्रीमती श्रद्धा दुबे और वाइस प्रिंसिपल श्रीमती सोनिका छाबड़ा द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने स्कूल की उपलब्धियों की सराहना की और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। डॉ.ज्योत्सना सिंह ने कहा कि यह दिन शिक्षा में उत्कृष्टता और ज्ञान की खोज के लिए हमारी यात्रा की शुरुआत को चिह्नित करता है। निदेशक डॉ.अरुण तोमर ने छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि हमारी संस्था हमेशा एक समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारे छात्रों के बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देती है। हमने एक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास किया है जो जिज्ञासा, रचनात्मकता और महत्वपूर्ण सोच को प्रोत्साहित करता है। आने वाले समय में हम उच्चतर शिक्षा के सभी क्षेत्रों में अग्रसर होंगे। प्रिंसिपल, श्रीमती श्रद्धा दुबे ने दो वर्षो में स्कूल की प्रगति और उपलब्धियों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम अपने दो साल के अस्तित्व को देखते हैं, हम गर्व और उपलब्धि की भावना से भर जाते हैं। विनम्र शुरुआत से लेकर एक प्रतिष्ठित संस्था के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति तक, हम एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और यह केवल हमारे संस्थापक सदस्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और माता -पिता के अथक प्रयासों के कारण संभव हो पाया है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रदर्शन किए गए गाने, नृत्य और स्किट सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। वार्षिक समाचार पत्र के दूसरे संस्करण का अनावरण करते हुए, ब्लॉसम प्रमुख आकर्षणों में से एक था। फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन का समापन वोट ऑफ थैंक्स और नेशनल एंथम के साथ हुआ।

## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरू हुयीं मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मदरसा बोर्ड मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय अनुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में प्रथम दिन संपन्न कराई गई। जानकारी के अनुसार मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दो पालियों में संपन्न कराई गई जिसमें मुंशी मौलवी प्रथम पाली में पंजीकृत 161 छात्र-छात्राओं में 136 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 25 छात्र अनुपस्थित पाए गए द्वितीय पाली 2ः00 बजे से 5ः00 बजे के बीच आलिम के 37 पंजीकृत छात्रों में 33 परीक्षार्थी ने परीक्षा में भाग लिया और चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस बात की पुष्टि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजलि प्रिया गौतम ने की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षार्थियों में 198 छात्र पंजीकृत है जिसमें 169 छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षाएं सकुशल स्वच्छतापूर्ण पारदर्शी सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में शासन के मनसा के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है।

# जेल वाले सैय्यद बाबा का सालाना उर्स कुल शरीफ के बाद हुआ पूरा

- स्व. बशीर अहमद नियाज़ी के परिवार ने की चादरपोशी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** स्व.बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का दो दिवसीय सालाना 53 वां उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ हुआ। उर्स का शुभारंभ हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा के गुस्ल के साथ हुआ और कुल शरीफ के साथ दूसरे दिन उर्स का समापन हुआ। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्म्द अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में शुरू हुआ। उर्स के प्रथम दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर गुस्ल हुआ। इसके बाद स्व.बशीर अहमद नियाजी के घर मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में चादर उठी जो रेलवे रोड होती हुई जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह शरीफ पर पेश की गई। उर्स के दूसरे दिन स्व.बशीर अहमद नियाजी के घर मेवाती टोला से चादर उठीं जो भोलन शहीद, कचहरी वाले सैयद बाबा, मोतीझील वाले सैयद बाबा दरगाह सहित जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर पेश की गई। रात में दोनों दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह शरीफ पर महफिले सिमा का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले सिमा में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की। दोनों दिन श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स की व्यवस्था में शुजा खान, रुहूल खान, चांद खां, इमरोज अनवर, फरदीन, समीर, शाहनवाज, भानु मामा आदि का सराहनीय योगदान रहा। उर्स में हाजी गुड्डू मंसूरी जिलाध्यक्ष मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन, इरशाद मेव, संजीव तिवारी, आरिफ पूर्व सभासद, तसलीम मंसूरी एड.जिलाध्यक्ष इस्लाम पार्टी हिन्द, मसूद तैमूरी, इंतजार अहमद, इरशाद, आमिर, शमशाद, अली सौरिख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अंत में जिम्मी बशीर व मोनू बशीर ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## सी.एम. डैशबोर्ड के द्वारा डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, को शत-प्रतिशत पूरा करते हुए करते हुए ए ग्रेड में लाना सुश्चित करेंगें। समीक्षा बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनुपस्थित रहें, जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करते हुए एक दिन के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाये।

# सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 80

- महिलाओं ने कराया पंजीकरण
- निःशुल्क चिकित्सा शिविर में फ्री जाँच व दवाये भी दी गई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर रेलवे स्टेशन के पास रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रसिद्ध वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता सिंह एम बी बी एस, एम एस, डी जी ओ द्वारा किया गया। इस शिविर में करीब 80 महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया तथा डॉ.ममता सिंह के द्वारा इनका निःशुल्क परीक्षण किया गया एवं मुफ्त दवा दी गई तथा मुफ्त जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य हमारे समाज में गरीब महिलाएं को स्त्री रोग एवं गर्भावस्था से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सहायता मिल सके उनको सही इलाज मिल सके। इस तरह का आयोजन समय-समय पर सुशीला हॉस्पिटल के द्वारा कराया जा रहा है। सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर डी.के.सिंह ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन आयोजित किए जाएंगे जिससे कि गरीब जनता को मुफ्त सलाह एवं जांच और निःशुल्क दवाइयां मिल सके। उन्होंने बताया कि इस शिविर में बहुत दूर-दूर से मरीज अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए यहां पर आए और उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

# जनसुनवाई पर 26 शिकायतों क्या हुआ निस्तारण



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिसद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 5, नगर पंचायत रेनुकूट में 1. नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। उक्त अवसर पर जेई मनीष कुमार सदस्यगण अनवर अली, मनोज चौबे, राकेश कुमार ,सुजीत, अजीत सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने कुंभ से वापस लौट रही बस में मारी टक्कर यात्री बाल बाल बचे



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुमेरपुर बस स्टैण्ड तिराहा में प्रयागराज कुंभ से वापस लौट हमीरपुर जा रही रोडवेज डिपो की बस को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गलीमत रही की सावरिया बाल-बाल बच गयी। सोमबार को करीब तीन बजे हमीरपुर डिपो की बस संख्या यू पी 78 एच एन. 2287 प्रयागराज कुंभ से सुमेरपुर होते हुये हमीरपुर जा रही थी तभी बस स्टैण्ड तिराहा में बालू से लदे ट्रक नम्बर यू पी 78 जी.टी 8070 ने पीछे से बस में टक्कर मार दी जिससे बस के अगले हिस्से में लगा शीशा व बाडी क्षतिग्रस्त हो एकाएक टक्कर से बस में बैठी सवारी हिल गयी गलीमत रही की सभी यात्री बाल बाल बच गये। लोगो ने इसे ट्रक चालक की लापरवाही बतायी क्योकि ट्रक आगे जा रहा था और बस पीछे लगी थी तभी यह घटना घटित हुई।

### रेलवे ट्रैक के विस्तार में गई जमीन का 2 साल से नहीं मिला किसानों को मुआवजा, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**सुमेरपुर,हमीरपुर।** रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण कार्य के दौरान किसानों की जमीन के मुआवजे का मामला प्रकाश में आया है। सुमेरपुर ब्लॉक के पत्योरा गांव के दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुआवजे की मांग की है। किसानों का आरोप है कि रेलवे विभाग ने बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन पर काम शुरू कर दिया है। किसान जगमोहन, ओमकार, श्रीकृष्ण और लल्लू के अनुसार, दो साल पहले जब यह काम शुरू हुआ था, तब उन्हें मुआवजा देने का वादा किया गया था। लेकिन न तो कोई एग्रीमेंट हुआ और न ही मुआवजा मिला। इतना ही नहीं, ठेकेदार ने उनकी खड़ी फसल को भी कटवा दिया और काम शुरू करा दिया। जिलाधिकारी से मिलने के बाद किसानों को आश्वासन मिला है कि रेलवे विभाग को प्रभावित किसानों का पूरा डेटा उपलब्ध कराया जाएगा। यह मामला पत्योरा गांव से होकर गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण से जुड़ा है, जिसमें किसानों की कृषि भूमि का एक हिस्सा प्रभावित हो रहा है।

### आरोपियों पर कार्यवाही न होने की शिकायत डीएम से

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में दो माह बीत जाने के बाद भी आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही न होने से पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम इंगोहटा निवासी कलावती पत्नी रामऔतार साहू ने डीएम को दिये पत्र में कहा है कि विगत 11 नवम्बर 2024 को पड़ोस के रवि पुत्र कालका, अर्चना पत्नी सुशील,कविता पुत्री कालका माया पत्नी कालका आदि ने उसकी पक्की दीवाल में तोड़फोड़ की थी मना करने पर मारपीट की थी बचाने आयी अलका व प्रमोदनी के साथ भी मारपीट की थी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। घटना की रिपोर्ट थाना सुमेरपुर में दर्ज कराई भी दो माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलन्द है। पीड़िता ने जानमाल का खतरा बताते हुये आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम आज दिनांक 17.02.2025 को थाना बिबांर पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन यादव पुत्र सिद्ध यादव के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर थाना बिवांर में मु0अ0सं0 23/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय भेजा गया।

### डीएम के दरबार में आयीं 88 शिकायतें




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 88 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने आईपीएस 2025 में तीसरी बार हीट रेट रनर-अप ट्रॉफी जीती



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने इंडियन पावर स्टेशन (IPS) ओ एंड एम सम्मेलन, 2025 में लगातार तीसरी बार हीट रेट रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की है। यह पुरस्कार संयंत्रों के बीच हीट रेट और सहायक शक्ति खपत (APC) में निरंतर सुधार की दिशा में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया जाता है। एनटीपीसी विंध्याचल ने इस पुरस्कार को ऊर्जा और दक्षता प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी तरीके से लागू करने, हीट रेट और सहायक शक्ति खपत (APC) में सुधार और नवाचारों को अपनाने के कारण हासिल किया। यह पुरस्कार प्रगीत उपाध्याय, अपर महाप्रबंधक(बीएमडी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से प्राप्त किया। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल की संचालन दक्षता और प्रदर्शन सुधार के प्रति लगातार प्रतिबद्धता को उजागर करता है और इसने संयंत्र की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।

## बकरी के दूध से साबुन निर्माण हेतु समूह की महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**सोनभद्र/डाला।** अडानी फाउंडेशन, ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा द्वारा सतत् आजीविका विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पनारी पंचायत के ओबरा गाँव में बकरी के दूध से साबुन निर्माण हेतु महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी जी और एन.आर.एल.एम. के जिला मिशन प्रबन्धक एम.जी.रवी जी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य,शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस कार्यक्रम में अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, प्रशिक्षिका संजू कुशवाहा और पनारी एवं कोटा पंचायत के समूह की महिलाएँ उपस्थित रही।

## बड़ी देवी में विशाल भंडारा के साथ शतचंडी यज्ञ व भागवत कथा सम्पन्न

**मौदहा/ हमीरपुर।**मौदहा कस्बा के बड़ी देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के समापन में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें कस्बा सहित आसपास के गांवों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के बड़ी देवी मंदिर में सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही रात में रासलीला व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया है। रविवार को श्रीमद्भागवत कथा और यज्ञ का समापन होने पर सोमवार को यहां विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सुबह कन्या भोज और संतों का भंडारा हुआ इनके बाद नगर सहित आसपास के गांवों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है। वहीं बच्चों और महिलाओं ने बड़ी देवी मंदिर के प्रांगण में लगे मेला और झूलों का लुत्फ उठाया है।

# हमें दूसरे को हराना नहीं है बल्कि स्वयं को जिताना हैः सिंह

अवधनामा संवाददाता



- मीडिया एकादश ने 8 विकेट से प्रबंधन एकादश को पराजित कर विजयी होने का गौरव हासिल किया

**अनपरा/सोनभद्र।** रेणुसागर पावर डिवीजन के तत्वाधान में रेनुसागर परिसर में स्थित मधुबन पार्क में आयोजित मीडिया एवं प्रबंधन एकादश मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के कड़े मुकाबले में मीडिया एकादश 8 विकेट से विजयी रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों के परिचय के उपरांत मैच का शुभारम्भ करते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि हमें दूसरे को हराना नहीं है बल्कि स्वयं को जिताना है। खेल के द्वारा ही समाज और राष्ट्र को आगे ले जाना है, हम जब स्वयं संयमित और अनुशासित रहेंगे तभी तो प्रेरणा स्रोत बनेंगे। ततपश्चात मीडिया एवं प्रबंधन एकादश कैनवस बाल फ्रैंडली क्रिकेट मैच के रोमांचक मुकाबले में प्रबंधन एकादश ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। प्रबंधन एकादश कप्तान हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के नेतृत्व में टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 12 ओवर में दीपक पांडेय के 6 छक्के 4 चौके के बदौलत 54 रन कप्तान आरपी सिंह के 14 रन एवं संजय श्रीमाली के 8 रनो के वदौलत 8 विकेट खोकर 127 रन बनायी। वही मीडिया एकादश के सफल गेंदबाज बबलू कुमार पांडेय ने 4 विकेट एवं मनीष सिंह 2 विकेट अपने टीम के लिये चटकाये। । रोमांचक मैच में जबाब में खेलने के लिये उत्तरी मीडिया एकादश के बबलू पांडेय ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 9 छक्के के बदौलत 61 रन कप्तान अखिलेश भटनागर के 16 रन एवं गजेंद्र कुमार गुप्ता के 20 रन के वदौलत 11 ओबर 3 गेंद में ही 2विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर 133 रन बनाया। वही प्रबंधन एकादश से नवींद्र पाठक एवं अजय तिवारी ने महत्वपूर्ण 1-1 विकेट चटकाये। इस तरह मीडिया एकादश 8 विकेट से विजयी रहीं। मैच का आंखोदेखा हाल सदानन्द पांडेय ने सुनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ,रोहित सक्सेना, सदानन्द पांडेय, आर के बर्मा एवं का सराहनीय सहयोग रहा है। इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से हेड मानव संशाधन शैलेश विक्रम सिंह, मनीष जैन, अरविंद सिंह , निखिल जैन, सुधाकर अन्नामलाई, पत्रकार एकादश से अशोक तिवारी, संजय द्विवेदी, चंद्रमौली मिश्रा, विक्रम सिंह सोढ़ी, अजय द्विवेदी, गोबिन्द मिश्रा, जे पी सिंह, दरोगा देव् यादव, जगदीश साहनी, वली अहमद सिद्दिकी एवं अन्य पत्रकार मौजूद रहे। हिंडाल्को रेनुसागर प्रबंधन की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में हेड एच आर शैलेश विक्रम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एनटीपीसी विंध्याचल को बेस्ट मेंटेनड हाउसकीपिंग प्लांट अवार्ड

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल को बेस्ट मेंटेनड हाउसकीपिंग प्लांट अवार्ड से नवाजा गया है, जो कार्यस्थल की सफाई, सुरक्षा और सुंदरता में इसके उच्च मानकों को मान्यता देता है। यह पुरस्कार इस वर्ष पहली बार पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य हाउसकीपिंग के उच्चतम मानकों और कचरा निपटान की प्रभावी प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। इस पुरस्कार के तहत उन संयंत्रों को सम्मानित किया जाता है, जो अपने कार्यस्थल को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुंदर बनाए रखते हैं। विंध्याचल ने इस सम्मान के लिए 650 से अधिक जीओ-टैग्ड फोटोज प्रस्तुत किए, जो इसके हाउसकीपिंग प्रयासों को प्रमाणित करते हैं। कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, एनटीपीसी विंध्याचल और एनटीपीसी खारगोन को एनटीपीसी के अन्य कोल-आधारित संयंत्रों में से सबसे बेहतरीन के रूप में चुना गया। यह पुरस्कार प्रगीत उपाध्याय, अपर महाप्रबंधक(बीएमडी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से प्राप्त किया।

# दि हिंदू एजेकेश्नल सोसायटी की भूमि पर नहीं है कोई विवादः सुखदा मिश्रा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दि हिंदू एजूकेशनल सोसायटी की ग्राम सराय अर्जुन रामलीला रोड में स्थित भूमि मा उच्च न्यायालय के आदेश एवं शासन प्रशासन के द्वारा सोसायटी को अंतरित है। इस भूमि पर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति शासन प्रशासन के समक्ष गलत और भ्रामक तथ्यों की जानकारी देकर गुमराह करने की कोशिश करता है। इस भूमि पर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सोसायटी ने इस भूमि पर अपना अधिकार हासिल किया है। दि हिंदू एजूकेशनल सोसायटी की मंत्री एवं पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा ने रविवार को सनातन धर्म इंटर कालेज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सनातन धर्म इंटर कालेज की स्थापना के बाद वर्ष 1956 एवं 1957 में ग्राम सराय अर्जुन रामलीला रोड में लगभग 15 एकड़ भूमि किसानों से अधिग्रहीत कर सोसायटी के नाम अंतरित की। यह भूमि आज भी सोसायटी के स्वामित्व में है। जिस पर सोसायटी का ही कब्जा दखल है। मा उच्च न्यायालय ने इस मामले में 26 पिटीनर्श के माध्यम से दायर की गई याचिका पर वर्ष 2002 में फाइनल जजमेंट भी सोसायटी के पक्ष में सुनाया। यह आदेश वर्ष 2003 एएलआर पेज नंबर 570 में प्रकाशित भी किया जा चुका है। उक्त निर्णय के अनुसार उपरोक्त भूमि सोसायटी के पक्ष में अंतिम रूप से निर्णीत हो चुकी है। यह निर्णय अंतिम है। उन्होंने कहा कि एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति आये दिन शासन प्रशासन को गुमराह करने के लिए गलत तथ्य प्रस्तुत करता रहता है। जब काश्तकारों की जमीन अधिग्रहण के बाद अंतिम रूप से सोसायटी के पक्ष में अंतरित कर दी गई तो फिर अब विवाद का कोई सवाल ही नहीं रहा। इस मौके पर अध्यक्ष सुधीर दुबे, एडवोकेट अरुण कुमार बाजपेयी, आत्माराम मिश्रा एडवोकेट, प्रधानाचार्य संजय शर्मा, अवध किशोर बाजपेयी मौजूद रहे।

# 'जीरो डिस्चार्ज' से महाकुम्भ की स्वच्छता व्यवस्था ने स्थापित किया ग्लोबल सैनिटेशन बेंचमार्क



## कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ ने पूरे विश्व के समक्ष स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही स्थापित किया ऊंचा प्रतिमान

### 350 सक्शन मशीनों ने जीरो डिस्चार्ज किया सुनिश्चित

- प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कचरे को संभालने के लिए अधिकारियों ने एक मजबूत कचरा प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जिसके अंतर्गत बसवार प्लांट में प्रतिदिन 650 मीट्रिक टन (एमटी) कचरा संसाधित किया जा रहा है।
- वहीं, कचरा संग्रह के लिए 120 हॉपर टिपर ट्रक और 40 कॉम्पैक्टर लगाए गए हैं। तरल कचरे के प्रबंधन के लिए 94 सक्शन मशीनें लगाई गई हैं जबकि मेला मैदान में 25,000 डस्टबिन रखे गए हैं।
- इसी के साथ, कचरे के कुशल निपटान के लिए 37 लाख कचरा लाइनर बैग का उपयोग किया गया
- पहली बार, मेला प्राधिकरण ने नदी में जीरो डिस्चार्ज सुनिश्चित करने के लिए 350 सक्शन मशीनें और 1.5 लीटर के शौचालय और मूत्रालय स्थापित किए।
- नदी प्रदूषण को रोकने के लिए तीन अस्थायी और तीन स्थायी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी किया गया।
- महाकुम्भ से पहले जहां शौचालय की स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया। वहीं, महाकुम्भ की अवधि के दौरान कुशलतापूर्वक इनकी दैनिक निगरानी और रखरखाव किया जा रहा है।
- महाकुम्भ के बाद सुरक्षित निपटान और साइट की बहाली के कार्य को भी पूरी सतर्कता के साथ पूर्ण किया जाएगा

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** सनातन आस्था के परम पवित्र पर्वों में सर्वोपरि महाकुम्भ-2025 आस्था, भक्ति, शांति, मुक्ति, पुण्य प्राप्ति के साथ स्वच्छता और समायोजन के अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करने वाला महा आयोजन सिद्ध हो रहा है। यूं तो, कूड़ा-कचरा व प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ की अवधारण को धरातल पर उतारने के लिए यह आयोजन नजीर बनकर पूरी दुनिया के समक्ष उंचे प्रतिमान प्रस्तुत कर रहा है। मगर, अपशिष्ट जल प्रबंधन और नदी में जीरो डिस्चार्ज के लिहाज से महाकुम्भ में की गई स्वच्छता व्यवस्थाएं अप्रतिम रहीं तथा इन्होंने वैश्विक बेंचमार्क को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व के सामने नवीन व अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में स्थानीय प्रशासन ने प्रतिदिन 1.5 लाख से ज्यादा टॉयलेट्स के अपशिष्ट जल को कुशलता पूर्वक प्रबंधित कर नदी में जीरो डिस्चार्ज सुनिश्चित किया जिसकी पूरी दुनिया साक्षी बन रही है।

प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रणाली से साकार हो रहा स्वच्छ महाकुम्भ का लक्ष्य

महाकुम्भ की विशेष कार्याधिकारी अकांक्षा राना ने बताया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की प्रेरणा से स्वच्छ महाकुम्भ का जो लक्ष्य रखा गया था, वह हर दिन के साथ नए प्रतिमानों को स्थापित कर रहा है। महाकुम्भ में 52 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों की भारी आमद के बावजूद कूड़ा-कचरा मुक्त, प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ कुम्भ के विजन को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। महाकुम्भ-2025 भविष्य में बड़े पैमाने पर धार्मिक आयोजनों के लिए स्वच्छता के मॉडल में परिवर्तित हो गया है। मेला क्षेत्र में 1.5 लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए गए, जिनमें सोक-पिट, एफआरपी और मोबाइल यूनिट शामिल हैं। क्यूआर कोड-आधारित निगरानी प्रणाली ने वास्तविक समय में रखरखाव सुनिश्चित किया, जबकि जेट स्प्रे सफाई तकनीक और पर्यावरण के अनुकूल रासायनिक समाधानों ने सुविधाओं को स्वच्छ और गंध मुक्त रखने में मदद मिली।

## मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने परिवार सहित संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुंभ नगर।** आंध्र प्रदेश सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने आज परिवार सहित महाकुंभ में संगम तट पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकुंभ का अनुभव जीवन में एक बार मिलने वाला अनमोल क्षण है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का दिव्य स्पंदन महसूस किया जा सकता है। संगम स्नान के बाद उन्होंने अपनी अनुभूति साझा करते हुए कहा कि आज महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाते हुए मैंने यहाँ की अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा को महसूस किया। लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से यह भूमि दिव्यता से भर गई है। इस महायोग में सम्मिलित होकर मैं स्वयं को धन्य मानता हूँ। महाकुंभ 2025 में देश-विदेश से श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, जिसमें संत-महात्माओं, राजनेताओं और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों की सहभागिता भी देखी जा रही है। प्रशासन द्वारा कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।



## श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मजबूत प्रहरी बने सीआरपीएफ के जवान

- आपदा प्रबंधन में तत्परता के साथ हर आपात स्थिति के लिए हैं तैयार

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 की भव्यता के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेवा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है। उनकी सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का अद्वितीय उदाहरण महाकुम्भ में देखने को मिल रहा है।

सीआरपीएफ के जवान 24 घंटे घाटों, मेला परिसर और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। आधुनिक तकनीक और सतर्क निगाहों से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है।

### भीड़ नियंत्रण और मार्गदर्शन में अहम भूमिका

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सीआरपीएफ के जवान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहे हैं। उनका सौम्य व्यवहार और तत्परता श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान कर रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सीआरपीएफ की आपदा प्रबंधन टीम पूरी मुस्तैदी से तैनात है। कुम्भ मेले में गुमशुदा बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाने में भी सीआरपीएफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### राष्ट्र प्रथम: सेवा और समर्पण की मिसाल

सीआरपीएफ से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ का हर जवान महाकुम्भ में राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहा है। उनकी सेवा और समर्पण का यह जज़्बा महाकुम्भ की आध्यात्मिकता को और भी पवित्र बना रहा है। महाकुम्भ 2025 में सीआरपीएफ की यह अटूट सेवा और समर्पण न सिर्फ सुरक्षा का विश्वास जगा रहा है, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा भी है।

## महाकुम्भ में लगी भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी है विरासत और विकास का अनूठा उदाहरण

- विश्व का सबसे ऊंचाई पर बना चेनाब रेल ब्रिज माडल हैं रेल प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण




महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 डबल इंजन सरकार के विरासत और विकास के प्रतिमान का एक सफल उदाहरण बनता जा रहा है। भारतीय रेलवे भी इसी क्रम में महाकुम्भ में जहां एक ओर सफल भीड़ प्रबंधन और रिकार्ड मेला स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, वहीं दूसरी ओर मेला क्षेत्र में लगी रेलवे की प्रदर्शनी भारतीय रेलवे में विरासत और विकास के प्रतिमानों को प्रदर्शित कर रही है। महाकुम्भ में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में चिनाब और पंबन ब्रिज के माडल प्रदर्शित किये गये हैं तो वहीं रेलवे की आधुनिकतम् तकनीकि से युक्त नमो भारत, अमृत भारत और वंदे भारत की स्लीपर ट्रेन के बारे में आमजन को बताया जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय रेलवे के देश के युद्ध और महत्वपूर्ण अवसरों पर किये गये योगदान को प्रदर्शित किया गया है। भारतीय रेलवे न केवल देश के यातायात की लाइफ लाइन है बल्कि देश की सांस्कृति विविधता को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारतीय रेलवे देश को कश्मीर से कन्याकुमारी तक और गुजरात से अरूणाचल तक जोड़ने का कार्य करती है। यहीं नहीं डबल इंजन सरकार के विरासत और विकास के ध्येय की सबसे बड़ी वाहक भारतीय रेलवे है। जिसका प्रदर्शन महाकुम्भ में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में किया गया है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-1 में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में देश की आधुनिकतम् तकनीकि से बने चेनाब और पंबन ब्रिज के माडल का प्रदर्शन किया गया है।जम्मू कश्मीर में बना चेनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। चेनाब नदी पर बने रेल ब्रिज की ऊचांई नदी तल से 359 मीटर है जो फ्रांस के एफिल टॉवर से भी 35 मीटर अधिक है। तो वहीं दूसरी ओर रामेश्वरम को जोड़ने वाला पंबन ब्रिज, पूर्णतः स्वचालित वर्टिकल लिफ्ट स्पैन देश का ऐसा पहला समुद्री रेल पुल है। इसको भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया है।

## महाकुम्भ भारतीय संस्कृति और परंपरा का अद्वितीय प्रतीक




- पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संगम में किया स्नान
- भारतीय विरासत की ताकत का प्रतीक है कुम्भ
- रोहन जेटली ने भी लगाई पावन डुबकी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस महाकुम्भ 2025 में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कुम्भ को भारतीय संस्कृति और परंपरा का अद्भुत प्रतीक बताया। सीवी आनंद बोस ने कहा, कुंभ भारत की महान संस्कृति और परंपराओं का सर्वोत्तम उदाहरण है। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है कि दुनिया का सबसे बड़ा जनसमूह यहां स्वेच्छा से आकर अहम् ब्रह्मास्मि के अर्थ को समझना चाहता है। उन्होंने आगे कहा, भारत एक महान शक्ति से संचालित होता है, जिसकी जड़ें हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत में हैं। कुम्भ इसी शक्ति और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, महाकुम्भ 2025 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय एकता, संस्कृति और परंपराओं का अद्वितीय संगम है। पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता रहे स्व. अरुण जेटली के पुत्र व दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहन जेटली ने भी संगम में पावन डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा, अपनी पत्नी के साथ महाकुम्भ 2025 का दिव्य अनुभव प्राप्त कर धन्य और सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। इस विशाल आयोजन और अपार जनसमूह के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने अत्यंत कुशल और उत्कृष्ट प्रबंधन किया है। उनकी मेहनत और समर्पण के लिए हृदय से सराहना करता हूं। प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर आरपी सिंह ने महाकुम्भ 2025 में पवित्र स्नान के बाद अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने आयोजन के प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे अविस्मरणीय बताया। आरपी सिंह ने कहा, यह मेरा दूसरा महाकुम्भ है। यहां दोबारा आकर और कुम्भ स्नान का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। यह कल्पना करना भी कठिन है कि 50 करोड़ लोगों को कैसे संभाला जा सकता है, लेकिन सरकार ने इसे बेहद शानदार तरीके से संभाला है।


## महाकुम्भ सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण: एस.पी. सिंह बघेल

- इस्कॉन और अदानी ग्रुप द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य को सराहा
- कुप्रबंधन के आरोपों पर किया विपक्ष पर पलटवार, प्रतिदिन एक लाख लोगों को निःशुल्क भोजन



**महाकुम्भ नगर।** केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने महाकुम्भ में पवित्र स्नान के बाद अपने अनुभव साझा किए और इस्कॉन व अदानी ग्रुप के सेवा कार्यों की सराहना की। साथ ही, विपक्ष के कुप्रबंधन के आरोपों पर करारा जवाब भी दिया। एस.पी. सिंह बघेल ने कहा, ÷आज महाकुम्भ में पवित्र स्नान का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। यह ईश्वर की कृपा और जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का जीवंत उदाहरण है। लाखों श्रद्धालुओं के बीच फैली आस्था और सेवा की यह परंपरा भारतीय संस्कृति के गौरवशाली स्वरूप को प्रस्तुत करती है। विपक्ष द्वारा महाकुम्भ 2025 में कुप्रबंधन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एस.पी. सिंह बघेल ने कहा, मैं विपक्ष से कहना चाहता हूं कि जब उनकी बेटी की शादी में 200-300 मेहमान आते हैं, तब उनकी धड़कनें तेज हो जाती हैं और घबराहट होती है। लेकिन यहां अब तक 50 करोड़ लोग आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह निश्चित रूप से एक सफल और ऐतिहासिक आयोजन है। इस कुम्भ ने सभी पिछले कुम्भ के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने इस्कॉन और अदानी ग्रुप के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा, आदानी ग्रुप के सहयोग से इस्कॉन द्वारा प्रतिदिन एक लाख लोगों को महाप्रसाद दिया जा रहा है। यह सेवा कार्य कुंभ की भावना को और पवित्र बनाता है। उन्होंने कहा, हम इसे महाप्रसाद कहते हैं, क्योंकि हमारे देश में 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह 5 किलोग्राम गेहूं और चावल निःशुल्क दिया जा रहा है। यह भारत की सेवा और समर्पण की परंपरा का परिचायक है।

## घर-घर तक संस्कृत भाषा को पहुंचाना ही योजना का उद्देश्य है : दिनेश मिश्र



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत फरवरी मासीय बारह दिवसीय संस्कृत शिक्षण शिविर केंद्रों का समापन आभाषिक पटल पर सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 03 फरवरी से 17 फरवरी 2025 तक संचालित हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 51 प्रशिक्षक सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन सम्यकतया किये। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र ने कहा कि गृहे गृहे संस्कृतम् योजना प्रशिक्षकों के अथक प्रयास से पुष्पित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घर-घर तक संस्कृत को पहुंचाना। समाज में व्याप्त भ्रान्ति है कि संस्कृत भाषा कठिन है। यह भ्रान्ति गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के द्वारा समाप्त हो रही है। किसी को भी यदि ऐसा प्रतीत हो रहा हो कि संस्कृत भाषा कठिन है तो वह आंनलइन संस्कृत सम्भाषण योजना तथा गृहे गृहे संस्कृतम् योजना में जुड़कर संस्कृत भाषा को सरल रीति सीख सकता है। तथा संस्कृत के ग्रन्थों को ठीक से समझा सकता है। ऑनलाइन समन्वयक श्री दिव्यरंजन जी ने योजना का विषयोपस्थापन किया। उन्होने कहा कि इस योजना से संस्कृत को सीखे ही नहीं अपितु इसे आचरण में लाने की महती आवश्यकता है।

## प्राथमिक विद्यालय को आईडीबीआई बैंक ने की सहायता



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** काकोरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भटखेरवा में छात्रों, अभिभावकों, और शिक्षकों में उस वक्त खुशी की धारा प्रवाहित हो गई जब आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों ने छात्रो के बैठने के लिए 15 सेट बेंच और डेस्क, छात्रों और विद्यालय के अभिलेख के लिए 3 आलमारियां, और 40 लीटर का वॉटर कूलर भेंट किया। आज आईडीबीआई बैंक की शाखा प्रमुख शगुफ्ता खान, ब्रांच अधिकारी उजमा आब्दी, रीजनल अधिकारी अजय रावत जी ने विद्यालय पहुंच कर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरशद अब्बास, ग्राम प्रधान कांति देवी को उपरोक्त सामान सहायता स्वरूप भेंट कर समाज के प्रति बैंक का योगदान समर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका दीपिका कन्नौजिया, शाहीन रिज़्वी शिक्षा मित्र ममता देवी एवं रसोईया लीला श्रीवास्तव, पुष्पा शर्मा तथा विद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राज्य कार्यकारणी भंग



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। ज्ञात रहे कांग्रेस के तेजतर्रार नेता इमरान प्रतापगढ़ी राज्यसभा सांसद होने के साथ साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं और इमरान प्रतापगढ़ी की कयादत में अल्पसंख्यक विभाग ने बहुत तेज़ी से नई ऊंचाइयों को छुआ है और सारे देश में अल्पसंख्यक विभाग का जनाधार बहुत तेज़ी से बढ़ा है कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के मीडिया प्रभारी अदनान अशरफ ने बताया कि राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारणी को भंग कर दिया है और उनके इस आदेश से प्रदेश, ज़िला और शहर कार्यकारिणी भी भंग हो गई हैं। ज्ञात रहे सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश प्रभारी रूबी खान से कहा है कि जल्द से जल्द नई कार्यकारिणी का गठन किया जाए और सक्रिय कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवाओं को नई कमेटी में स्थान दिया जाए जिससे उत्तर प्रदेश में भी विभाग को मजबूती प्रदान की जा सके।

## इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में लगभग चार हज़ार छात्रों को मिली डिग्री

- जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता: मानवेन्द्र सिंह
- विदेशों में भी खुलेगा इंटीग्रल यूनिवर्सिटी: प्रो. वसीम अख्तर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह कार्यक्रम आज आयोजित हुआ इसमें छात्र-छात्राओं को मेडल और उपाधि दी गई। सोमवार को कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का 16वां दीक्षांत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया। कुंवर मानवेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय से स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी करने वाले 3830 विद्यार्थियों को उपाधि देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया। कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी मेहनत के साथ जूझना पड़ता है। मेहनत करें और आगे बढ़ें।

दीक्षांत समारोह अकादमिक उत्कृष्टता, नेतृत्व और नवाचार का एक ऐतिहासिक क्षण साबित हुआ। इस प्रतिष्ठित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कंवर मनविंदर सिंह उपस्थित थे, जो अपने कुशल नेतृत्व और उत्कृष्ट नीति निर्माण में प्रभावशाली योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनकी बहुमूल्य उपस्थिति ने न केवल इस समारोह की महत्ता और प्रतिष्ठा को बढ़ाया, बल्कि स्नातक छात्रों पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। इस समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को विधि, प्रशासन और सार्वजनिक सेवा में उनकी असाधारण सेवाओं के लिए डी.लैट की मानद उपाधि प्रदान करने की घोषणा की थी, लेकिन वे अपनी व्यस्तता के कारण इस समारोह में शामिल नहीं हो सके। दीक्षांत समारोह में मुख्य भाषण डॉ. अरुण मैरा ने दिया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों से जीवन में निरंतर सीखते रहने का आग्रह किया और कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। सुनना भी शिक्षा का एक रूप है। हमें प्रकृति की आवाज़ सुननी चाहिए, उन लोगों की आवाज़ सुननी चाहिए जो हमसे अलग हैं, तभी हम सही मायने में शिक्षित हो सकते हैं। आपको बता दें कि डॉ. मायरा एक बेहद सम्मानित विचारक, भारत के योजना आयोग की पूर्व सदस्य, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (भारत) की पूर्व अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति हैं।इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने अपना 16वां वार्षिक दीक्षांत समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित किया, जिसमें अकादमिक उत्कृष्टता और कड़ी मेहनत को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मानद सभापति कंवर मानवेन्द्र सिंह इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि थे।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में योजना आयोग के पूर्व सदस्य, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अरुण मैरा, विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, प्रोफेसर डॉ. सैयद अहमद अख्तर, एसएसआर जावेद मुसरत व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ. सबा सिद्दीकी ने कार्यक्रम के संचालन दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, , ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि स्नातक करने वाले विद्यार्थियों से अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें । उन्होंने कहा कि वे वर्षों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आपको यह प्रण लेना चाहिए कि आप जीवन में कभी भी गलत रास्ता नहीं अपनाएंगे। भले ही उस रास्ते से कुछ समय के लिए कोई लाभ न मिले, लेकिन आगे चलकर वही रास्ता नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि हम विदेशों में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस खोलने की कोशिश कर रहे हैं। भाषण के अंत में प्रोफेसर वसीम अख्तर ने सभी मेहमानों का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया और उनकी उपस्थिति के लिए उनका धन्यवाद किया। प्रो-चांसलर सैयद नदीम अख्तर ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी सभी स्नातक छात्रों और पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई देती है, जिन्होंने अपनी शैक्षिक यात्रा में अटूट दृढ़ता और समर्पण का प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के मानद कुलपति प्रोफेसर जावेद मुसरत ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट में विश्वविद्यालय की अनेक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इंटीग्रल विश्वविद्यालय न केवल क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक प्रमुख पहचान बना चुका है। हम भविष्य में शिक्षा और नवाचार में अग्रणी रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।